रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹76,830 10 ग्राम
₹90,030 01 किलो
सेंसेक्स 77,155.79 -422.59
डॉलर 84.520 +0.166

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 07, संवत 2081 | रांची, शुक्रवार, 22 नवंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 287, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-12 मोदी गुयाना के 'द ऑर्डर ऑफ...

## कोलकाता से पटना जा रही बस हजारीबाग के गोरहर में पलटी

# सात यात्रियों की मौत, 25 से अधिक घायल




नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा (हजारीबाग)।** हजारीबाग जिले के बरकट्ठा प्रखंड के गोरहर में गुरुवार की सुबह लगभग 6:30 बजे कोलकाता से पटना जा रही एक यात्री बस (वैशाली) अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में सात यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 25 से अधिक के घायल हो गए। मृतकों में सबसे अधिक संख्या महिलाओं की है। एसपी अरविंद कुमार सिंह ने हादसे में अब तक सात लोगों की मौत की पुष्टि की है। यह हादसा गोरहर थाना से महज सौ मीटर की दूरी पर हुआ।

घायलों में पटना निवासी ऋषभ केशरी, विकास कुमार, रोहन कुमार, हल्दिया निवासी शोमैन सामंता, नंदिता मायती, मनीषा मायती, सुब्रोतो सामंता (आईसीयू में भर्ती), रिजु राज, मालदा निवासी कृष्णा मंडल, रंजन दास शामिल हैं। वहीं शगुफ्ता प्रवीण, सुजीत उपाध्याय को रांची के राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में बेहतर इलाज के लिए भेजा गया है। मृतकों में 55 वर्षीया राजकुमारी प्रसाद पति मोती चंद प्रसाद, 25 वर्षीया मिस्टी कुमारी पिता शंभुनाथ सामंतो हल्दिया, 45 वर्षीय फैजान मोईन कोलकाता निवासी शामिल हैं। तीन अन्य मृत महिलाओं और एक पुरुष की पहचान नहीं हो पाई है।

स्थानीय लोगों एवं जनप्रतिनिधियों के मुताबिक सड़क निर्माण के दौरान निर्माता कंपनी ने सड़क काटकर छोड़ दिया है। इस कारण बस अनियंत्रित हो गई और गड्ढे में पलट गई। चीख पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण पहुंचे। ग्रामीणों, गोरहर व बरकट्ठा थाने की पुलिस, सीओ बरकट्ठा, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव आदि के मदद से घायलों को बाहर निकाला गया। विदित हो कि वैशाली कंपनी की यह बस (डब्ल्यूबी 76ए1548) कोलकाता से पटना जा रही थी। मंजिल पर पहुंचने से पहले ही दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

दुर्घटनाग्रस्त हुई बस में यात्रा कर रहे ऋषभ कुमार ने बताया कि बुधवार को रात्रि 9:45 पर बाबू घाट कोलकाता से गाड़ी चली। रात करीब 2:00 बजे एक होटल में रुकी, जहां पर खलासी और ड्राइवर ने धूम्रपान किया। इसके बाद गाड़ी सुबह 6:00 बजे से 6:30 बजे के बीच नियंत्रित होते हुए नजर आई और करीब 6:35 पर गाड़ी पलटी खा गई। हादसे की सूचना मिलते ही डीएसपी अजित कुमार विमल, गोरहर थाना प्रभारी, बरकट्ठा थाना प्रभारी मय फोर्स मौके पर पहुंचे। इसके बाद राहत और बचाव कार्य तेज किया गया। घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाकर प्राथमिक उपचार करवाया गया।

## राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने जताया शोक



**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हजारीबाग में हुए सड़क हादसे पर शोक जताया है। राज्यपाल ने एक्स पर गुरुवार को ट्वीट कर कहा है कि हजारीबाग के बरकट्ठा में हुए सड़क हादसे की घटना अत्यंत दुखद और हृदयविदारक है। इस दुर्घटना में अपने प्रियजनों को खोने वाले शोकाकुल परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। ईश्वर से घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। वहीं, मुख्यमंत्री ने एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि हजारीबाग के बरकट्ठा में गुरुवार सुबह एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई। यहां के गोरहर थानाक्षेत्र में एक बस सुबह गड्ढे में गिर गई। इसमें कई लोगों की मौत होने की सूचना मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि सड़क हादसे में लोगों के मरने की खबर से मन दुखी है। परमात्मा दिवंगत लोगों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विषम घड़ी सहन करने की शक्ति दें। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल और अन्य घायलों को आवश्यक सहयोग और बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है।

## सभी ईवीएम स्ट्रांग रूम सील : के. रवि कुमार

नवीन मेल संवाददाता



- अभी दो स्तरीय सुरक्षा में है वज्रगृह
- कल सुबह आठ बजे से मतगणना होगी

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने गुरुवार को कहा कि दो स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था में सभी ईवीएम स्ट्रांग रूम (वज्रगृह) में स्क्रूटनी के बाद सील कर दिये गए हैं। पहले स्तर की सुरक्षा केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल के जिम्मे है। दूसरे स्तर की सुरक्षा व्यवस्था राज्य सशस्त्र बल के जवान संभाल रहे हैं। ये जानकारी उन्होंने गुरुवार को धुर्वा स्थित निर्वाचन सदन में पत्रकार वार्ता के दौरान दी। उन्होंने कहा कि मतगणना के दिन दो स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था त्रिस्तरीय हो जाएगी। तीसरे स्तर की सुरक्षा व्यवस्था राज्य पुलिस के जिम्मे होगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि दूसरे चरण में कुल 68.95 प्रतिशत मतदान हुआ है। पोस्टल बैलेट की गिनती के बाद मतदान प्रतिशत में और इजाफा होगा। उन्होंने बताया कि दोनों चरणों के मतदान का प्रतिशत 67.74 रहा है। मतदान में पुरुषों की अपेक्षा महिला मतदाताओं ने ज्यादा मतदान किया है। वहीं, शहर की अपेक्षा ग्रामीण मतदाता मतदान में आगे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग का फोकस इस बार समाज के हाशिए पर खड़े लोगों को भी मतदान का हिस्सा बनाने पर था। इसके तहत सुदूर इलाके में जंगल-पहाड़ पर बसेरा करने वाले से लेकर अलग-थलग रहने वाले कुष्ठ पीड़ितों तक को योजनाबद्ध तरीके से मतदान के लिए प्रेरित किया गया। के. रवि कुमार ने बताया कि झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में जामताड़ा के हांसीपहाड़ी स्थित स्नेहपुर में कुष्ठ पीड़ित मतदाताओं के लिए बनाए गए विशेष मतदान केंद्र में सभी 57 मतदाताओं ने अपने मत का इस्तेमाल किया। सामुदायिक भवन के मतदान केंद्र (362 आईवाई) मिहिजाम स्थित स्नेहपुर कुष्ठ आश्रम को सहायक मतदान केंद्र के रूप में गठित किया गया था।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि राज्य के सभी 24 जिला मुख्यालयों में मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। 23 नवंबर की सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी। 8.30 बजे से ईवीएम के मतों की गिनती शुरू की जाएगी। पहले राउंड के मतगणना का रिजल्ट 9.30 बजे संभावित है। उन्होंने बताया कि राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 207 करोड़ की अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती हुई है।

## खूंटी में पुत्र न होने से दुखी 4 बेटियों के पिता ने की खुदकुशी

**खूंटी।** मुरहू थाना क्षेत्र के सिंघा दुलुवा में बुधवार की देर रात चार बेटियों के एक पिता ने एक पेड़ पर फंदे से लटकर खुदकुशी कर ली। मृतक कुंजला पंचायत की मुखिया सावित्री देवी का देवर था। गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। स्वजनों से मिली जानकारी के अनुसार सिंगराय मुंडा की चार बेटियां हैं। बेटा ना होने के कारण वह तनाव में रहता था।

## रूस ने यूक्रेन पर बैलिस्टिक मिसाइल से किया हमला

**कीव।** यूक्रेन की वायु सेना ने दावा किया है कि रूस ने गुरुवार सुबह उसके खिलाफ पहली बार अंतर महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) से हमला किया। यह हमला यूक्रेन के निप्रो शहर पर किया गया था। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, यूक्रेन की वायुसेना ने टेलीग्राम पर बताया कि आईसीबीएम रूस के अस्त्राखन क्षेत्र से दागी गई थी। हालांकि इसमें मिसाइल के प्रकार के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है।




रांची के रातू रोड में हेसल स्थित देवी मंडप रोड में सीवरेज-ड्रेनेज के लिए खोदी गई नाली के बाद सड़क को मिट्टी से भर तो दिया गया है, लेकिन उसकी हालत ऐसी है कि भारी वाहनों के पहिए उसमें धंस जा रहे हैं। गुरुवार की सुबह सड़क पर डाली गई गीली हुई मिट्टी में एक गैस सिलेंडर लदा ट्रक फंस गया। इस कारण सुबह से ही आने-जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## पं. धीरेंद्र शास्त्री की सनातन जागरण के लिए पदयात्रा शुरू

**छतरपुर (हि.स.)।** मध्य प्रदेश के बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर



पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने सनातन के जागरण, हिंदुओं के बीच जातिभेदभाव, छुआछूत, अगड़े और पिछड़े का फर्क मिटाने के लिए गुरुवार से अपने धाम से नौ दिवसीय पदयात्रा शुरू की। इस यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पं धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की आध्यात्मिक पदयात्रा के लिए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि स्पष्टवादिता पं धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की विशेषता है। वे सनातन संस्कृति के उत्थान के उद्देश्य से यात्रा पर निकले हैं। प्रसन्नता का विषय है कि पदयात्रा के माध्यम से क्षेत्र में जन-जन को उनका मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्राप्त होगा। बालाजी मंदिर बागेश्वर धाम से आज बागेश्वर धाम के जयकारे और सनातन एकता, हिंदू एकता का उद्घोष कर पंडित धीरेंद्र शास्त्री की पदयात्रा का शुभारंभ हुआ।

## मतगणना से पूर्व आईएनडीआईए और एनडीए के दावे-प्रतिदावे

### दो तिहाई सीटें जीतकर वापसी कर रही हेमंत सरकार : सुप्रियो



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने गुरुवार को एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि राज्य की जनता लंबे समय तक चुनाव में व्यस्त रही। अब साल के अंत में नई सरकार बन कर आएगी। उन्होंने दो तिहाई सीटों पर जीत का दावा किया। कहा कि दो तिहाई सीटें जीतकर हेमंत सोरेन की सरकार वापसी कर रही है, ये तय है।सुप्रियो ने कहा, गांव के मुकाबले शहर में वोटिंग कम हुई है। गांव के मुकाबले शहर के लोगों की अपेक्षाएं ज्यादा रहती हैं, लेकिन जब वोट करने का समय आता है, तब गायब हो जाते हैं। कहा कि ये चिंता का विषय है।

उन्होंने कहा कि राजमहल, सारठ, बरकट्ठा, बरही, बड़कागांव, सिमरिया, बगोदर, गांडेय, गिरिडीह, डुमरी, गोमिया, चंदनकियारी, सिंदरी, निरसा, घाटशिला, जुगसलाई, जमशेदपुर, सरायकेला जैसे 59 ऐसे विधानसभा क्षेत्र ऐसे हैं, जहां आईएनडीआईए के उम्मीदवार जीत रहे हैं। हम दो तिहाई बहुमत से सरकार बनाने जा रहे हैं, ऐसा आंकड़े बता रहे हैं।

### 23 नवंबर तक ख्वाबों की दुनिया में रहे झामुमो : प्रतुल शाहदेव



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रेस वार्ता पर गुरुवार को पलटवार करते हुए कहा कि 23 नवंबर की शाम जब तक परिणाम नहीं आते, तब तक झामुमो ख्वाबों की दुनिया में रह सकती है। उन्होंने कहा यह कुछ भी दावे कर लें, छाती ठोक लें, लेकिन चुनाव परिणाम आने के बाद यह हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ने की तैयारी में है।

प्रतुल ने कहा, यह पहली बार हुआ है कि कोई दल दस्तावेज जारी करके यह बता रहा है कि कितने सीटों पर वह जीत दर्ज करेगी और प्रतिद्वंद्वी कितने सीट पर हारने वाले हैं। कहा कि हास्यास्पद बात है कि इस दस्तावेज में जहां भी झामुमो कड़ा मुकाबला दिखा रहे हैं, वह सभी कांग्रेस के हिस्से वाली सीटें हैं। यानी, उन्हें अपने गठबंधन पर ही विश्वास नहीं। प्रतुल ने कहा कि भले ही वह कागजों में जीत का बड़ा दावा कर रहे हों, लेकिन हकीकत में झारखंड की जनता ने राज्य के इतिहास की सबसे भ्रष्ट हेमंत सरकार को पूरे तरीके से खारिज कर दिया है। इस सरकार ने पिछले पांच वर्षों में सिर्फ लूट, खसोट और भ्रष्टाचार का कार्य किया है। भ्रष्टाचार को शिष्टाचार बनाकर संस्थागत रूप दे दिया। जनता पूरे तरीके से इनकी वादा खिलाफी से ऊब चुकी थी। 23 नवंबर को इनको बाहर का रास्ता दिखाने जा रही है।

प्रतुल ने कहा यह कागजों पर जीत का दावा कर रहे हैं। जमीनी हकीकत है कि जनता ने पूरे तरीके से गठबंधन को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। कोल्हान और संताल परगना प्रमंडल जिसे यह अपना गढ़ मानते थे, वहां भी उनकी करारी हार होने वाली है। भारतीय जनता पार्टी कई उन सीटों पर भी जीत दर्ज करने जा रही है, जहां उसने आजादी के बाद कभी जीत दर्ज नहीं की। प्रतुल ने कहा, भाजपा के पक्ष में जबरदस्त माहौल था और सत्ताधारी दल को उखाड़ फेंकने का लोगों में संकल्प था। इसकी परिणति 23 नवंबर को दिखेगी, जब एनडीए गठबंधन दो तिहाई बहुमत से जीतेगा।

## इंडिया | सोशल मीडिया पर ही लड़े जाने वाले हैं चुनाव, तो निरंतर हो नजर



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

पांच छः चरणों के बजाय दो चरणों में संपन्न हुए विधानसभा के चुनाव में पोस्टरों से सजी कार, बस या ऑटो में लगे झंडे, लाउडस्पीकर से प्रत्याशी को जिताने की अपील के साथ धुवांधार नारेबाज़ी और छोटे-छोटे प्लास्टिक या कागज़ के बिल्लों के लिए लपकते बच्चों वाला चुनाव प्रचार इस बार दिखा नहीं जैसे एक दशक पीछे होता था जिससे लगा नहीं चुनाव है । पर चुनाव आयोग के इस महापर्व ने छः इंच के मोबाइल फोन के स्क्रीन पर प्याले में तूफान मचा रखा था। पिछले एक दशक में तो फेसबुक, एक्स, व्हाट्सएप, यूट्यूब, इन्स्टाग्राम, स्नेपचैट के रूप में सोशल मीडिया चुनाव प्रचार अभियान का सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। शायद ही कोई राजनीतिक दल ऐसा होगा, जो इन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल अपनी बात रखने और प्रतिद्वंद्वियों के आरोपों का जवाब देने के लिए न कर रहा हो। जनसंचार के टू-स्टेप थ्योरी के अलावा एक मनोवैज्ञानिक सच्चाई है कि हमें अनूठी और अद्भुत सूचनाएं चाहिए जो पारंपरिक माध्यम से हटकर हों या उसमें दबाई छुपाई गईं हों । सूचनाओं को सबसे पहले और सबसे तेजी से पहुंचाने की होड़ में गलत,भ्रामक या डीपफेक से बनी फर्जी ऑडियो वीडियो में अंतर कर पाना बहुत आसान नहीं जबकि बहुत से लोग इन्हें सही मान लेते हैं जबकि मीडिया ने कुछ कहा या दिखाया उसे तुरंत नहीं मानते । उन्हें समझने के लिए एक ओपिनियन लीडर होता है, जिसकी बात सुनी और कई बार मानी भी जाती है।आज भारत में शौचालय से ज्यादा स्मार्ट फोन है और किसी ऐसे किसी व्यक्ति की सोशल मीडिया तक पहुंच का मतलब सोशल मीडिया के वर्चुअल प्रचार के वास्तविक दुनिया में विस्तार की संभावना कई रास्ते खोल रहा है और ढेरों सवाल भी खड़े कर रहा है। इस बार के चुनाव में बड़े नेताओं के अलावा अनजान की भी पहचान का माध्यम सोशल मीडिया ही बना । अनेक मुद्दे उछाले गए हालांकि भाषा और अशिक्षा की समस्या के कारण कुछ सामाजिक समूहों में अभी इंटरनेट का पर्याप्त विस्तार नहीं हुआ है जैसे दलित, आदिवासी, मुसलमान और ग्रामीण उन्हें प्रभावित करने के लिए उन्हीं की भाषा में तो इस बार कम प्रचार हुआ पर उनके घरवालों तक बहुत से संदेश जरूर पहुंचे अब देखना है उनमें यह किस रूप में असर दिखाएगा ?सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए चुनाव आयोग ने सभी राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों के ज़रिये सोशल मीडिया पर पोस्ट की जाने वाली सामग्री को चुनाव आचार संहिता के दायरे में लाने का फैसला 2014 के आम चुनाव के दौरान किया था ।तब चुनाव आयोग का कहना था कि चुनाव में पारदर्शिता और बराबरी के अवसर बनाए रखने के लिये सोशल मीडिया पर नियंत्रण की ज़रूरत है ।चुनाव आयोग का यह भी कहना था कि सोशल मीडिया पर चुनाव कानूनों का निश्चित रूप से उल्लंघन होता है ।सोशल मीडिया में किए गए खर्च का हिसाब देना अनिवार्य होगा साथ ही राजनीतिक दल और उम्मीदवार अपने सोशल मीडिया एकाउंट्स से असत्यापित विज्ञापन, सुरक्षाकर्मियों की तस्वीरें, नफरत भरे भाषण व झूठी खबरें



पोस्ट नहीं कर सकेंगे। ऐसा कोई भी कंटेंट पोस्ट करना प्रतिबंधित है, जिससे चुनावी प्रक्रिया बाधित हो या शांति, सामाजिक सद्भाव और सार्वजनिक व्यवस्था को खतरा उत्पन्न हो ।ज़िला और राज्य स्तर पर मीडिया प्रमाणन और निगरानी समितियाँ बनाई गई हैं। प्रत्येक स्तर पर एक सोशल मीडिया विशेषज्ञ भी इस समिति का हिस्सा होगा। सोशल मीडिया पर जारी किये जाने वाले सभी राजनीतिक विज्ञापनों के लिये इस समिति से पूर्व प्रमाणीकरण की आवश्यकता होगी ।प्रभावी माध्यम है सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर फेसबुक और एक्स के माध्यम से तो राजनीतिक दलों और राजनेताओं की सक्रियता स्पष्ट देखने को मिलती है। इधर पिछले कुछ समय से फेसबुक का एक फीचर फेसबुक लाइव चुनाव प्रचार का एक महत्त्वपूर्ण माध्यम बनकर उभरा है। जनसभाओं, रैलियों, नामांकन को बाकायदा लाइव प्रसारित किया जाता है। इसके अलावा राजनीतिक दल और बड़े नेता अपने फैंस क्लब सोशल मीडिया में चला रहे हैं। पार्टी के कार्यक्रमों की जानकारी देने के साथ ही विभिन्न विषयों पर अपनी बात लोगों के बीच रखने के लिए सभी बड़े राजनीतिक दलों ने सोशल मीडिया सेल बना रखे हैं। इनका काम समय-समय पर उठने वाले विभिन्न विषयों पर अपनी बात को प्रभावी ढंग से रखने के लिये कंटेंट (ऑडियो-वीडियो) तैयार करना होता है, जिसे सोशल मीडिया में प्रस्तुत किया जाता है ।फेसबुक, ट्विटर और व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स ने स्वेच्छा से एक आचार संहिता तैयार कर चुनाव आयोग को सौंपी थी इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया(आइएएमएआइ) और फेसबुक, व्हाट्सएप, एक्स, गूगल, शेयर चैट तथा टिक टॉक आदि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स ने मिलकर यह आचार संहिता तैयार की थी । इसमें कोई दो राय नहीं कि आगामी चुनावों के दौरान सोशल और डिजिटल मीडिया लोगों की राय को प्रभावित करने में बड़ी भूमिका निभाएगा और इसकी अनदेखी करने वाले घाटे में रहेंगे ।आवश्यकता इस बात की है कि सोशल मीडिया पर निरंतर नजर रखी जाए।

## पीएम ने गुयाना की संसद को किया संबोधित, बोले

# 'डेमोक्रेसी फर्स्ट, ह्यूमैनिटी फर्स्ट' से ही वैश्विक समस्याओं का समाधान

एजेंसी



- कहा, भारत-गुयाना के बीच गर्मजोशी भरे रिश्ते

**जॉर्जटाउन (आईएएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को यहां गुयाना की संसद के एक विशेष सत्र को संबोधित किया। उन्होंने इस सम्मान के लिए गुयाना के लोगों का आभार जताते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच गर्मजोशी और स्नेह से भरे संबंध रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा, कल ही गुयाना ने मुझे अपना सर्वोच्च सम्मान दिया। इस सम्मान के लिए मैं गुयाना के प्रत्येक नागरिक को दिल से धन्यवाद देता हूं। मैं यह सम्मान भारत के प्रत्येक नागरिक को समर्पित करता हूं। भारत और गुयाना के बीच रिश्ता बहुत गहरा है। यह मिट्टी, पसीने और मेहनत का रिश्ता है। लगभग 180 साल पहले गुयाना की धरती पर पहले भारतीय ने कदम रखा था। ऐसे में तब से लेकर अब तक सभी परिस्थितियों में भारत और गुयाना के बीच संबंध गर्मजोशी और स्नेह से भरे रहे हैं।

पीएम मोदी ने बताया कि प्रधानमंत्री बनने से पहले आज से 24 साल पूर्व भी 'एक जिज्ञासु के रूप में' वह इस खूबसूरत देश की यात्रा कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि वह गुयाना की विरासत के बारे में जानना चाहते थे, इसके इतिहास को समझना चाहते थे। उन्होंने कहा, गुयाना में आज भी ऐसे कई लोग हैं,

शेष पेज 11 पर

# फुर्सत के क्षण में सीएम व कल्पना, 'एक्स' पर शेयर की तस्वीर





**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन (पत्नी) ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वे रिलैक्स करते नजर आ रहे हैं।

**फुर्सत के क्षण :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर तस्वीरें शेयर की हैं। उन्होंने लिखा है चुनाव प्रचार समाप्ति पर फुर्सत के कुछ क्षण। तस्वीर में कल्पना सोरेन उनके सिर में मालिश करती दिख रही हैं।

**मां की छांव में :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने भी सोशल मीडिया 'एक्स' पर तस्वीरें शेयर की है। उन्होंने लिखा है 'चुनावी सभाओं और कल खत्म हुए मतदान के बाद आज मां की छांव में'। झारखंड में दो चरणों में हुए मतदान में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों की जीत के लिए कल्पना सोरेन ने राज्य में कई सभाएं कीं।

# मतगणना को लेकर यातायात व्यवस्था में किया गया बदलाव



## कल रांची शहर में यातायात व्यवस्था निम्न प्रकार होगी

- सुबह 08:00 बजे से रात्रि 08:00 बजे तक पिस्का मोड़ से तिलता चौक रिंग रोड़ तक छोटे मालवाहक/ऑटो/ई-रिक्शा/बस का प्रवेश एवं परिचालन वर्जित रहेगा।
- अपराह्न 02:00 बजे से रात्रि 09:00 बजे तक रांची शहर में छोटे/बड़े मालवाहक वाहनों का प्रवेश एवं परिचालन वर्जित रहेगा।
- सुबह 08:00 बजे से रात्रि 08:00 बजे तक पिस्का मोड से पंडरा एवं काठीटांड़ की ओर जाने वाले सभी ऑटो/ ई-रिक्शा/बस पिस्का मोड से बाये मुड़कर कटहल मोड़ होते हुए अपने गंतव्य स्थान तक जा सकते हैं।
- तिलता रिंग रोड से पिस्का मोड की ओर आने वाले ऑटो/ई-रिक्शा/बस तिलता चौक से बाएं या दाएं मुड़कर रिंग रोड़ से अपने गंतव्य स्थान तक जा सकते हैं।
- न्यू मार्केट चौक से पिस्का मोड़, पिस्का मोड़ चौक से तिलता चौक रिंग रोड बीच के मार्ग का उपयोग शहर में प्रवेश एवं बाहर जाने के लिए कम से कम करें।
- आवश्यकतानुसार विजय जुलूस के दौरान अन्य मार्गों को अल्प समय के लिए डाइवर्ट और रोका किया जा सकता है।

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जिले के प्रथम/द्वितीय चरण में हुए मतदान की मतगणना 23 नवंबर को कृषि उत्पादन बाजार समिति पण्डरा अवस्थित ब्रज गृह में होना है। मतगणना के दिन विभिन्न प्रत्याशियों एवं उनके सहयोगी हजारों की संख्या में उपस्थित होंगे। चुनाव में विजय हुए प्रत्याशी एवं उनके सहयोगियों द्वारा विजय जुलूस निकाली जायेगी, जिसमें काफी संख्या में आम लोगों का भीड़-भाड़ एवं वाहनों की आवाजाही होगी। उक्त अवसर पर यातायाता व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

### अथक परिश्रम के बाद दिल्ली लौटे शिवराज सिंह चौहान, कहा

# झारखंड की मीठी यादें साथ लेकर जा रहा हूं



- *पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी के साथ किया अनौपचारिक संवाद, साथ में किया जलपान*
- *कार्यालय के कर्मियों से मिले, साथ बैठे, हाल चाल जाना*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केन्द्रीय कृषि मंत्री और झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान गुरुवार को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, संगठन मंत्री सहित भाजपा पदाधिकारियों को निवास पर आमंत्रित किया। साथ ही अनौपचारिक बैठक कर विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। वहीं शिवराज सिंह चौहान ने सभी पदाधिकारियों को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की।

इसके बाद शिवराज सिंह चौहान भाजपा कार्यालय पहुंचे और कार्यालय में कार्यरत सफाईकर्मी, लिफ्टमैन, खाना बनाने वाले सहित सभी कर्मचारियों को चुनाव में अथक परिश्रम और सहयोग के लिए धन्यवाद किया। इस दौरान सभी कार्यकर्ता एवं कर्मचारियों ने श्री चौहान से अपने अनुभव साझा किए। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, भारतीय जनता पार्टी एक परिवार है, परिवार में कोई मंत्री रहता है, कोई मुख्यमंत्री रहता है, लेकिन सभी कार्यकर्ता एक परिवार है जो एक राष्ट्र पुनरुत्थान के मिशन में लगे हुए है।

चुनाव में उन्होंने ने भी दिन और रात मेहनत की है। आज उन सभी से स्नेहिल मुलाकात कर चर्चा की है। वहीं शिवराज सिंह ने कहा कि, झारखंड से बड़ी मीठी स्मृतियाँ लेकर जा रहा हूँ। ये बड़ा अद्भुत प्रदेश है, यहां बहुत संभावनाएं है। यहाँ की जनता ने बहुत स्नेह और प्यार दिया है।

कल चुनाव अभियान का अंतिम दिन था, आज यहां से प्रभारी के तौर पर विदा ले रहा हूं लेकिन केंद्रीय मंत्री के तौर पर झारखंड आता रहूंगा और अपने मंत्रालयों के माध्यम से झारखंड के विकास और यहां की जनता के कल्याण के लिए हर संभव प्रयास करता रहूंगा।

## झारखंड में बनेगी एनडीए की सरकार : बीरेंद्र प्रधान



**रांची।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश अध्यक्ष बीरेंद्र प्रधान ने झारखंड में एनडीए की सरकार बनने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि लोजपा को मिली चतरा सीट के साथ एनडीए 50 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को आम जनता ने स्वीकारा है और प्रदेश की जनता ने एनडीए को अपना आशीर्वाद दिया है। वर्तमान सरकार की कार्यप्रणाली से जनता में आक्रोश देखा गया है। महागठबंधन की हेमंत सरकार विकास के हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। झारखंड की जनता यह समझ चुकी है कि प्रदेश का विकास केवल एनडीए से ही संभव है। केंद्र और राज्य में डबल इंजन की सरकार रहेगी और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य का विकास होगा। प्रदेश में एनडीए की जीत सुनिश्चित करने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान, जमुई सांसद एवं झारखंड चुनाव प्रभारी अरुण भारती, खगड़िया सांसद एवं झारखंड के चुनाव सह प्रभारी राजेश वर्मा व प्रदेश अध्यक्ष बीरेंद्र प्रधान ने अपनी टीम के साथ लगातार दौरा एवं जनसंपर्क किया।

# नगर निगम ने की मतगणना स्थल की सफाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** 23 नवंबर को होने वाले मतगणना को लेकर नगर आयुक्त संदीप कुमार के निर्देश पर पंडरा स्थित मतगणना परिसर व आस-पास के क्षेत्रों में विशेष सफाई व्यवस्था की जा रही है। छह वाटर टैंकर, तीन चलंत शौचालय और 24 डस्टबीन उक्त स्थान पर रखा गया है।



# भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में पहुंची मुख्य सचिव





*रांची। मुख्य सचिव अलका तिवारी नई दिल्ली स्थित प्रगति मैदान में आयोजित भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले के झारखंड पवेलियन में पहुंची। जहां सुलेखा कुमारी के नागपुरी कला दल ने पारंपरिक स्वागत किया । मुख्य सचिव ने मेले में प्रदर्शित झारखंड के प्रदर्शों का निरीक्षण किया ।*

### मतदान के बाद राजधानी वासियों ने दी प्रतिक्रियाएं , कहा

# नई सरकार काम काज का तरीका बदले, जनता से मिले

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में बुधवार को विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में 38 सीटों पर शांतिपूर्वक मतदान हुआ, जिसमें 1.23 करोड़ मतदाताओं में से 68 प्रतिशत ने मतदान किया। इस से पहले 13 नवंबर को झारखंड के 43 विधानसभा सीटों पर मतदाताओं ने मतदान किया था। मतदान के बाद आने वाली सरकार में बदलाव होगा या यही सरकार रहेगी ये तो 23 नवंबर को पता चलेगा। लेकिन राजधानी रांची के चौक चौराहों पर ये चर्चा हो रही की सरकार से क्या-क्या अपेक्षाएं है। जहां एक ओर कई राजनेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर है, वहीं दूसरी ओर जनता भी नई सरकार का इंतजार बेसब्री से कर रही हैं। झारखंड में नई सरकार को लेकर जनता के बीच कशमकश का माहौल है। इसी क्रम में राष्ट्रीय नवीन मेल ने जनता के बीच जाकर जनता का आधार जानने की कोशिश की और जाना की झारखंड राज्य कि राजनीति से कितनी संतुष्ट है झारखंड की जनता।

## झामुमो की वापसी पर हेमंत हो सीएम, भाजपा आए तो बाबूलाल है पसंद

### झारखंड में पांच वर्ष में सरकार बदला जाना चाहिए : सुरेश चंद्र तिवारी

**सरकार जनता की परेशानियों पर बात करे : अन्य व्यापारी**

रांची विधानसभा क्षेत्र के व्यापारियों ने कहा चुनाव के रिजल्ट का बेसब्री से इंतजार है। झारखंड में सरकार का बदलाव होना चाहिए। उन्होंने कहा पांच वर्षों में सरकार बदला जाना चाहिए लेकिन जनता के कामों में रुकावट नहीं होनी चाहिए। झारखंड की चुनावी राजनीति पर व्यापारी सुरेश चंद्र तिवारी ने कहा कि चुनाव के दौरान राजनेता अपनी भाषा की मर्यादा को तार-तार करते हैं। यह राजनीति का तरीका नहीं है। बीते वर्षों की बात करें तो राजनीति का स्तर काफी गिरा है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक पार्टियां चुनाव के दौरान कई तरह के प्रलोभन देते हैं जो अनैतिक है। जनता को फ्री में रूपए या राशन बांटने के बजाय जनता के बीच रोजगार बांटे ताकि जनता आलसी ना बने और अपनी मेहनत से रुपए कमाए। वहीं अन्य व्यापारी ने कहा कि केंद्र और राज्य में एक ही पार्टी की सरकार होनी चाहिए। उन्होंने कहा यदि झारखंड में भाजपा को बहुमत मिलेगी तो मुख्यमंत्री के पद पर बाबूलाल मरांडी को बिठाया जायेगा और अगर इंडिया गठबंधन को बहुमत मिली तो हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री का ताज मिलेगा।

### डबल इंजन की सरकार होनी चाहिए : कमल जैन

**नई सरकार से कई उम्मीदें हैं : सुनील जैन**

कमल जैन, सुनील जैन और रंजित सिंह पेशे से व्यापारी है तीनों व्यापारियों ने कहा झारखंड में मौजूदा सरकार ने व्यापारियों पर बिलकुल ध्यान नहीं दिया। राज्य में व्यापारियों की हालत खराब है। नई सरकार से उम्मीद है कि झारखंड के व्यापरियों के लिए काम करे। वहीं कहा कि सिर्फ व्यापारियों के लिए नहीं बल्कि झारखंड की जनता के लिए बेहतर सरकार बनने की उम्मीद है। झारखंड में डबल इंजन की सरकार होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जरुरी नहीं कि वह भाजपा या कांग्रेस ही हो बल्कि दोनों में से किसी की भी सरकार हो लेकिन डबल इंजन की हो। नई सरकार से कई उम्मीदें हैं।

### बिना मतदान किए जनता को सरकार के ऊपर आरोप लगाने का कोई अधिकार नहीं : संजय महतो



संजय महतो ने कहा- इस बार झारखंड विधानसभा चुनाव में बहुत ही कम मतदान हुआ है। रांची शहरी इलाके की अधिकतर जनता ने मतदान नहीं किया। बिना मतदान किए जनता को अधिकार नहीं है कि कोई भी सरकार को बदनाम करे। चाहे वह किसी की भी सरकार हो। उन्होंने कहा कि चुनाव में जनता के बीच प्रलोभन की बरसातें की जाती है। घोषणापत्र में कई तरह के वादे किये जाते हैं। वहीं नई सरकार बनते ही सभी वादे दफन हो जाते हैं। ऐसे में जनता की भावनाओं के साथ सरकार को नहीं खेलना चाहिए।

### नई सरकार जनता को जमीनी स्तर से जाने : अनिल सिंह



अनिल सिंह ने कहा- झारखंड में ऐसी सरकार बनाई जानी चाहिए जो जनता को सिर्फ अपने स्तर से नहीं बल्कि जमीनी स्तर से जाने। जनता को अपने प्रतिनिधि पर भरोसा और उससे कई उम्मीदें होती है। इसी भरोसे पर जनता मतदान भी करती है। इसलिए जन प्रतिनिधि जनता के बीच जाकर उनकी परेशानियों को सुने। सरकार या उनके प्रतिनिधि जनता की परेशानियों को सुनेंगे तब ही जनता को सरकार से उम्मीदें रहेगी।

### ₹1000 या ₹2100 देना समस्या का समाधान नहीं : अभिषेक कुमार प्रसाद



अभिषेक कुमार प्रसाद ने कहा- सरकार आम आदमी के ऊपर ध्यान दे न की चुनाव के वक्त प्रलोभन। ₹1000 या ₹2100 देने से जनता की समस्याओं का समाधान नहीं होगा। उन्होंने कहा जनता की समस्याओं का समाधान रोजगार व शिक्षा से होगा। उन्होंने कहा कि पहले और आज की राजनीति में अंतर है। पहले राजनीति और राजनेता दोनों में स्वच्छता थी।

### लोक व राज्य हित में काम करने वाली सरकार हो : दीपक

झारखंड की राजनीति पर दीपक कुमार ने कहा कि यहां राजनीति में स्वच्छता नहीं रही। जनता के बीच प्रतिनिधि जिस तरह से आपस में बहस करते हैं या अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते है इस से जनता के बीच गलत प्रभाव पड़ता है। यह सब करने के बजाय प्रतिनिधियों को लोक और राज्य हित के लिए काम करना चाहिए।

### विधानसभा चुनाव संपन्न 2024

# डॉ लंबोदर महतो ने प्रोजेक्ट विद्यालय में बच्चियों को पढ़ाया



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** लंबोदर महतो गुरुवार को चुनावी थकान व व्यस्तता को पीछे छोड़ते हुए पेटरवार प्रखंड अंतर्गत सदमा कलां पंचायत के चंद्रपुरा गांव के अपने आवास से पहले सुबह टहलने निकल गए और आसपास के गांवों में जाकर बड़े बुजुर्गों से मिलकर आशीर्वाद लिया। छोटों को स्नेह दिया।साथ ही कई लोगों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना व कुशल क्षेम भी पूछा। इसके बाद आवास लौटकर उन्होंने स्नान करने और पूजा पाठ की। इसके बाद आवास में विभिन्न इलाकों से आए लोगों से बारी-बारी से मिले और फीड बैक लिया। साथ ही असम से आए भाजपा नेताओं से भी मिले। इस बीच बारी-बारी से समाचार पत्रों को पढ़ा। जहां चुनावी खबरों को देखा वहीं देश दुनिया का भी हाल जाना। दोपहर एक पेटरवार के ही प्रोजेक्ट बालिका प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में जाकर करीब एक घंटा पढ़ाया। इसके बाद पेटरवार चौक आकर समाधान केंद्र में गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी की मौजूदगी में एनडीए के नेताओं, कार्यकर्ताओं व समर्थकों के बीच चुनाव अभियान व मतगणना के बाद मिल रहे संकेत व रूझान को लेकर मंत्रणा की। डॉ लंबोदर महतो के चेहरे पर तनिक भी थकान का भाव देखने को नहीं मिला। यहां से निकल कर देर शाम तक लोगों से मिलते रहे। इस बीच कहा कि गोमिया विधानसभा क्षेत्र के गोमिया, पेटरवार व कसमार की जनता का अपार प्रेम व स्नेह हमें प्राप्त हुआ है। समस्त जनता का आभारी हूं। साथ ही एनडीए घटक दल के लोगों के साथ-साथ वैसे सभी लोगों का भी मैं आभारी हूं जिन्होंने प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से अपना अपना मुझे सहयोग व समर्थन दिया है।

# तिब्बती नागरिकों के गर्म कपड़े का पोताला मार्केट शुरू

## तिब्बती बच्चों का चीन पढ़ाई के नाम पर कर रहा है ब्रेन वॉश

**मनोज मिश्रा**




**रांची।** पिछले 53 वर्षों से रांची में पोताला तिब्बतीयन मार्केट लगाया जाता है। इस बार 58 दुकानें लगी है। अरूणाचल प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड,बिहार से लोग आकर अपनी दुकान लगाए हैं। इन दुकानों में गर्म कपड़े सस्ते दरों पर बेचा जाता है। बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं सबके लिए अच्छे-अच्छे डिजाईनों की गर्म कपड़े यहां मिलती है। इसलिए पोताला मार्केट गर्म कपड़े खरीददारों का मुख्य आकर्षण होता है।

पोताला तिब्बतीयन मार्केट के नाम से संबंधित सवाल राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने बाजार के उपाध्यक्ष रिजींग लावंग से पूछा। उन्होंने बताया कि पोताला बाजार नाम रखने का कारण है कि हमलोग तिब्बत से आए हैं, हमारे पूर्वज तिब्बत के थे, अभी हमलोग भारत में शरणार्थी हैं। तिब्बत की राजधानी ल्हासा में धर्म गुरु दलाई लामा का महल है जिसका नाम पोताला है। इसी से बाजार का नाम पोताला बाजार रखा गया है। तिब्बतियन बाजार नाम इसलिए रखा गया है कि देश-दुनिया के लोग तिब्बत को एक देश के रूप में जाने और तिब्बत की वर्तमान स्थिति पर गंभीरता से ध्यान दें। तिब्बत चीन को सौंपे जाने का दर्द बयां करते हुए शरणार्थी दुकानदारों ने आत्मीय बातचीत में बताया कि चीन तिब्बत के बच्चों को जबरदस्ती पढ़ाई के नाम पर पकड़ कर ले जाता है और वहां बच्चों का ब्रेन वॉश करता है। श्री लावंग बताया कि ऑन-लाइन शापिंग का प्रभाव इस बाजार पर पड़ा है। इस कारण भीड़ कम है लेकिन निराशाजनक स्थिती भी नहीं है। 15 अक्टूबर से तिब्बती नागरिकों का गर्म कपड़े का पोताला मार्केट शुरू हो गया है। यह जनवरी के अंतिम सप्ताह तक रहेगा। किफायती उनी वस्त्रों के सजे रंग बिरंगे बाजार में गुणवत्तापूर्ण कपड़े उपभोक्ताओं को संतुष्ट करते हैं। अरूणाचल प्रदेश से आए दुकानदार ने कहा कि बच्चों के लिए 100 रुपए से 600 रुपए के गर्म कपड़े हैं। दार्जिलींग से अमीषा और अर्पणा ने कहा कि जैकेट 800 रुपए से 1700 रुपए तक के हैं। ब्लेजर 1700 रुपए से 2600 रुपए तक की है। बिहार से आए संजय कुमार ने बताया कि 500 रुपए से 4000 रुपए तक के कंबल यहां हैं।

## बीएयू के शिक्षकेत्तर कर्मियों को एसीपी-एमएमसीपी देने पर निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस डॉ एसएन पाठक की अदालत ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय को शिक्षकेतर कर्मियों को एसीपी और एमएसीपी देने पर विचार करने निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि पूर्व में इस तरह के मामले में फैसला दिया जा चुका है। यह मामला भी उन मामलों से संबंधित है। इसलिए विश्वविद्यालय चार सप्ताह में निर्णय ले। कोर्ट ने यह कहते हुए याचिका निष्पादित कर दी। इस संबंध में शिक्षकेतर कर्मचारी संघ की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। सुनवाई के दौरान प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता मुकेश कुमार सिन्हा ने कोर्ट को बताया कि बिरसा कृषि विवि प्रबंधन की ओर से शिक्षकेतर कर्मियों को एसीपी और एमएसीपी देने का निर्णय लिया गया। इसको लेकर जारी आदेश में कहा गया कि सितंबर 2023 में एरियर के साथ कर्मियों को भुगतान किया जाएगा। लेकिन, अभी तक भुगतान नहीं किया गया है। हाईकोर्ट ने एक समान मामले में आरयू और विनोबा भावे विवि के शिक्षकेतर कर्मियों को एसीपी और एमएसीपी देने पर निर्णय लेने का निर्देश दिया था। यह मामला पूरी तरह के उस आदेश के अंतर्गत आता है। इस दौरान सरकार और बीएयू के अधिवक्ता ने भी इस पर सहमति जताई। जिसके बाद कोर्ट ने मामले को निष्पादित करते हुए बीएयू को निर्णय लेने का आदेश दिया।

## डोरंडा कॉलेज में राष्ट्रीय सेमिनार के ब्रोशर का विमोचन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डोरंडा कॉलेज में आईसीएसएसआर प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार के ब्रोशर का विमोचन गुरुवार को किया गया। प्राचार्य डॉ आरके शर्मा और आयोजन समिति ने ब्रोशर का विमोचन किया। इसमें सेमिनार थीम, कार्यक्रम रूपरेखा, मुख्य वक्ताओं की सूची और अन्य जानकारियां दी गई हैं। सेमिनार 11 एवं 12 जनवरी को आयोजित होगा। भारतीय ज्ञान परंपराः एक प्राच्य पुनर्जागरण विषय पर दो दिन व्यापक चर्चा और विचार-विमर्श होगा।

## न्यूज बॉक्स

### पावर ब्लॉक को लेकर ट्रेनें रद्द रहेंगी

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल के अंतर्गत विकास कार्य के लिए ट्रैफिक तथा पॉवर ब्लॉक लिया जाएगा। अतः ट्रेन संख्या 18035/18036 खड़गपुर - हटिया - खड़गपुर एक्सप्रेस ट्रेन, यात्रा प्रारम्भ 24 नवंबर को रद्द रहेगी।

### टाना भगत संघ का शिष्टमंडल राज्यपाल से मिला



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को अखिल भारतीय राष्ट्रीय स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत संघ का एक शिष्टमंडल दीपक टाना भगत के नेतृत्व में राजभवन में भेंट की। राज्यपाल ने शिष्टमंडल से वार्ता के क्रम मेन टाना भगत की विभिन्न समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना।

### पैरालंपिक एसोसिएशन मिला राज्यपाल से



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को पैरालंपिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड का एक प्रतिनिधिमंडल सचिव सरिता सिन्हा के नेतृत्व में राज भवन में भेंट की तथा एसोसिएशन की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया। उक्त अवसर पर शिष्टमंडल द्वारा विभिन्न विषयों से संबंधित एक ज्ञापन समर्पित किया।

### कई ट्रेन रहेगी रद्द व कई के मार्ग बदले गये

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत विकास कार्य के लिए ब्लॉक लिया जाएगा । इस दौरान कई ट्रेनें रद्द रहेंगी। ट्रेन संख्या 18601/18602 टाटानगर-हटिया- टाटानगर एक्सप्रेस, यात्रा प्रारम्भ 24 से 27 नवंबर तक रद्द रहेंगी। ट्रेन संख्या 08151/08152 टाटानगर - बरकाकाना - टाटानगर पैसेंजर, यात्रा प्रारंभ 24 से 27 नवंबर तक रद्द रहेंगी।



**परिवर्तित मार्ग से चलेगी ट्रेने :** ट्रेन संख्या 22892 रांची - हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस यात्रा प्रारम्भ 28 नवंबर को अपने निर्धारित मार्ग कोटशिला, पुरुलिया, टाटानगर, खड़गपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग कोटशिला, राजाबेड़ा , जमुनियाटांड, आद्रा, मेदिनीपुर, खड़गपुर होकर चलेगी।

### जीएम ने किया हटिया-ओड़गा रेलखंड का निरीक्षण

**रांची।** दक्षिण-पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक एके मिश्रा गुरुवार को रांची पहुंचे, जिन्होंने हटिया-ओड़गा रेलखंड में जारी डबलिंग कार्य का निरीक्षण किया। इसी क्रम में अमृत भारत स्टेशन के निर्माण कार्य के अलावा हटिया स्टेशन के रि-डेवलपमेंट का भी जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मौके पर डीआरएम जसमित सिंह बिंद्रा, सीनियर डीसीएम निशांत कुमार सहित कई वरीय रेल अधिकारी मौजूद थे। रेल अधिकारियों ने यार्ड में हुई दुर्घटना स्थल का दौरा किया रांची। हटिया यार्ड में एक दिन पूर्व हुई दुर्घटना का जायजा लेने के लिए गुरुवार को रेलवे अधिकारियों ने दौरा किया। इसमें डीआरएम सहित अन्य रेल पदाधिकारी मौजूद थे। इसी क्रम में रेल अधिकारियों ने अस्पताल जाकर घायल रेल कर्मियों का हालचाल पूछे। जानकारी दी गई कि यार्ड में जो हैंडल कर रहा है, उसी समय पीन प्रेस हो गया। इसके कारण जोरदार रिसाव हुआ और उसके छिटकने से लोग घायल हो गए।

### सात धर्म बहनों ने आजीवन व्रत धारण किया

**रांची।** गुरुवार को रांची प्रोविंस की सात धर्म बहनें आजीवन व्रत धारण कर हमेशा के लिए परमेश्वर यीशु की अधिन हो गईं। इसमें सिस्टर अंजना प्रीति खलखो, सिस्टर निशी बारला, सिस्टर किरण सांगा, सिस्टर प्रीति किस्पोट्टा, सिस्टर कुसुम एक्का, सिस्टर तारा लकड़ा और सिस्टर संध्या लकड़ा शामिल हैं। कार्यक्रम मिस्सा बलिदान से शुरू हुआ। इसकी अगुवाई रांची आर्चबिशप विसेंट किया। संत अन्ना धर्मसंघ की मदर जेनरल मेरी ग्रेस तोपनो ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर रांची आर्च बिशप विसेंट आइंद ने कहा कि कलीसिया अपने जीवन के उद्देश्यों को तलाश करते हैं। मनुष्य की इच्छाशक्ति को विकसित करता है। जब ईश्वरीय शक्ति का ज्ञान हो जाता है तब धर्म बहनें जरूरतमंद लोगों की सेवा करती हैं।

**जाने क्या है आजीवन व्रत धारण :** धर्मसंघ के अधिकारियों के अधीन रहते हैं। प्रभु ईश्वर की विनती करते हैं। ये सभी अपना सारा जीवन गरीब, असहाय, दुखी, लाचार और लोगों की सेवा करेंगे। ईश्वरीय शक्ति का ज्ञान अर्जित करेंगे। वे हमेशा कलीसिया का सेवा करते रहेंगे। ईमानदारी के साथ ईश्वरीय प्रेम व सेवा का कार्य करेंगे। दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ ईश्वर में पूर्ण भरोसा रखते हुए अपना जीवन जीना होता है। मौके पर फादर जॉर्ज मिंज, फादर जॉर्ज लकड़ा, समेत अन्य शामिल थे।

## 23 को परिणाम आयेगा, तब तक धर्य रख कर इंतजार करे : वैश्य मोर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की संचालन समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु एवं संचालन उपेन्द्र प्रसाद ने किया। यह बैठक सम्पन्न विधानसभा चुनाव की समीक्षा, केंद्रीय समिति के गठन के लिए सदस्यता प्रक्रिया एवं भावी रणनीति को लेकर रखी गई थी। बैठक में उपरोक्त मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई और तय किया गया कि संविधान में गुप्त मतदान का अधिकार और महत्व है। एक्जिट पोल लोकतंत्र का परिहास है। इसलिए हमें मतगणना से पहले किसी के पक्ष या विपक्ष में राय नहीं बनाना चाहिए। 23 नवंबर को परिणाम आ ही जायेंगे, इसलिए तब तक धर्य रख कर इंतजार करना पड़ेगा। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि 30 नवंबर को रांची में केंद्रीय समिति की घोषणा की जायेगी। साथ ही भावी रणनीति एवं कार्यक्रमों की भी घोषणा की जायेगी। इसके पूर्व सभी को सदस्यता ग्रहण कर लेना होगा। आज ओरमांझी से संजय साहु एवं धुर्वा से दीपा रानी कुंज को सदस्यता दिलाया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से हीरानाथ साहु, इंदु भूषण गुप्ता, कपिल प्रसाद साहु, उपेन्द्र प्रसाद, कृष्णा साहु, दिलीप प्रसाद, जगदीश साहु, अनिल वैश्य, डॉ। अरविंद कुमार, राजेन्द्र साहु, मीडिया प्रभारी राहुल कुमार साहु, नरेश साहु, युवा मोर्चा अध्यक्ष हलधर साहु, छात्र मोर्चा अध्यक्ष युवराज कुमार आदि उपस्थित थे।

## सीबीएसई 10वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षा 15 फरवरी से, अधिसूचना जारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा की तारीखों का ऐलान कर दिया है। 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं 15 फरवरी से होंगी। इसे लेकर सीबीएसई ने शेड्यूल जारी किया है। इसके साथ ही स्कूलों को परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों की लिस्ट केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को सौंपने को कहा गया है।

बता दें कि सीबीएसई ने अपनी वेबसाइट पर 10वीं और 12वीं क्लास की बोर्ड परीक्षा 2025 की डेटशीट जारी की है। शेड्यूल के मुताबिक परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू होंगी। 10वीं की परीक्षाएं 18 मार्च को समाप्त होंगी, जबकि 12वीं क्लास की परीक्षाएं 4 अप्रैल तक चलेंगी।

**सीबीएसई ने जारी की गाइडलाइंस :** सीबीएसई ने सब्जेक्ट स्पेसिफिक गाइडलाइंस जारी की हैं, जिसमें सब्जेक्ट कोड, क्लास स्पेसिफिकेशन, थ्योरी और प्रैक्टिकल के लिए अधिकतम अंक, प्रोजेक्ट वर्क, इंटरनल असेस्मेंट और आंसर शीट के फॉर्मेट जैसी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई है। परीक्षाओं के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए स्कूलों को इन निर्देशों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया है।

**सीबीएसई मार्कशीट में जारी रहेंगे ये बदलाव :** सीबीएसई डिस्टिंक्शन न देने या टॉपर्स की घोषणा न करने की अपनी नीति जारी रखेगा। 2024 की तरह, 2025 की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा देने वाले छात्रों को समग्र डिवीजन, डिस्टिंक्शन या कुल अंकों का प्रतिशत नहीं मिलेगा।

### छवि रंजन की जमानत याचिका पर सुनवाई आज

**रांची।** बरियातू रोड स्थित सेना की कब्जे वाली 4 I55 एकड़ जमीन सहित अन्य भू-खंडों की अवैध खरीद-बिक्री मामले में निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन ने ईडी कोर्ट में जमानत के लिए याचिका दायर की है। इस याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई होगी। बरियातू में सेना की जमीन के कागजात की हेराफेरी मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को 4 मई 2023 को पूछताछ के बाद ईडी ने गिरफ्तार कर लिया था। 10 दिन तक रिमांड पर लेकर पूछताछ के बाद से छवि रंजन न्यायिक हिरासत में हैं। इस मामले में छवि रंजन ने पहले भी जमानत याचिका दायर की थी, जिसे ईडी कोर्ट और हाईकोर्ट ने खारिज कर दी थी।

### विद्यार्थियों को साइबर खतरों से किया गया जागरूक

**रांची।** झारखंड प्रौद्योगिकी विवि (जेयूटी) में संस्था साइबरपीस ने इंस्टीट्यूशन ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियर्स (आईईटीई) और गूगल डॉट ऑर्ग के समर्थन से साइबर सुरक्षा पर जागरुकता सत्र का आयोजन किया। उद्देश्य बदलते साइबर परिदृश्य का जानकारीपूर्ण अवलोकन प्रदान करना था। इसमें साइबर खतरों के प्रकार, रोकथाम उपाय और ऑनलाइन सुरक्षा के तरीकों की जानकारी दी गई। वक्ता शुभांगी शिफा ने साइबर खतरों के प्रकार के बारे में बताया। इसमें- डेटा थेफ्ट, ऑनलाइन धोखाधड़ी, क्रिप्टो और बिटकॉइन से संबंधित घोटाले, सोशल मीडिया से संबंधित अपराध, रैनसमवेयर और फिशिंग हमले, फर्जी व्हाट्सऐप वीडियो कॉल, पैसे दोगुना करनेवाले घोटाले, साइबर सेक्सटॉर्शन और स्टॉकिंग करने जैसे अपराध शामिल थे।सत्र के दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों को विभिन्न प्रकार की सोशल इंजीनियरिंग तकनीक के बारे में भी बताया गया। साथ ही, मजबूत पासवर्ड और दो-स्तरीय प्रमाणीकरण के महत्व, सुरक्षित तरीके से डेटा साझा करने और डाउनलोड करने, वायरस टोटल जैसे उपकरणों का उपयोग कर लिंक और एपीके की जांच करने और उपकरण के व्यवहार में असामान्यताओं पर नजर रखने जैसे निवारक उपायों की जानकारी दी गई। छात्रों ने नेटिजंस के उपयोग किए जाने वाले सॉफ्टवेयर के प्रकारों के बारे में भी सवाल पूछे।

## चार दिवसीय मंगसीर बदी महोत्सव शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



रातु रोड स्थित रानी सती मंदिर में दादी जी का चार दिवसीय मंगसीर बदी महोत्सव गुरुवार से शुरू हो गया। 24 नवम्बर तक श्री राणीसती मन्दिर कमेटी के द्वारा श्री राणीसती मन्दिर प्रांगण में मंगसीर बदी नवमी महोत्सव मनाया जाएगा। गुरुवार को मन्दिर कमेटी के न्यासी रतन जालान सपत्नीक ने प्रातः सात बजे गणेश पूजन कर महोत्सव का शुभारंभ किया। शुक्रवार को सुबह 10 बजे से शोभा यात्रा निकलेगी जिसमें श्री राणीसती मन्दिर विद्यालय के 125 बच्चे दादीजी की पताकाएं लिए हुए, 75 कलश, 21 कावर, 71 दादीजी के निशान, दादीजी के त्रिशूल लिए हुए इसके पीछे पांच प्यारे एवं अंत में दादीजी स्वयं रथ पर विराजमान रहेंगी। शोभा यात्रा रातु रोड, हरमू रोड, जेजे रोड, कार्टसराय रोड ,जैन मंदिर होते हुए शहीद चौक, सुभाष चौक से गांधी चौक,नॉर्थ मार्केट रोड होकर कमला कांत रोड़ होते हुए मंदिर पहुंचेगी। शनिवार को प्रातः सात बजे से अखण्ड ज्योत रतन जालान सपत्नीक द्वारा प्रज्वलित की जाएगी तदपश्चात मंगला पाठ सुशील नारसरिया, श्याम अग्रवाल की देखरेख में किया जाएगा। महोत्सव को सफल बनाने में मंदिर कमेटी के न्यासी रतन जालान, भानु जालान, अध्यक्ष सतीश तुलस्यान, मंत्री गजानंद अग्रवाल एवं अन्य दादी भक्त शोभा यात्रा को सफल बनाने के लिए कार्यरत है।

## रांची में स्ट्रांग रूम की बढ़ाई गई निगरानी, तीन लेयर का सुरक्षा घेरा तैयार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 का मतदान संपन्न हो चुका है। अब मतगणना की बारी है। राजधानी रांची सहित राज्य के सभी जिलों के मतगणना केंद्र की सुरक्षा को लेकर खास इंतजाम किए गए हैं। रांची में तीन लेयर का सुरक्षा घेरा स्ट्रांग रूम को लेकर तैयार किया गया है। रांची के पंडरा बाजार समिति स्थित मतगणना स्थल की सुरक्षा को लेकर रांची पुलिस ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा खुद सुरक्षा की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। 500 से अधिक जवानों और पदाधिकारियों को मतगणना स्थल की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया है।

इस संबंध में रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा का एसओपी चुनाव आयोग के द्वारा तय किया गया है। तय एसओपी के तहत स्ट्रांग रूम के सबसे इनर मोस्ट कॉरिडोर की सुरक्षा की जिम्मेवारी केंद्रीय बलों के हवाले है। इनर मोस्ट में उसी व्यक्ति को प्रवेश मिलेगा, जो वहां के लिए अधिकृत होगा। वहीं मिडिल कॉरिडोर झारखंड पुलिस की ईको कंपनी के हवाले है। साथ ही आउटर कॉरिडोर की सुरक्षा की जिम्मेवारी जिला पुलिस के हवाले की गई है। इसके अलावा 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरे स्ट्रांग रूम के बाहर और भीतर लगाए गए हैं। साथ ही साथ स्ट्रांग रूम के बाहरी हिस्से में लगातार पुलिस को पेट्रोलिंग करने की हिदायत दी गई है। मतगणना स्थल में प्रवेश करने के लिए पदाधिकारियों को तीनों जगहों पर हस्ताक्षर करना होगा। रांची के पंडरा स्थित स्ट्रांग रूम में अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र के लिए अलग-अलग काउंटिंग टेबुल बनाए गए हैं। एसएसपी के अनुसार पुलिस की कोशिश होगी की तय तिथि को जल्द से जल्द काउंटिंग की प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। पोस्टल-बैलेट की काउंटिंग आरओ टेबुल पर होगी और संभवतः सुबह 8:30-9:00 बजे तक पहला रुझान आ जाएगा। जीत-हार के बाद किसी तरह का उपद्रव न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। एसएसपी खुद स्ट्रांग रूम परिसर का भ्रमण कर उन बारीकी से सुरक्षा का जायजा ले चुके हैं। रांची एसएसपी ने बताया की पंडरा में कंट्रोल रूम भी बनाया गया है।

## सीएमपीडीआई पर्यावरण मुद्दों पर भी ध्यान रखे : डॉ शरद सिंह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



सीएमपीडीआई में कोल इंडिया स्थापना दिवस मनाया गया

सीएमपीडीआई में कोल इंडिया स्थापना दिवस मनाया गया। समारोह की शुरूआत दीप प्रज्जवलन एवं कोल इंडिया गान से हुआ। इसके मुख्य अतिथि डॉ शरद सिंह नेगी ने कहा कि देश की ऊर्जा सुरक्षा एवं जरूरतों को सुनिश्चित करने के लिए सीएमपीडीआई की भूमिका महत्वपूर्ण है। यह सराहनीय काम कर रही है। सीएमपीडीआई को माइन प्लानिंग एवं डिजाइन रिपोर्ट तैयार करते समय पर्यावरण मुद्दों एवं दृष्टिकोण को ध्यान में रखना चाहिए ताकि परियोजना धरातल पर जल्द साकार रूप लेगी।

कोल इंडिया के अध्यक्ष पीएम प्रसाद ने विभिन्न क्षेत्रों में कोल इंडिया और सीएमपीडीआई की उपलब्धियों को इंगित किया। उन्होंने कहा कि सीएमपीडीआई को अनुसंधान एवं विकास खर्च ज्यादा से ज्यादा करनी चाहिए और महत्वपूर्ण खनिजों, सौर क्षेत्र, भूमिगत कोयला गैसीकरण और सतह कोयला गैसीकरण क्षेत्र में खोज करने की आवश्यकता है। श्री प्रसाद ने कहा कि सीएमपीडीआई, कोल इंडिया की रीढ़ तो है ही इसके अतिरिक्त निजी क्षेत्र भी इसकी विशेषज्ञता के लिए सीएमपीडीआई की ओर देख रहा है। सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने कहा कि पिछले एक वर्ष में सीएमपीडीआई की प्रमुख उपलब्धियों में विशेष रूप से सीएमपीडीआई में नेशनल सेंटर फॉर कोल एंड इनर्जी रिसर्च (नासेर) फेज-1 की स्थापना तथा इंडिया मोबाइल कांग्रेस-2024 में 5जी उपयोग के मामलों पर प्रकाश डाला। इस समारोह में सीएमपीडीआई के कर्मियों एवं क्षेत्रीय संस्थानों को उनके कार्यक्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कृत किया गया। मौके पर पर सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक निलेन्दु कुमार सिंह, महिपाल सिंह, मुख्य अभियंता (टीपीपीडी)-सह-सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी के सदस्य प्रतिनिधि, सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार, निदेशक (तकनीकी/ईएस) सतीश झा, निदेशक (तकनीकी/आरडीएंडटी) अच्युत घटक, मुख्य सतर्कता अधिकारी सुमीत कुमार सिन्हा, वरीय सलाहकार (माइनिंग) एके राणा, कोयला उद्योग से सेवानिवृत्त सीएमडी एवं निदेशकगण तथा सीएमओएआई के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### आज / कल




### तसर कीटपालन को प्रोत्साहन के लिए किसान दिवस आयोजित

**रांची।** नगड़ी स्थित केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान ने कुष्ठ पुनर्वास केंद्र, राधा रानी नगर में तसर कीटपालकों के उत्साहवर्धन के लिए किसान दिवस कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डॉ एनबी चौधरी और वैज्ञानिक शामिल हुए। डॉ चौधरी ने मिशनरीज ऑफ चैरिटी द्वारा तसर कीट पालन की सराहना करते हुए कहा कि 2023-24 में किए गए कार्य का परिणाम उत्कृष्ट रहा है। उन्होंने बताया कि 2024-25 में भी तसर कीटपालन का काम जारी है। संस्थान की टीम समय-समय पर इस केंद्र का अवलोकन करती रही है, जिससे तसर कीटों का स्वास्थ्य और कोसा उत्पादन उच्च गुणवत्ता वाला रहा है।

डॉ एनबी चौधरी ने कहा कि भविष्य में यहां तसर कीटपालन, धागाकरण, एग्रोफॉरेस्ट्री और सह खेती पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इससे लगभग 150 लोगों को आजीविका प्रदान की जा सके। कार्यक्रम में पायलट परियोजना का ट्रायल, बीमारी की जांच और कीटों के बचाव के प्रयासों पर भी चर्चा की गई। मौके पर वैज्ञानिक डॉ जयप्रकाश पांडेय, डॉ विशाल मित्तल, सिस्टर यूजीनियस और अन्य सिस्टरों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## टीबी फोरम का उद्देश्य समन्वय स्थापित करना है: अजय कुमार सिंह

**टीबी मरीजों की जांच को बढ़ाया जाये : अबु ईमरान**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



स्टेट टीबी फोरम की बैठक गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए अजय कुमार सिंह ने कहा कि टीबी फोरम का उद्देश्य विभिन्न विभागों एवं गैर सरकारी संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित करना। वहीं मुफ्त जॉच, उपचार एवं नि-क्षय पोषण योजना, टीबी मुक्त पंचायत इत्यादि के अलावा अन्य सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से सभी टीबी रोगियों को जोड़ना तथा लोगों में जागरूकता फैलाने में सहयोग प्राप्त करना है। टीबी फोरम का विस्तार जिला स्तर से प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर करने एवं इस फोरम में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम पर विशेष रणनिति के तहत टीबी चैंपियन के माध्यम से कार्य किया जाना है। राज्य में अधिक से अधिक संख्या में टी। 60 बीमारी से ठीक हुए लोगों को टीबी चैंपियन के रूप में प्रशिक्षित कर उनका सहयोग लोगों को जागरूक करने में लिया जाय। टीबी रोगियों की जांच के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर एक्स रे की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। सीएसआर एवं एनजीओ को नि-क्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों को पोषण सहायता उपलब्ध कराने का आग्रह किया। राज्य में टीबी बीमारी से ग्रसित क्षेत्र एवं समूह का मैपिंग करने एवं लोगों को टीबी के प्रति जागरूक करने के लिए टीबी मुक्त झारखण्ड रैली आयोजित करने का निर्देश दिया गया। अच्छे कार्य करने वाले टीबी चैंपियन, नि-क्षय मित्र, एनजीओ इत्यादि को पुरस्कार देने को कहा।

राष्ट्रीय स्वास्थय मिशन के अभियान निदेशक अबु ईमरान ने संभावित टीबी मरीजों के जांच दर में वृद्धि करने को कहा एवं अन्य राज्यों में टीबी उन्मूलन के लिए किये जा रहे कार्यों का अध्ययन कर इसे राज्य में लागू करने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि राज्य में टीबी से ग्रसित सुदूरवर्ती क्षेत्रों का भौगोलिक मानचित्रण कर टीबी उन्मूलन हेतु विशेष रणनीति बनाया जाय, जिसमें कि विभिन्न विभागों एवं टीबी के क्षेत्र में कार्य करने वाले गैर सरकारी संस्था की भागीदारी सुनिश्चित हो। निदेशक प्रमुख डॉ सीके शाही ने टीबी के बचाव एवं उसके उपचार के विषय में बताया। राज्य यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ कमलेश कुमार ने राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम का अद्यतन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया एवं राज्य के कल्चर डीएसटी लैब धनबाद, रांची एवं आईआरएल इटकी के संचालन के विषय में विस्तार पूर्वक चर्चा किया। बैठक में प्रमुख रूप से प्रेस क्लब अध्यक्ष सुरेन्द्र सोरेन, कल्याण विभाग, श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं स्किल डेवलपमेंट विभाग खान एवं भूत्तव विभाग, टीबी चैंपियन आदि उपस्थित थे।

# झारखंड में छह दिन तक मौसम में नहीं होगा बदलाव

**रांची।** राजधानी रांची में पिछले 24 घंटे में मौसम शुष्क रहा। वहीं, अधिकतर जिलों में यही स्थिति रही। पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक तापमान 30.4 चाईबासा व सबसे कम न्यूनतम तापमान 11.4 गढ़वा में दर्ज किया गया। आज के मौसम की बात करें तो, आज भी मौसम शुष्क रहेगा। सुबह में कोहरे और रात में जबरदस्त ठंड की संभावना है।

रांची मौसम केंद्र के मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया, अब ला नीना का जबरदस्त इफेक्ट आपको देखने को मिलेगा। नवंबर के अंतिम सप्ताह और दिसंबर के पहले वीक में आपको अच्छी खासी जबरदस्त ठंड महसूस होगी। न्यूनतम तापमान में भी लगातार गिरावट जारी है। पूर्वी हवा के कारण शाम के समय व सुबह में जबरदस्त कंकनी देखी जा सकेगी।



### कैसा रहेगा आज का मौसम

आज के मौसम के बारे में बात की जाए तो, आज का मौसम शुष्क रहेगा। सुबह में घना कोहरा और दोपहर में अच्छा खासा धूप देखने को मिलेगा। हालांकि, ठंडी हवा और धूप का कंबीनेशन लोगों को राहत दिलाने वाली है। वहीं, न्यूनतम तापमान में गिरावट की वजह से शाम में और रात में जबरदस्त ठंड का एहसास होगा।

### कितना रहेगा तापमान

संभावित तापमान की बात करें तो कोडरमा, चतरा, गढ़वा, लातेहार, लोहरदगा, पलामू में अधिकतम 25 डिग्री व न्यूनतम 11 डिग्री, बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग, रांची, खूंटी, गुमला अधिकतम 26 डिग्री व न्यूनतम 10 डिग्री, पूर्वी व पश्चिम सिंहभूम, सरायकेला खरसावां व सिमडेगा अधिकतम 26 व न्यूनतम 11 डिग्री दर्ज किया जा सकता है।

## संजय सेठ ने मुकुंद नायक से मुलाकात कर स्वास्थ्य की जानकारी ली



**रांची।** रांची के सांसद सह रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने गुरुवार को दिल्ली में इलाजरत पद्मश्री मुकुंद नायक से मुलाकात की और स्वास्थ्य की जानकारी ली। मुकुंद नायक की स्थिति पहले से बेहतर है। मुकुंद नायक कुछ दिन पहले सर्वाइकल की तकलीफ से पीड़ित थे, जिसका ऑपरेशन किया जाना जरूरी था। 31 अक्तूबर को मुकुंद नायक को रांची से दिल्ली भेजा गया था।

## डकरा अस्पताल में खोली जायेगी अमृत फार्मेसी की दवा दुकान

**नवीन मेल संवाददाता। डकरा**

डकरा केंद्रीय अस्पताल में बहुत जल्द अमृत फार्मेसी की दवा दुकान खोली जायेगी। अस्पताल में इलाज कराने वाले मरीज को सस्ती दर पर ब्रांडेड दवा अमृत फार्मेसी की दवा दुकान में उपलब्ध होगी। अमृत फार्मेसी के झारखंड प्रबंधक अजय कुमार गुरुवार को डकरा अस्पताल का दौरा कर पूरे अस्पताल का निरीक्षण किया। अस्पताल प्रमुख डॉक्टर प्रभा चौधरी के साथ उन्होंने वैसी जगह का निरीक्षण किया, जहां सुविधाजनक तरीके से इस दवा दुकान को खोली जा सके। इस बारे में अजय कुमार ने प्रभात खबर को बताया कि गरीब तबके के मरीज को सस्ती दर पर और एक ही छत के नीचे सभी तरह की दवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य इसे सीसीएल के चार अस्पतालों में खोलने की सहमति बनी है। सीसीएल अस्पताल गांधीनगर रांची, नयी सराय रामगढ़, ढ़ोरी और डकरा अस्पताल में एक साथ



अमृत फार्मेसी का उद्घाटन किया जायेगा। सीसीएल कर्मियों को इस दवा दुकान से बगैर कोई पैसा दिये दवा दी जायेगी। वह पैसा अमृत फामेर्सी सीसीएल से क्लेम करके लगी वहीं गैर सीसीएल कर्मियों को यहां पैसा देकर दवा खरीदना होगा। अमृत फामेर्सी की दवा दुकान खोलने के बाद अस्पताल का जो विभागीय दवा का काउंटर है वह बंद कर दिया जायेगा। ऐसे में कंपनी का विभागीय फार्मासिस्ट क्या काम करेंगे इसको लेकर एक नयी तरह का विवाद खड़ा होने की संभावना बन गयी है। सीसीएल के चार अस्पतालों में एक साथ अमृत फार्मेसी की दवा दुकान खोलने का निर्णय लेने के पहले सीसीएल प्रबंधन ने श्रमिक संगठन को भरोसे में लेना जरूरी नहीं समझा है। यह एक अव्यावहारिक निर्णय है। उक्त बातें सीसीएल सलाहकार समिति के सदस्य कमलेश कुमार सिंह ने कही है। उन्होंने बताया कि प्रबंधन ने जिस आनन-फानन में जन औषधि केंद्र खोला था और आज सभी बंद हो गए हैं। उस अनुभव से सबक लेकर कल्याण समिति सदस्यों को जानकारी देते हुए मुक्कमल व्यवस्था के साथ इसे खोलना चाहिए ताकि भविष्य में इससे मरीजों और क्षेत्र को लाभ मिल सके। इस मामले को लेकर उचित फोरम पर बात रखी जायेगी।

## न्यूज | बॉक्स

### शिक्षक को बर्खास्त करने को लेकर सौंपा ज्ञापन




**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत ग्राम विकास मध्य विद्यालय स्कूल सिल्ली में कार्यरत शिक्षक रितेश कुमार को बर्खास्त करने की मांग की गयी है। शिक्षक के उपर आरोप लगा है कि आठवीं की छात्रा के उपर अत्याचार किया है। इस संबंध में लड़की के पिता रवि रजवाड़ ने जिला शिक्षा अधीक्षक के नाम एक ज्ञापन प्रधानअध्यापक को दिया। बताते चले की पिता ने बताया कि 13 नवंबर को रोजाना के भांति मेरी लड़की स्कूल गई थी। पढ़ाई के दौरान शौचालय में शौच करने गई तभी शिक्षक रितेश कुमार ने शौचालय का दरवाजा ताला समेत बंद कर दिया। स्कूल छुट्टी होने के बाद भी शिक्षक ने दरवाजा नहीं खोला तत्पश्चात लड़की ने किसी तरह दीवार फांदकर वह घर पहुंची और अपने पिता को सारी बात बताई। पिता गुरुवार को स्कूल पहुंचे और प्रधानाध्यापक को फोन करके इसकी जानकारी दी। प्रधानाध्यापक रांची गए हुए थे,जानकारी मिलते ही स्कूल पहुंचे और पिता ने घटना की सारी जानकारी उनको दी और मांग किया कि शिक्षक के ऊपर कार्रवाई करते हुए अभिलंब बर्खास्त किया जाए।

### घर मे आग लगने से लाखों की संपति जली

**मांडर।** थाना क्षेत्र के बरगड़ी गांव निवासी रिटायर फौजी वीरेंद्र उरांव के घर में आग लगने से लगभग 500000 का सामान जलकर राख हो गया। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की रात अन्य दिनों की तरह खाना खाने के बाद वीरेंद्र अपने परिवार के साथ घर में सो गए थे ,तभी रात के लगभग 1:30 बजे उन्हें एहसास हुआ कि घर में आग लग गई है। पड़ोस के सहयोग से उन्होंने आग पर काबू पाया लेकिन तब तक घर में रखा नगद डेढ़ लाख रुपया सहित अन्य कई सामान जलकर राख हो गए थे। उनके घर में अब खाने पीने का बर्तन तक नहीं बचा है, गुरुवार की रात में पड़ोसी के घर में शरण लेकर थे उन्होंने तत्काल प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

### वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन

**चान्हो।** स्वधार फिनऐक्सेस ने गुरुवार को चोरेया पंचायत में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को वित्तीय प्रबंधन, बचत, बीमा, और सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर आत्मनिर्भर बनाना था। सीएफएल प्रशिक्षक पूजा कुमारी ने शिविर में उपस्थित महिलाओं और युवाओं को लक्षित करते हुए डिजिटल लेन-देन और ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के उपाय बताए। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने भाग लिया और इस पहल की सराहना की। शिविर के अंत में, उपस्थित लोगों को उनके सवालों का समाधान दिया गया और वित्तीय उत्पादों के फायदों को समझने में मदद की गई। जिला प्रभारी मनोहर मुरारी ने ग्रामीणों को बचत की आदत डालने और वित्तीय योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

### फ्रेशर डे कार्यक्रम का आयोजन

**मांडर।** प्रखंड स्थित भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीयूशन में गुरुवार को फ्रेशर डे का आयोजन किया गया। प्राचार्या निहारिका श्रीवास्तव ने प्रशिक्षणार्थियों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर खुद का मुल्यांकन करते रहने की सलाह दी। साथ ही हमेशा बड़े सपने देखने तथा सफलता की जिद पालने की भी सलाह दी। कार्यक्रम मे छात्र-छात्राओ ने एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए और सबका भरपुर मनोरंजन किया गया। मिस फ्रेशर और मिस्टर फेशर के रूप में बी०एससी० विद्यार्थी नेहा रागिनी कुमारी एवं नीतिन कुमार और जी०एन०एम० विद्यार्थी बबली लकड़ा एवं अंकित जोसेफ ख्लखो को सम्मानित किया गया। मंच संचालन मनीष कुमार तथा मनतसा परवीन ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष छवि सिन्हा, सचिव नितिन परासर, शैक्षणिक सचिव दीपाली पराशर समेत अन्य उपस्थित थे।

### मारवाड़ी कॉलेज में मेगा प्लेसमेंट ड्राइव आज




**रांची।** मारवाड़ी कॉलेज प्लेसमेंट सेल और अनुदिप फाउंडेशन के संयुक्त तत्वधान में 22 नवंबर को ई वाई स्पॉन्सर्ड मेगा प्लेसमेंट का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे कॉन्सेंट्रिक्स, विप्रो (नॉन टेक वर्चुअल),टेक महिंद्रा (नॉन टेक वर्चुअल ),टाटा इलेक्ट्रॉनिक, विस्ट्रॉन, स्टार हेल्थ इंश्योरेंस, निम्बस, आयोदा, आईपियन इन्फोटेक जैसे कई कंपनियां हायरिंग के लिए आएगी। इसमें मुख्यत अनुरूप फाउंडेशन द्वारा प्रशिक्षित विद्यार्थी और कॉलेज में पढ़ने वाले यूजी, पीजी फाइनल ईयर और पासआउट विद्यार्थियो को फॉर्मल यूनिफॉर्म और एकाधिक रिज्यूम/सीवी के साथ आने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। सभी इक्षुक विद्यार्थी सुबह 9.45 से 10.15 बजे तक अपना अपना स्थान विवेकानंद सभागार में ग्रहण कर ले। एक्सेंचर द्वारा स्पॉन्सर्ड प्रशिक्षण के लिए इच्छुक विद्यार्थियों का काउंटर भी अलग से होगा जिसमें विद्यार्थी अपना पंजीकरण करवाकर 3 माह तक अपना स्किल डेवलपमेंट करवा सकते है और बाद में एक्सेंचर जैसी कंपनियों में जा सकते हैं।

## अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस समारोह में बच्चों ने अभिभावक के साथ किया रैंप वाक

**नवीन मेल संवाददाता। अनगड़ा**

प्रखंड के हेसातू में विक्रमशिला एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय बाल दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चे और अभिवावक शामिल हुए। इस दौरान बच्चों और अभिभावकों का स्वागत तिलक, लोटा-पानी तथा आम के पत्तों से किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कंसल्टेट रितु कुमारी द्वारा शून्य से छह वर्ष के बच्चों के सर्वांगीण विकास और बच्चों की शुरूआती शिक्षा, घरेलू चीजों से बच्चों की विकासात्मक गतिविधियों पर चर्चा की गई।

छोटे बच्चों और अभिभावकों के लिए लोकल भाषा की गीत, डांस, बिस्किट रेस, कुर्सी रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। अभिभावकों ने अपने बच्चों के साथ रैंप वाक किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जल सहिया दुलारी खलखो और संचालन विक्रमशिला के कार्यकर्ता पंकज कुमार महतो, सुशीला कुमारी और रितु कुमारी ने किया। मौके पर सेविका और सहिया मौजूद थीं।

### हिंदी सिर्फ एक भाषा नहीं, हमारे लिए सर्वस्वः प्रो सेनेविर

**रांची।** सीयूजे में भारत और श्रीलंका के सांस्कृतिक संबंधों में भाषा की भूमिका विषय पर एकल व्याख्यान हिंदी विभाग, अंतरराष्ट्रीय संबंध विभाग और सुदूर पूर्व भाषा विभाग के तत्वावधान में गुरुवार को आयोजित किया गया। डॉ श्रेया भट्टाचार्य द्वारा स्वागत वक्तव्य प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने भाषा का महत्व बताते हुए भाषा को दो देशों के बीच संबंध स्थापित करने का एक माध्यम बताया। मुख्य वक्ता केलानिया विश्वविद्यालय, श्रीलंका के हिंदी विभाग के प्रो लक्ष्मण सेनेविरत्ने ने कहा कि हिन्दी सिर्फ एक भाषा ही नहीं, बल्कि हमारे लिए सर्वस्व है। भारत और श्रीलंका के संबंधों को प्रगाढ़ और मजबूत बनाने का सबसे अहम टूल है। बताया कि 1990 के बाद भंते आनंद कौशल्यान द्वारा हिन्दी शिक्षण की औपचारिक शुरूआत हुई।

## कार्यकर्ता मेरा परिवार उनके साथ बिताया दिन : राजेश

**नामकुम ।** विधानसभा चुनाव बुधवार को समाप्त होने के बाद खिजरी विधायक राजेश कच्छप सुबह पांच बजे सोकर उठे, कार्यकर्ताओं से दोपहर 12 बजे तक मिले और चुनावी गतिविधियों की जानकारी ली। उसके बाद विधायक ने दाढ़ी-बाल बनवाया और नहाकर कार्यकर्ताओं के साथ भोजन किया। इसके बाद विधायक और कार्यकर्ता मतगणना की रणनीति तैयार करने में जुट गए। कच्छप ने बताया कि कार्यकर्ता ही उनके परिवार हैं और उन्होंने पूरा दिन उन्हीं के साथ बिताया। विधायक ने बताया कि अब शनिवार को होनेवाली मतगणना की रणनीति तैयार हो चुकी है। सभी कार्यकताओं को जिम्मेदारी सौंप दी गई है। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि वे चुनाव जीत चुके हैं, सिर्फ प्रमाणपत्र लेना बाकी है।

## रांची महानगर कांग्रेस एससी विभाग के चेयरमैन ने दी श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन राजू राम के नेतृत्व में कोकर के बीआईटी मेसरा के छात्र की हत्या के विरोध में कैंडल मार्च निकाला गया। बता दें कि राजा पासवान की हत्या बीआईटी मेसरा में हुई थी। राजू के नेतृत्व में कैंडल मार्च कोकर बाजार से बिरसा मुंडा समाधि तक निकाला गया और राजा को विनम्र श्रद्धांजलि दी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के उपचैयरमैन सूरज



कुमार पासवान, संयोजक संजय कुमार राम,लाल बहादुर पासवान, राकेश कुमार सिंह, शिव पासवान, अविनाश कुमार (बहुआ), जय प्रकाश कुमार, गुड्डन पासवान, गोविंद पासवान, बबलू पासवान, मनोहर पासवान, शिव कुमार पासवान, राज कुमार राम, अरूण राम आदि समाजसेवी लोग उपस्थित थे।

### सीएचसी बेड़ो में आरोग्य शिविर का आयोजन

**बेड़ो।** सीएचसी बेड़ो परिसर में गुरुवार को आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें चिकित्सकों द्वारा विभिन्न बीमारियों के साथ आई, मेडिसिन, डेंटल और अर्श आदि की जांच कर रोगियों के बीच दवा का वितरण किया गया। मौके पर चिकित्सक डॉ सुमन एक्का, डॉ राजीव रंजन, अजय केरकेट्टा, डॉ नीलम भारती, एनसीडी मंजू, प्रियंका, लैब टेक्नीशियन, मंजू बिबियाना केरकेट्टा, स्वास्थ्यकर्मियों और युवा मैत्री केंद्र के कार्यकताओं ने सराहनीय योगदान दिया।

## ग्रामीणों के विरोध के बाद सड़क मरम्मत में गुणवत्ता सुधारी

**नवीन मेल संवाददाता। मैक्लुस्कीगंज**

चंदवा मुख्य मार्ग पर लपरा विकासनगर से शांति फ्यूल पेट्रोल पंप मोड़ तक सड़क मरम्मत का कार्य स्वास्तिक कंस्ट्रक्शन की ओर से किया जा रहा है। आरसीडी विभाग के लगभग 1 .78 करोड़ की लागत से कार्य को कराया जा रहा है। लापरवाही पूर्वक निर्माण कराने की सूचना पर लपरा के ग्रामीण गोलबंद हो गये। निर्माण स्थल पर पहुंचकर कार्य को रोक दिया। मानकों को ताक पर रख कराये जा रहे निर्माण कार्य से स्थानीय ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि कालीकारण पिच कई जगहों से उखड़ने लगा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि



सड़क मरम्मत स्थल पर विभाग के अभियंता और कोई भी कर्मी उपस्थित नहीं रहते हैं। कहा कि जल्द सुधार नहीं किया गया तो आंदोलन करने पर बाध्य हो जायेंगे। ग्रामीणों के विरोध के बाद कार्य स्थल पर उपस्थित संवेदक कर्मियों ने गुणवत्ता में तत्काल सुधार करने पर मरम्मत कार्य शुरू किया गया। मौके पर रिंकू अंसारी, बंटी अंसारी, राजेश गोप सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### वन्य प्राणियों के लिए लगा रूम हीटर

**ओरमांझी।** ठंड बढ़ने से भगवान बिरसा जैविक उद्यान चकला ओरमांझी में उद्यान प्रबंधन ने वन्य प्राणियों की सुरक्षा व ठंड से बचाव के लिए रूम हीटर व अलाव की व्यवस्था की है। उद्यान प्रबंधन ने हाथी को ठंड से बचाने के लिए बाड़ा के पास अलाव जलवा रहा है। जबकि रात में शेड में बैठने के लिए पुआल बिछा गया है। भोजन में प्रोटीन व विटामिन दिये जा रहे हैं। वहीं हिरण, नील गाय, कृष्ण मृग, चीतल, सांभर आदि जानवरों को नियमित आहार कुटी चोकर समेत ठंड से बचाव के लिए मिनरल मिक्सचर दिया जा रहा है। उद्यान के हिमालयन भालू व देसी भालू को भी नियमित आहार दूध, केला, सेव समेत मल्टी विटामिंस, अंडा व शहद दिया जा रहा है।

### एनके प्रबंधन रोज दो घंटे तक करेगी बिजली कटौती

**डकरा।** एनके प्रबंधन ने पीक ऑवर में दो घंटे की बिजली कटौती करने का निर्णय लिया है। महाप्रबंधक सुजीत कुमार ने बताया कि सुबह छह से सात और शाम पांच से छह बजे तक करकट्टा फीडर से, सुबह नौ से दस और शाम सात से आठ बजे तक मोहननगर से, सुबह नौ से दस और शाम सात से आठ बजे तक रोहिणी फीडर से, सुबह नौ से दस और शाम आठ से नौ बजे तक डकरा फीडर से, सुबह साढ़े दस से साढ़े 11 और शाम साढ़े आठ से साढ़े नौ बजे तक केडीएच फीडर से और सुबह साढ़े नौ बजे से साढ़े दस बजे और शाम साढ़े सात बजे से साढ़े आठ बजे तक चूरी फीडर से बिजली काट दी जायेगी। विभागीय अधिकारियों को अविलंब इस निर्णय को लागू करने का आदेश दिया गया। ज्ञात हो कि ठंड के मौसम में बिजली की खपत कॉलोनी में बढ़ जाती है।

## ठाकुरगांव में 150 एकड़ में हो रही मूंगफली की खेती का लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता। ठाकुरगांव**

चावल विकास निदेशालय भारत सरकार के निदेशक डॉ मान सिंह ने गुरुवार को बुढ़मू प्रखंड के हेसलपिरी गांव का दौरा किया। उन्होंने रामकृष्ण मिशन द्वारा हेसलपिरी में 150 एकड़ में मूंगफली की के1812 प्रजाति की खेती का अवलोकन किया। निदेशक ने कहा कि मूंगफली की दूसरी किस्मों की अपेक्षा इस प्रजाति की मूंगफली की उपज डेढ़ गुना ज्यादा है। साथ ही इस बेरायटी की फसल में बीमारियों का प्रकोप भी कम है। डॉ मान सिंह ने किसानों से कहा कि भारत सरकार तेलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए समूह प्रथम पंक्ति प्रत्यक्षण तथा बीज उत्पादन के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है। उन्होंने कहा कि किसानों के विकास के लिए भारत सरकार हमेशा तत्पर है। मौके पर डॉ अजित सिंह, डॉ मनोज कुमार सिंह, बीटीएम प्रदीप सरकार, मुखिया कुशेन्द्र पाहन और राजेश महतो आदि मौजूद थे।

### ठाकुरगांव में पुत्र की हत्या के आरोपी दंपति पुलिस की पकड़ से बाहर

**ठाकुरगांव।** थाना क्षेत्र के पतरातू गांव में 19 नवंबर की रात मदन पाहन हत्याकांड के आरोपी दंपति अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। हत्याकांड के आरोपी फुलेश्वर पाहन और उसकी पत्नी सुनीता देवी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस पिठोरिया, ओरमांझी और गेतलसूद समेत अन्य संभावित जगहों पर छापेमारी कर रही है। विदित हो कि मंगलवार की देर रात पतरातू गांव निवासी फुलेश्वर पाहन और उसकी तीसरी पत्नी सुनीता देवी ने टांगी से वार कर अपने पुत्र मदन पाहन की हत्या घर में कर दी थी।

## सरिता कुमारी ने राष्ट्र स्तरीय ट्रैक साइकलिंग प्रतियोगिता में जीते तीन स्वर्ण पदक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड की गोल्डन गर्ल सरिता कुमारी ने राष्ट्र स्तरीय ट्रेक साइकलिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वही पुरुष वर्ग में विकास उरांव ने जीता एक स्वर्ण पदक। तमिलनाडु साइकिलिंग एसोसिएशन एवं साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित 76 वॉ सीनियर, 53वा जूनियर, 39वा सब जूनियर राष्ट्रीय स्तरीय ट्रेक साइकिलिंग चैंपियनशिप 2024 का आयोजन 15 से 19 नवंबर तक तमिलनाडु के चेन्नई शहर में आयोजन संपन्न ।

> 76वां राष्ट्रीय सीनियर, जूनियर, सब जूनियर, ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप में झारखंड ने जीता चार स्वर्ण, तीन कांस्य पदक के साथ कुल सात पदक

प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड राज्य से तथा झारखंड साइकिलिंग संघ के तत्वाधान में 27 सदस्य (राइडर) ने भाग लिया था। झारखंड की टीम ने राष्ट्रीय स्तरीय ट्रैक साइकिलिंग प्रतियोगिता 2024 में दमदार प्रदर्शन करते हुए। खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धा में कुल सात पदक जीता!

**पदक विजेता खिलाड़ी**

**बालिका महिला वर्ग में**

सरिता कुमारी वूमेन जूनियर वर्ग में टाइम ट्रायल 500 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक। सरिता कुमारी वूमेन जूनियर वर्ग में स्प्रिंट 200 मी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। सरिता कुमारी वूमेन जूनियर वर्ग में कैरिन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

**बालक/पुरुष वर्ग में**

विकास उरांव जूनियर बालक वर्ग में टाइम ट्रायल 500 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।आमिर रियाज मेन एलीट वर्ग में टाइम ट्रायल 1000 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। नारायण महतो मेन जूनियर वर्ग में स्प्रिंट 200 मीटर स्पर्धा मैं कांस्य पदक जीता। विकास उरांव ,अर्जुन कुमार, निखिल लोहार ने सब जूनियर बालक वर्ग में टीम स्प्रिंट स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

राष्ट्रीय ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप में झारखंड की टीम ने शानदार एवं दमदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण तथा तीन कांस्य पदक कुल सात पदक जीत कर झारखंड को गौरवान्ति किया। वही पदक जीतकर राज्य का नाम रोशन करने पर खिलाड़ियों (राइडर ) तथा टीम मैनेजर जितेंद्र कुमार व प्रशिक्षक रामकुमार भट्ट , प्रथम कुमार शर्मा को अभिभावक व राजमहल लोकसभा के माननीय सांसद विजय हसदा, सुरजीत कुमार, सीईओ गिरीश कुमार राठौर ने पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## आज दतुन-पतई से शुरू होगा बेड़ो का हड़बोरी बूढ़ा जतरा का अनुष्ठान

### बेड़ो में ऐतिहासिक महादानी मंदिर के शिखर पर पाहन का नृत्य देखने को मिलेगा

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो में अनूठे तरीके से मनाई जाने वाली अगहन मास के सातवें दिन से नौवें दिन तक मनाई जाने वाली आदिवासियों की पारंपरिक हड़बोरी बूढ़ा जतरा का अनुष्ठान शुक्रवार को दातुन पतई से शुरू होगा। वहीं हड़बोड़ी जतरा व बुढ़ा जतरा बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मंदिर परिसर में रविवार को मनाया जाएगा। शनिवार को 12 पड़हा के सभी गांवों के सभी घरों में पारंपरिक रूप से लड्डू अर्थात पीठा बनाया जाएगा। वहीं रविवार को हड़बोरी बूढ़ा जतरा का आयोजन किया जाएगा। इस दिन शिव मंदिर के गुम्बज पर चढ़ कर गांव के पहान के आम्र पल्लव के साथ परिक्रमा एवं नृत्य कर अपनी परंपरा के दौरान रस्म पूरी करेंगे। जहां इसके पूर्व आदिवासियों की परंपरा के अनुसार पूरे रीति रिवाज के अनुसार बेड़ो व खत्री खटंगा सीमाने पर स्थित कुंडी स्थल में पुलखी पत्थर पर जल डालने के साथ परिवार के मृतक वृद्ध वृद्धाओं को लोग याद करेंगे। इधर जतरा के



अवसर पर ढोल, ढाक, नगाड़े, शहनाई की धुन पर महिलाओं ने सिर पर दीप व फूलों से सजाई गई कंडसा उठाये महिलायें नृत्य व गीत के साथ महादानी मंदिर पहुंचती है। इसके साथ जहाँ विभिन्न खोड़हा दलों ने नृत्य व गीत प्रस्तुत करते हैं। इधर जतरा के दौरान परम्परा के अनुसार गांव के पहान मंदिर के गुम्बज पर चढ़ कर के साथ नृत्य कर कार्य निर्वाहन करेंगे। आदिवासी परम्परा के अनुसार ग्रामीणों ने मृत परिजन के नाम पर हड़बोडी की रस्म निभाते हुए उनके नाम का झंडा निकाला जाएगा। इसके एक दिन पूर्व नए चावल से बने पीठा (प्रसाद) गांव के पहान द्वारा गाजे बाजे के साथ गोयन्दा के रूप में महादानी बाबा भगवान भोलेनाथ एवं गोयन्दी बूढ़िया के रूप में मां पार्वती को पीठा का प्रथम भोग चढ़ाया जाएगा । इधर बेड़ो,बारीडीह, करजंटोली, तेतर टोली, टिकरा टोली के ग्रामीणों ने भी अपने अपने घरों में पीठा बनाकर बूढ़ा पीठा जतरा सह हड़बोड़ी मनाते हैं।

इसके पूर्व आदिवासी समाज के लोग अपने घर के मृत लोगों के नाम पर अपने रीति रिवाज के अनुसार पूजा पाठ करते हैं। इधर गांव के पाहन बुधुवा उरांव एवं महतो राकेश भगत ने इस जतरा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस कार्यक्रम से आदिवासी समाज अपने पूर्वजो को याद करते हुए उन्हें नया अनाज से बने पकवान पीठा को महादानी पर चढ़ाते हैं। जबकि इसकी तैयारी तीन दिन पूर्व से की जाएगी। जहां शुक्रवार को दातुन पत्ता, शनिवार को भोलेनाथ पर पीठा चढ़ाया जाएगा। जबकि तीसरे दिन रविवार को कुंडी नदी में पूर्वजों की अस्थि विसर्जन कर पहान द्वारा ढोल नगाड़ों, ढाक के साथ जुलूस की शक्ल ऐतिहासिक महादानी मंदिर के शिखर पर पहान के द्वारा नृत्य के साथ हड़बोड़ी बूढ़ा जतरा का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद गांव के महतो, पहान पुजार गांव बनाते हुए पूजा करते हैं। जिसके साथ ही आदिवासी समाज में शुभ कार्य प्रारंभ कर दिया जाता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में पहान, पुजार, पाइन भरवा, भंडारी समेत राकेश भगत महतो, सुखदेव उरांव महतो, पड़हा राजा विशाल उरांव जामटोली, बुधवा पहान, पंचम तिर्की, मंगरा महतो, जलही उरांव द्वारा परंपरा में योगदान अहम रहता है।

# डीसी एवं एसपी ने कॉलेज स्थित मतगणना केंद्र किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक सौरभ ने सिमडेगा कॉलेज, सिमडेगा में बनाए गए मतगणना केंद्र एवं ईवीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने वहां की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ईवीएम काउंटिंग हॉल, पोस्टल बैलट काउंटिंग का निरीक्षण किया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे सहित टेबल, सामान्य प्रेक्षक बैठने हेतु फर्नीचर टेबल आदि लागाने का निर्देश दिया तथा उन्होंने मतगणना से संबंधित की जा रही तैयारियां के संबंध में पदाधिकारियों से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।उन्होंने मतगणना कर्मियों, काउंटिंग एजेंट, उम्मीदवार, लेबर, ऑफिसर का आईडी कार्ड ससमय निर्गत करने करने की बात कहीं। साथ ही उन्होंने बिजली, पानी शौचालय, फैन, टीवी स्क्रीन सहित सभी व्यवस्था को समय से सुनिश्चित कर लेने का निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु,कोलेबिरा आरओ -सह- अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र कुमार, सिमडेगा आरओ -सह- अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग लकड़ा, उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण अमृत मिंज, प्रखंड विकास पदाधिकारी सदर सिमडेगा समीर रेनियर खलखो, प्रखंड विकास पदाधिकारी कोलेबिरा, अंचलाधिकारी सदर सिमडेगा मो इम्तियाज, डीएसपी रविकांत साव एवं अन्य पदाधिकारी गण व कर्मी गण उपस्थित थे।

## शहर को जाम मुक्त बनाने के लिए नप ने चलाया अतिक्रमण

**सिमडेगा।** शहरी क्षेत्र को सुंदर और जन सुलभ व्यवस्थित बनाने के लिए नगर परिषद निरंतर प्रयत्नशील है। इसी के मद्देनजर शहरी क्षेत्र में यातायात सुलभता के उद्देश्य से बुधवार को डीसी अजय कुमार सिंह के निर्देश पर नगर परिषद द्वारा शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। नप के प्रशासक समीर बोदरा, नगर प्रबंधक आकाश डेविड सिंह, अर्पण बाघवार ने शहर के बस स्टैण्ड, महाबीर चौक और झुलन सिंह चौक, मुख्य पथ के आसपास के क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त किया। इस दौरान नगर परिषद क्षेत्र में अवैध रूप से कब्जा कर व्यवसाय कर रहे लोगों के दुकान को हटाते हुए सामानों को जब्त किया गया। जिसे बाद में दुकानादारों से 32900 रुपए जुर्माना के रुप में फाईन लिया गया। साथ ही सभी व्यवसायियों को सख्त हिदायत देते हुए दुबारा अतिक्रमण कर दुकान नहीं लगाने का निर्देश दिया गया। बता दें कि एनएच और अन्य सड़क किनारे के दुकानदार बेहतरीब तरीके से अपने प्रतिष्ठान के इर्द-गिर्द सामान फैलाकर रखते हैं।

# नगर परिषद ने दूसरे दिन भी चलाया बलपूर्वक अतिक्रमण हटाओ अभियान



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** नगर परिषद सिमडेगा द्वारा गुरुवार को दूसरे दिन सिमडेगा शहर में बलपूर्वक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया जहां पर सिटी मैनेजर अर्पण इंदवार के नेतृत्व में सिमडेगा झूलन सिंह चौक बस स्टैंड के आसपास सरकारी जमीन पर लगाए गए ठेले दुकान आदि सभी को बलपूर्वक हटाते हुए जुर्माना वसूला गया। अचानक अतिक्रमण हटाओ अभियान दूसरे दिन निकलने से दुकानदारों में हड़कम्प मच गया और इधर-उधर भागते हुए देखे गए। बताया गया कि सिमडेगा शहर को जाम मुक्त बनाने के उद्देश्य से लगातार अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है अलग-अलग दिन अलग-अलग क्षेत्र में जाकर अतिक्रमण हटाने का काम किया जा रहा है ।सिटी मैनेजर ने बताया कि सिमडेगा शहर के सड़क किनारे सरकारी भूमि पर किए गए कब्ज को पूरी तरह से मुक्त कराया जाएगा, ताकि सड़क पर आए दिन होने वाले दुर्घटनाओं को और रोड जाम की समस्या से निजात दिलाया जा सके ।वहीं इस मौके पर सिमडेगा थाना के सब इंस्पेक्टर दीपेश कुमार एवं पुलिस बल उपस्थित रहे वहीं इस दौरान कई दुकानदारों के सामानों को भी जप्त किया गया तथा जुर्माना वसूली गईं।

# मतगणना को लेकर बढ़ा उत्साह किसके सिर सजेगा कोलेबिरा का ताज

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** 13 नवंबर को विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होने के बाद सभी 32 प्रत्याशियों के किस्मत सिमडेगा कॉलेज में बनाए गए ईवीएम स्ट्रांग रूम में बंद है। इधर लगातार चाय की चुस्की में चर्चा चौक चौराहे गली मोहल्ले नुक्कड़ पर भी हार जीत के कयास लगाए जा रहे हैं। सिमडेगा और कोलेबिरा विस चुनाव 2024 का फैसला शनिवार को होगा। चुनाव में ताल ठोंक रहे दोनों विस से 32 प्रत्याशियो में विधायक का ताज किसे मिलेगा इसका फैसला बुधवार को होगा। सिमडेगा कॉलेज में सुबह आठ बजे से मतगणना का कार्य शुरु हो जाएगा। उम्मीद की जा रही है कि दोपहर तक मामला साफ हो जाएगा। सिमडेगा विस क्षेत्र के भूषण बाड़ा, श्रद्धानंद बेसरा, आईरीन एक्का, सुशील लकड़ा, शांतिबाला केरकेटटा, अनुज कोंदेश्वर राम, शिशिर टोप्पो, अरुण ब्रजेश बड़ाईक, मोनिका मिंज, विनोद केरकेटटा, सुमन कुल्लू, नीरज लोहरा, प्रफुल्ल चंद्र बेसरा, बसंत कुमार डुंगडुंग वहीं कोलेबिरा से विक्सल कोंगाड़ी, जयंती देवी बड़ाईक, सुजान जोजो, विश्राम बागे, अमृत जेवियर सोरेंग, संदेश एक्का, फ्रैक्लीन समद, रोस प्रतिमा सोरेंग, शांता रोजालिया कंडुलना, प्यारा मुंडू, अरविंद सोरेंग, अहलाद केरकेटटा, निरोज मांझी, पुनित कुमार, बेरोनिका तिर्की, सिमलन हेमरोम, बर्नाड कंडुलना, रिचर्ड तिर्की शामिल है। सभी अपने अपने जीत के दावे कर रहे है। लेकिन ताज तो सिर्फ एक को मिलेगा। विदित है कि विस चुनाव में सिमडेगा विस में 68.85 और कोलेबिरा विस में 68.64 प्रतिशत मतदान हुआ है। इधर मतगणना को लेकर पूरे जिले में लोगों के बीच उत्सुकता देखी जा रही है। कोलेबिरा के साथ साथ सिमडेगा विस क्षेत्र में भी चुनाव का आकलन लगाते हुए लोगों को देखा जा रहा है।

## कुरडेग प्रखंड के कई स्कूलों में मनाया गया जनजातीय गौरव दिवस

**कुरडेग।** भगवान बिरसा मुंडा जयन्ती के अवसर पर प्रखंड के सभी स्कूलों में जनजातीय गौरव दिवस पखवाड़ा मनाया जा रहा है। यह पखवाड़ा 15 नवम्बर से 26 नवम्बर तक मनाया जायेगा।पखवाड़े के दौरान स्कूली बच्चों के बीच भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष और उनके जीवन पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कार्यक्रम के तहत बुधवार को राउमवि छोटकीबिउरा,बड़कीबिउरा,कालोमुंडा,राप्राविचापाडांड़,कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय सहित कई स्कूलों में नुकड़ नाटक का कार्यक्रम किया गया।बच्चों द्वारा बिरसा मुंडा एवं जनजातीय वेशभूषा धारण कर उनके जीवन एवं संघर्ष आधारित नाटक दिखाया गया।

# बानो रेलवे स्टेशन में तीन ट्रेनों के ठहराव पर रेलवे के जीएम को ज्ञापन सौंपा गया



नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** राउरकेला हटिया रेल खण्ड का निरीक्षण करने के लिए गुरुवार को दक्षिण पूर्वी रेलवे महाप्रबंधक बानो पहुंचे । ज्ञात हो की बानो रेलवे स्टेशन को अमृत भारत रेलवे स्टेशन का दर्जा मिला हुआ है। अमृत भारत रेलवे स्टेशन का दर्जा मिलने के उपरांत रेलवे स्टेशन के विकास के लिए कई सारे काम लगातार किए जा रहे हैं। रेलवे स्टेशन का कायाकल्प दिन प्रतिदिन हो रहा है,लेकिन यहां के जनता की ट्रेनों की ठहराव की बहुत चर्चित मांग अब तक पूरी नहीं हो पाई है। भाजपा मंडल अध्यक्ष बानो बालमुकुंद सिंह और सुनील सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पर्व सांसद अर्जुन मुंडा,रांची सांसद संजय सेठ,मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, और डीआरएम रांची को पूर्व में कई बार तीन ट्रेनों मौर्य एक्सप्रेस, भुवनेश्वर धनबाद एक्सप्रेस और जयनगर राउरकेला एक्सप्रेस के ठहराव हेतु ज्ञापन सौंपा गया है पर अब तक उसे पर कोई भी पहल नहीं हुई है। इसी के निमित्त आज पुनः भाजपा मंडल अध्यक्ष बानो बालमुकुंद सिंह और मुखिया बानो विश्वनाथ बड़ाइक,के अगुवाई में सुनील सिंह,संजय मिश्रा,धीरज गुप्ता,प्रकाश बड़ाइक,भूषण साहू,युवा मोर्चा अध्यक्ष अनूप साहू,एवं ग्रामीणों के साथ रेलवे के जीएम को ज्ञापन सौंपा गया ।

## दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक में बानो रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण



बानो - हटिया -राउरकेला रेल खण्ड के विभिन्न स्टेशनों का निरीक्षण के लिए गुरुवार को दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल मिश्रा बानो पहुँचे । निरीक्षण के क्रम में रेलखंड के कनारोवा स्टेशन से बंडामुंडा तक रेलवे लाईन के दोहरी करण कार्य का निरीक्षण किया । इस क्रम में नवागांव स्टेशन के समीप कोयल नदी व कनारोवा स्टेशन के समीप निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण किया इधर बानो पहुँचने पर बानो स्टेशन के बानो स्टेशन मास्टर से मुलाकात कर रेलवे स्टेशन, परिचालन के बारे में जानकारी लिये अमृत महोत्सव के अवसर पर बानो स्टेशन को मॉडल स्टेशन बनाने के लिए चल रहे कार्य ,स्टेशन भवन , पार्किंग ,यात्रियों के अतिथि शाला ,लिफ्ट ,कैंटीन आदि कार्यों का निरीक्षण किया । दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल मिश्रा नेपत्रकारों से कहा कि जल्द ही ट्रेनों के ठहराव पर विचार किया जाएगा । पूर्व में रांची से कनारोवा स्टेशन तक दोहरीकरण कार्य हो चुका है । अगले वर्ष कार्य पूर्ण हो जाएगा। बानो इस रूट का मुख्य स्टेशन है बानो में लिफ्ट ,फुट ओभर ब्रीज ,गाड़ी पार्किंग, अतिथि शाला का निर्माण किया जाएगा ।

# किनकेल के पास मोटरसाइकिल सवार गिरकर घायल

नवीन मेल संवाददाता



**केरसई।** केरसई थाना क्षेत्र के किंकल बाजार टोली के पास गुरुवार को दोपहर में मोटरसाइकिल सवार रजत केरकेट्टा नामक 19 वर्षीय युवक सड़क दुर्घटना में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को वहां के स्थानीय लोगों की मदद से इलाज हेतु सिमडेगा सदर अस्पताल लाया गया, जहां पर चिकित्सकों की देखरेख में इलाज चल रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कुसुमटोली गांव निवासी रजत केरकेट्टा किसी काम को लेकर सिमडेगा की ओर आ रहा था, इसी दौरान किनकेल बाजारटोली के पास नियंत्रण खोकर गिरा और माथे में चोट लगी ।इधर सदर अस्पताल सिमडेगा में इलाज चल रही है बताया गया की स्थिति नाजुक बनी हुई है।

# घरेलू विवाद में युवक ने कीटनाशक पीकर की आत्महत्या का प्रयास



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत जोकबहार पंचायत के बिरनीबेड़ा गांव निवासी 23 वर्षीय नयरंजन डांग नामक युवक ने घरेलू विवाद में तंग आकर घर में फसल में लगाने के लिए ले गए कीटनाशक को पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। अचानक उसकी बिगड़ती तबीयत को देख परिवार वालों ने निजी वाहन से उसे सिमडेगा सदर अस्पताल लाया गया जहां पर चिकित्सकों के द्वारा इलाज की गई और उसकी स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उसे राजधानी रांची रेफर करने की बात कही मिली जानकारी के अनुसार नयरंजन डांग किसी बात को लेकर घर में नाराज हो गया और गुस्से में उसने आत्महत्या करने की ठान ली और कीटनाशक का सेवन कर लिया ।इधर सदर अस्पताल में उसकी उपचार चल रही थी ,समाचार लिखे जाने तक रांची रेफर नहीं किया जा सका था।

# प्रशासनिक लापरवाही की वजह से नदियों से हो रही है अवैध बालू की तस्करी

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** बालू की समस्या विकराल रूप लेता हुआ नजर आ रहा है लगातार सरकार के पांच साल कार्यकाल पूरा होने का बावजूद नदी घाटों में बालू का टेंडर नहीं होने की वजह से धड़ल्ले से अवैध रूप से बालू की तस्करी का बदस्तूर जारी है। विधानसभा चुनाव में बालू का मुद्दा लगातार चुनावी मुद्दा के रूप में देखा गया और सभी सरकार के प्रत्याशी अपनी अपनी ओर से बालू पर राजनीतिक भाषणों में जमकर बवाल काटा। हालांकि बालू को लेकर किसी प्रकार की कोई भी ठोस पहल नहीं होने की वजह से आज भी प्रशासनिक लापरवाही के कारण जिले की नदियों से अवैध बालू का कारोबार फल फूल रहा है। एनजीटी कानून के अनुसार 15 अक्टूबर तक नदियों का बालू का उठाव पूरी तरह से वर्जित था, लेकिन उसके बाद आदर्श आचार संहिता लागू हुआ और प्रशासन चुनावी कार्य में व्यस्त हो गया। इसी का फायदा उठाकर बालू माफिया धड़ल्ले से नदियों का दोहन करते हुए बालू उठाकर महंगे दामों में शहरों में बेच रहे हैं। आज सरकारी हो या गैर सरकारी सभी योजनाओं के लिए बालों की आवश्यकता है। लेकिन बालू कहां से मिलेगी इसके लिए किसी प्रकार की ठोस कोई भी व्यवस्था नहीं बनाई गई है। जिसका लाभ ट्रैक्टर मालिक उठा रहे हैं और पहले सुबह नदियों से बालू का उठाव की जाती है। नदियों में जाकर देखने से इसकी स्थिति स्पष्ट होगी कि बालू का कारोबार चल रहा है। प्रत्येक दिन सैकड़ों की संख्या में जिले के विभिन्न नदी घाटों से बालू उठाव कर सरकारी काम हो या फिर निजी कामों में महंगे दामों में बालू का सप्लाई जारी है जिसे देखने वाला कोई नहीं है। जिले के पालामाडा नदी एवं गरजा स्थित संगम तट, बानो के कोयल नदी ,बोलबा के शंख नदी एवं लचरागढ़ के देव नदी से तथा छिंदा नदी से बालू का उठाव जारी है। सूत्रों की माने तो बालू उठाव करने वाले ट्रैक्टर चालक थाना से लेकर नदी घाट तक जगह-जगह पर प्रशासन की हर गतिविधि पर नजर रखते हैं ताकि प्रशासनिक हलचल होने पर तुरंत अलर्ट होकर काम को रोक दे और इसी प्रकार से उनका काम चलता रहे।

## देवबहार के पास एक ही मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोग गिरे दो की हालत गंभीर



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा केरसई मुख्य मार्ग रेंगारिह देवबहार के पास गुरुवार को दोपहर में एक ही मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोग अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे गिरे ,जिससे दो लोगों को गंभीर चोट लगी जबकि एक को हल्की चोट लगी। इधर स्थानीय लोगों के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई ।जिसके बाद रेंगारिह थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को पुलिस वैन की मदद से इलाज हेतु सिमडेगा सदर अस्पताल पहुंचाया। मिली जानकारी के अनुसार रेंगारबहार गांव निवासी डहरू माझी अपने दो साथी जगमोहन माझी एवं अमित नायक के साथ सिमडेगा शहर की ओर आ रहा था। हल्के नशे में होने की वजह से तीव्र गति से मोटरसाइकिल चला रहा था और मोड़ में नियंत्रण होते हुए पुलिया से नीचे जा गिरा ,जिससे कि अमित नायक एवं जगमोहन माझी के माथे में गंभीर चोट लगी और मौके पर दोनों बेहोश हो गए जबकि चालक डहरु को हल्की चोट लगी। इधर सदर अस्पताल सिमडेगा में दोनों घायलों का इलाज किया गया। बताया जा रहा है कि हेलमेट नहीं होने की वजह से दोनों के माथे में गंभीर चोट लगी है। वहीं पुलिस ने मौके पर दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिल को अपने कब्जे में ले लिया और मामले की छानबीन कर रही है।

## पुलिस को चकमा देकर सदर अस्पताल के शौचालय से कैदी फरार

**सिमडेगा।** मंडलकारा के बंद एक विचाराधीन कैदी बुधवार की सुबह सदर अस्पताल के शौचालय से पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। बताया गया कि आरोपी प्रदीप प्रधान 12 नवम्बर की शाम पेट में दर्द होने की शिकायत पर मंडलकारा कर्मियों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया था। बताया गया कि बंदी प्रदीप प्रधान को उसकी सुरक्षा में तैनात पुलिस जवानों ने उसे बिना हथकड़ी लगाए ही शौचालए ले गए थे। पुलिस के अनुसार बंदी ने शौचालय के अंदर से पुलिस कर्मी से गमछा मांगा। पुलिस कर्मी गमछा लाने गया। इसी दौरान वह मौका देख फरार हो गया। जिसकी सूचना के बाद एसडीपीओ बैजू उरांव सदर अस्पताल पहुंच कर सीसीटीवी खंगालते हुए मामले में अग्रतर कार्रवाई शुरू कर दी है। एसपी सौरभ कुमार ने कहा कि संबंधित मामले की जांच कर दोषी कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस फरार बंदी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

# सदर अस्पताल में लंबे समय से बायो वेस्ट का नहीं हो रहा है निपटान, संक्रमण का खतरा

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिले में एकमात्र लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने वाली सदर अस्पताल में इन दोनों संक्रमण फैलने का खतरा मंडरा रहा है। बताया जा रहा है कि सदर अस्पताल सिमडेगा से निकलने वाली बायो वेस्ट एक महीना से निपटान नहीं होने की वजह से सदर अस्पताल के आपातकालीन द्वार के बगल में डंप किया जा रहा है इससे बदबू और गंदगी की वजह से संक्रमण फैल सकता है ,जिसे देखने वाला कोई नहीं है। बताया गया कि सदर अस्पताल के प्रसुति कक्ष एवं अन्य जगहों से निकलने वाले बायो वेस्ट का समय पर निपटान किया जाता है, ताकि उसके दुर्गंध और अपशिष्ट पदार्थ से किसी प्रकार की कोई भी परेशानी ना हो ,लेकिन इसके बावजूद किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही है। जहां पर इसे जमा किया जा रहा है उसके ठीक बगल में कुपोषण वार्ड ,कैंटीन है एव ड्रेसिंग रूम ऐसे में वहां से निकलने वाली दुर्गंध से छोटे बच्चे एवं कैंटीन में आने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर इसका असर पड़ रहा है।

## क्या कहते है सिविल सर्जन एवं नगर परिषद



इधर इस मामले में सिविल सर्जन डॉक्टर रामदेव पासवान से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामले को गंभीरता से लिया गया है और नगर परिषद सिमडेगा को कई बार पत्राचार किया गया है और दूरभाष के माध्यम से भी सूचना दी गई है ,लेकिन किसी प्रकार से कोई भी सुनवाई नहीं हो रही है जिसको लेकर वह काफी परेशान है। इधर इस मामले में नगर परिषद के सिटी मैनेजर से बात की गई तो उन्होंने कहा कि नगर परिषद सिमडेगा द्वारा पूर्व में केलाघाघ डैम के किनारे कचरा डंप किया जाता था ,जिसे उपायुक्त के निर्देश पर बंद कर दी गई है। नगर परिषद द्वारा टापूडेगा में खरीदी गई भूमि पर कचरा डंप करने के लिए गयी जिसे ग्रामीणों के द्वारा विरोध किया जा रहा है ।इसके अलावा अन्य जगहों पर भी कचरा डंप के लिए कोशिश किया गया ,लेकिन ग्रामीणों के विरोध की वजह से कचरा डंप नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में शहर से निकलने वाली कचरा को जमा करने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।उन्होंने कहा कि जल्द ही इस मामले में वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी ताकि इस समस्या से निजात दिलाया जा सके।

## कुरडेग के परकला में खुला भारत पेट्रोलियम का पेट्रोल पंप

**कुरडेग।** कुरडेग सिमडेगा मुख्य पथ के परकला में गुरूवार को भारत पेट्रोलियम के वनदूर्गा फ्यूल पंप का उद्घाटन रामरेखा धाम से आये संत ने फीता काटकर किया। इस मौके पर धाम से आये संत ने कहा कि विनम्रता और संघर्ष ही जीवन में आगे बढ़ने के गुण हैं इसी के साथ जीवन में ऊँचाईयों तक पहुंचा जा सकता है । उद्घाटन से पूर्व पंप के संचालक रंथु साहू ने परिवार के साथ पूरे विधि विधान के साथ पंप का पूजा पाठ कराया। साथ ही सभी अतिथियों का स्वागत किया।इस दौरान उन्होंने कहा कि इस पेट्रोल पंप के खुलने से आस पास के ग्रामीणों को पेट्रोल डीजल के लिए परेशान नही होना पड़ेगा लोग आसानी से इस नये पेट्रोल पंप से पेट्रोल डीजल ले सकेंगे पहले एक पेट्रोल पंप होने से कभी कभी तकनीकी खराबी के कारण लोगों को पेट्रोल डीजल मिलने में परेशानी हो जाती थी कुरडेग जैसे जगह पर अब दो पेट्रोल पंप होने से पेट्रोल डीजल की कमी नही होगी।

# रामरेखा धाम धार्मिक मेले के सफलतापूर्वक आयोजन के पश्चात हुई समीक्षा बैठक

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** श्रीरामरेखा धाम में कार्तिक पूर्णिमा धार्मिक मेले के सफलता पूर्वक आयोजन के पश्चात् अध्यक्ष और महंत अखंडदास महाराज की अध्यक्षता में श्रीरामरेखा धाम विकास समिति की समीक्षा बैठक श्री देवराहा बाबा आश्रम में आयोजित की गई।जिसमें मेले का आय व्यय प्रस्तुत कर आयोजित मेले की कमीयों पर चर्चा की गई एवं उन कमियों को अगली बार पूर्ण करने की बात रखी गई।महंत अखंडदास जी महाराज ने सभी श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान करते हुए प्रभु श्रीराम से, गुरु महाराज संतश्रीरामरेखा बाबा से सभी के लिए सुख समृद्धि की कामना की। श्रीरामरेखा धाम विकास समिति ने मेले के सफलतापूर्वक आयोजन में सहयोग के लिए समस्त कार्यकर्त्ता एवं स्वयंसेवकों का, शाखा समितियों का,पुलिस एवं प्रशासन का, स्वास्थ्य विभाग, बिजली और पानी सप्लाई विभाग, समस्त मिडिया का आभार व्यक्त किया। मौके पर धाम दायित्ववान पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## तीन गांजा तस्करों को मिली 16-16 वर्ष कैद की सजा

**सिमडेगा।** एडीजे नरंजन सिंह की अदालत ने बुधवार को गांजा तस्करी मामले में सुनवाई करते हुए तीन गांजा तस्करों को 16-16 वर्ष कारावास और 170000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। इस मामले में ठेठईटांगर थाना कांड संख्या 18/2021 के तहत मामला दर्ज है। बताया गया कि 15 अप्रैल 2021 की शाम पुलिस थाना मोड़ के समीप वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी क्रम में ओड़िसा की ओर से आ रही एक बोलेरो को पुलिस टीम ने रोकने का प्रयास किया। इधर पुलिस को देखकर गांजा तस्कर भागने लगे। पुलिस ने दौड़ाकर तीनों गांजा तस्करों को दबोच लिया। बाद में वाहन की तलाशी ली गई जिसमें पुलिस को 117 किलो 800 ग्राम जब्त किया गया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज करते हुए तीनों आरोपी शिवजी पासवान, ओमप्रकाश पांडे और कामेश्वर चौहान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

## 51 से अधिक सीटों पर एनडीए की जीत : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद गुरुवार को प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने विधानसभा प्रभारियों से बात कर फीडबैक लिया। शुक्रवार को विस्तारकों और चुनाव प्रभारियों के साथ बैठक करेंगे। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार जा रही है। बीजेपी-एनडीए की सरकार आ रही है। मजबूत सरकार और विकसित झारखंड बनाने के लिए लोगों ने बड़ी संख्या में मतदान किया है। 51 से अधिक सीटों पर एनडीए जीत दर्ज करेगा। यहां एनडीए की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। झारखंड बीजेपी अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सुबह लगभग 11 बजे वे प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने भाजपा के विधानसभा चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह समेत अन्य पदाधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस दौरान वे पार्टी कार्यकर्ताओं से भी मिले। बाबूलाल मरांडी शाम में आवास पहुंचे और विधानसभा प्रभारियों से अलग-अलग बातचीत की। पार्टी के प्रदर्शन के संबंध में उनसे फीडबैक लिया। इस दौरान उन्होंने प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ भी बातचीत की। शुक्रवार को बाबूलाल मरांडी प्रदेश भाजपा कार्यालय में चुनाव कार्य में लगे विस्तारकों और चुनाव प्रभारियों के साथ बैठक करेंगे।

# धनबाद के मैथन डैम में तीन युवक डूबे, दो की लाश मिली

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** मैथन डैम घूमने आए 6 दोस्तों में से तीन युवक नहाने के क्रम में डैम में डूब गए। घटना के बाद जैसे ही घर वालों को पता चला आनन-फानन में धनबाद से मैथन पहुंचे तब जाकर स्थानीय लोगों को पता चला। जिसमें से दो युवकों का शव निकाल लिया गया है। वहीं तीसरे की तलाश जारी। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि धनबाद के बरमसिया एवं नया बाजार से 6 दोस्तों का ग्रुप बुधवार को शाम 4 बजे मैथन डैम घूमने के लिए आया हुआ था। इसी दौरान सभी दोस्त डैम के नीचे के हिस्सा तीन टावर की समीप नहाने के लिए उतर गए। इसी दौरान एक-एक करके तीन युवक डूब गए, जबकि तीन युवक डर कर मैथन में बिना किसी को बताए वापस धनबाद चले गए।

इस दौरान बाकी युवक घर नहीं पहुंचे तो घर वालों ने उन युवकों से पूछताछ की, पहले तो तीनों युवक कुछ भी नहीं बता रहे थे लेकिन बाद में दबाव डाला गया तो एक युवक ने बताया कि वे मैथन डैम में घूमने गए थे और नहाने के दौरान संध्या करीब 4:30 बजे तीन दोस्त डूब गए। जानकारी मिलने पर धनबाद से लोग मैथन डैम पहुंचे। तब घटना मैथन में आग की तरह फैल गई।



### जामताड़ा : तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत



**जामताड़ा।** जामताड़ा जिले के कठबरारी बुढ़वा तालाब में नहाने के दौरान दो भाई बहनों के डूबने से गुरुवार को मौत हो गयी। घटना करमांटाड थाना के कठबरारी का है। जहां दोनों बच्चों की पहचान गांव के सुभाष मंडल के पुत्र सोनू कुमार (3) और पुत्री सरस्वती कुमारी (2) के रुप में हुई है। दोनों मां के साथ नहाने तालाब किनारे गए थे। तलाब किनारे मां कपड़ा धोने में व्यस्त हो गई। तभी बच्चें नहाने लगे। बच्चे कब आंखों से ओझल हो गए। मां को पता भी नहीं चला। शव को तालाब में देख मां जोर-जोर से रोने लगी। इसके बाद आस-पास के लोग और परिजन पहुंचे। इसकी सूचना कमार्टांड़ थाना को दी गयी। इसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए जामताड़ा सदर अस्पताल भेज दिया।

मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन, सीओ कृष्ण मरांडी सीआईएसएफ के जवान एवं स्थानीय लोगों ने बुधवार को घटनास्थल पर पहुंचकर खोजबीन का प्रयास किया। अंधेरा होने के कारण खोजबीन में सफलता नहीं मिली। गुरुवार सुबह से फिर तलाश शुरू की गई। स्थानीय लोगों की मदद से सुबह 10:00 बजे युवराज सिंह का शव गहरे पानी से बाहर निकाल गया। थोड़ी देर बाद लगभग 10:15 बजे जयद हुसैन का भी शव बाहर निकाला गया। अब तक नयाब गदी शव नहीं मिला है।

परिजनों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि अगर प्रशासन ने तत्परता दिखाई होती तो शायद बच्चों को बचाया जा सकता था। वहीं स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि ने बताया कि घटना का सूचना मिलते ही स्थानीय लोग एवं प्रशासन काफी मुस्तैद दिखे और लगातार शव को खोजने में कड़ी मशक्कत कर रहे हैं। सीओ कृष्णा मरांडी ने बताया कि जैसे ही सूचना मिली वैसे ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचकर एवं स्थानीय लोगों की मदद से खोजबीन जारी कर चुकी थी। रात होने की वजह से थोड़ी दिक्कतें आई थी परंतु सुबह होते ही दो शव को बाहर निकाल लिया गया है और तीसरे शव को भी जल्द से जल्द बाहर निकाल लिया जाएगा। इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को दी जा चुकी है।

# गोड्डा में इलाजरत कैदी की वार्ड के शौचालय में गिरने से मौत



**दुमका (हि.स.)।** गोड्डा के कैदी निमाय चंद्र महतो की गुरुवार की सुबह शौचालय में गिर जाने से उसकी मौत हो गई। घटना मेडिकल कालेज अस्पताल के कैदी वार्ड में घटी है। जानकारी के अनुसार बीते सात अक्टूबर से कैदी वार्ड में निमाय चंद्र का इलाज चल रहा था। चेहरे पर चोट आने की वजह से घरवालों ने जेल प्रशासन पर हत्या करने का आरोप लगाकर पोस्टमार्टम से इंकार कर दिया। सच्चाई पता चलने के बाद घर वालों पोस्टमार्टम के लिए तैयार हुए। गोड्डा के शामपुर निवासी निमाय चंद्र महतो (53) वर्ष 2008 से हत्या के आरोप में उम्रकैद की सजा काट रहा था। वर्ष 2022 में उसे केंद्रीय जेल में शिफ्ट कर दिया गया। दो माह से वह ब्लड प्रेशर के साथ कई और बीमारी की चपेट में आ गया। जेल के हालत ज्यादा खराब होने पर सात अक्टूबर को उसे अस्पताल के कैदी वार्ड में भर्ती कराया गया।

वह गुरुवार की सुबह शौचालय जाने के क्रम में अंदर गिर गया और चेहरे पर चोट लग जाने से उसकी मौत हो गई। जेल प्रशासन ने इसकी सूचना परिजन एवं उपायुक्त को दी। उपायुक्त के आदेश पर कार्यपालक दंडाधिकारी गौतम मोदी के निगरानी में शव का पोस्टमार्टम हुआ।

मृतक कैदी के भांजा अनिल महतो व भतीजे आशुतोष महतो ने बताया कि सात अक्टूबर को जेल की ओर से फोन कर बताया कि निमाई की तबीयत खराब है। पांच दिन पहले कैदी ने फोन कर बताया कि डेंगू हो गया है। कंबल लाकर दो। कंबल देने के बाद बात की। उस समय चेहरे पर कोई चोट नहीं थी। मौत के बाद शव आकर देखा तो चेहरे पर घाव था। जरूर उसके साथ मारपीट की गई है। भांजा ने जब वार्ड के सुरक्षा कर्मियों से बात की तो पता चला कि सुबह शौचालय जाने के क्रम में गिर गया था। पहले से बीमार था, इसलिए चोट लगने के बाद मौत हो गई। इसके बाद घरवालों का गुस्सा शांत हुआ और पोस्टमार्टम कराकर शव को अंतिम संस्कार के लिए ले गये। दुमका के अधीक्षक केंद्रीय जेल कुमार चंद्रशेखर ने बताया कि कैदी का वार्ड में उसका इलाज चल रहा था। वार्ड की सुरक्षा का दायित्व जिला बल के जवानों पर है। जेल का इसमें कोई भूमिका नहीं है। घरवालों को कई बार पत्र भेजकर देखभाल के लिए बुलाया गया, लेकिन कोई नहीं आया।

## एनडीए गठबंधन रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेगी : नीलकंठ रवानी

**नवीन मेल संवाददाता**



**राजगंज।** विधानसभा चुनाव में जनता की कीमती वोट से राज्य में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही है। उक्त बातें भाजपा ग्रामीण जिला मीडिया प्रभारी नीलकंठ रवानी ने कही। श्री रवानी ने कहा कि धनबाद जिला के टुंडी, बाघमारा, धनबाद, झरिया,निरसा व सिंदरी में एनडीए गठबंधन के पक्ष में रिकॉर्ड मतदान हुआ हैं। जिससे जिले के सभी छह विधानसभा सीट पर एनडीए गठबंधन रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेंगे। श्री रवानी ने सभी एनडीए प्रत्याशियों को अग्रिम बधाई व मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आगे कहा कि हेमन्त सरकार जिस तरह कोयला का धुल तक बेचने का कार्य किया हैं।साथ ही पत्थर व नदियों के बालू तक को बेच दिया हैं। इस बार फिर से हेमन्त मुख्यमंत्री बनते तो झारखंड के माटी व बेटी सुरक्षित नहीं रहती।

## लोहरदगा बीएस कालेज में कल तक पीजी में होगा दाखिला



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

बीएस कालेज, लोहरदगा में सत्र 2024-2026 में स्नातकोत्तर में दाखिले के लिए प्रवेश प्रक्रिया 23 नवंबर तक निर्धारित की गई है। इसकी जानकारी देते हुए एडमिशन नोडल अधिकारी ने बताया कि प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के दस्तावेज सत्यापन के लिए कालेज में उपस्थित होना आवश्यक है।

मूल दस्तावेजों को लाना जरूरी है। सत्यापन के लिए दस्तावेजों की सूचीः बारहवीं कक्षा और स्नातक का एडमिट कार्ड और अंक पत्र की छाया प्रति, ओरिजिनल सीएलसी प्रमाण पत्र, ओरिजिनल माइग्रेशन प्रमाण पत्र, ओरिजिनल चरित्र प्रमाण पत्र जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रति, आवासीय प्रमाण पत्र की छाया प्रति, आधार कार्ड की छाया प्रति, ब्लड ग्रुप पत्र की छाया प्रति, एडमिशन फार्म की एक हार्ड कॉपी, विद्यार्थी एंटी रैगिंग फार्म वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन फॉर्म भरना होगा। इसे डाउनलोड कर, एक प्रति अपने पास रखने और दूसरी दस्तावेज सत्यापन के दौरान जमा करने को कहा गया है।

## छठ पूजा जागरण समिति ने जताया आभार

**लोहरदगा।** छठ पूजा जागरण समिति ने जिले के तमाम सनातन धर्मावलंबियों को शांतिपूर्ण रूप से भजन संध्या कार्यक्रम संपन्न कराने में सहयोग प्रदान के लिए धन्यवाद दिया है। समिति के अध्यक्ष तुषार आरव और सचिव दीपक साहू ने संयुक्त रूप से भजन संध्या कार्यक्रम को शांतिपूर्वक और हर्षोल्लास के साथ संपन्न करने के लिए उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, जिला पुलिस कप्तान हरीश बिन जमा, जिला पुलिस प्रशासन, सभी पूजा पंडालो के पदाधिकारी और सदस्यों, स्वास्थ्य टीम, पुलिस प्रशासन, नगर प्रशासक, विभिन्न धार्मिक समितियां के सदस्यों, आयोजन समितियों, धार्मिक संगठनों से जुड़ी महिलाओं सहित पूरे लोहरदगावासियों का आभार प्रकट किया है।

### गिरिडीह नगर निगम के सफाई कर्मियों ने किया कार्य बहिष्कार

## वोट देने के अधिकार से वंचित रखने का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** नगर निगम में तैनात सफाई कर्मियों ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सफाई कर्मियों का आरोप है कि उन्हें वोट देने के अधिकार से वंचित रखा गया। इसे लेकर गुरुवार की सुबह सफाई कर्मियों ने नगर निगम के सामने प्रदर्शन किया और फिर कार्य बहिष्कार की घोषणा कर दी। इस दौरान सफाई कर्मियों ने नारेबाजी भी की।

**सफाई कर्मियों ने सुनाई पीड़ा :** इस संबंध में गिरिडीह नगर निगम के सफाई कर्मी आकाश का कहना है कि 26 अक्टूबर को 250 सफाई कर्मियों को इलेक्शन ट्रेनिंग पर भेजा गया था। ट्रेनिंग करने के बाद सभी कर्मी वापस आ गए। बाद में सभी कर्मियों ने कहा कि वे पढ़े-लिखे नहीं हैं। ऐसे में वे लोग चुनाव कार्य नहीं कर सकते। ऐसे में सभी कर्मियों से पोलिंग बूथों की सफाई करवायी गई। साथ ही कर्मियों को बूथ पर तैनात कर दिया गया।

**डीसी से कार्रवाई की मांग :** गिरिडीह नगर निगम के सफाई कर्मियों का आरोप है कि जब 20 नवंबर को वे मतदान करने गए तो उन्हें कहा गया कि सभी का मत पड़ गया है। सफाई कर्मचारी आकाश का कहना है कि सभी 250 कर्मियों ने गिरिडीह के डीसी से मांग की है कि उन्हें मताधिकार का प्रयोग करने दिया जाए और जो भी दोषी हैं उनपर कार्रवाई की जाए।

**नगर उप आयुक्त का पक्ष :** इधर, इस संबंध में नगर उप आयुक्त प्रशांत कुमार लायक ने कहा कि मतदान से वंचित रखने का आरोप गलत है। उन्होंने कहा कि कर्मियों से ऑफलाइन मतदान करवाया गया है। जो कर्मी मतदान से वंचित रह गए थे उनसे भी मतदान के दिन से पूर्व ही वोटिंग करायी गई थी।

## 14 दिसम्बर को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन



**दुमका (हि.स.)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में 14 दिसम्बर को सुबह साढ़े 10 बजे से व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा। लोक अदालत का आयोजन नालसा, नई दिल्ली एवं झालसा, रांची के निर्देशानुसार आयोजित होगी। गुरुवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार अध्यक्ष संजय कुमार चन्द्धरियावी ने व्यवहार न्यायालय के न्यायिक पदाधिकारी संग बैठक किया। बैठक कर अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन को लेकर उचित दिशा निर्देश दिया। राष्ट्रीय लोक अदालत में कंपाउंडेबल केसेस, एनआई एक्ट केसेस, एमएसीटी एक्ट, फैमिली कोर्ट केसेस, लेबर एक्ट, सिविल केसेस, बैंक रिकवरी केसेस, इलेक्ट्रिसिटी केसेस, फॉरेस्ट केसेस, एक्साईज केसेस आदि संबंधित मामलों का निष्पादन किया जाएगा।

राष्ट्रीय लोक अदालत का प्री काउंसलिंग सिटिंग जो 14 अक्टूबर से ही प्रारंभ है। जिसमें अब तक सैकड़ो वादों का निष्पादन किया जा चुका है। प्रधान जज ने राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में वादों का निपटारा कर लाभ उठाने का अपील किया है।

## साइबर ठगी का शिकार हुआ युवक, एक लाख की ठगी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



लोहरदगा जिले में साइबर ठगी का मामला सामने आया है। सरकारी योजनाओं का झांसा देकर युवक से साइबर ठगों ने 01 लाख रुपए की ठगी की है। पीड़ित युवक ने लोहरदगा एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

जिले के भंडरा थाना क्षेत्र के भीठा गांव निवासी ओम प्रकाश साहू नामक युवक को साइबर ठगों ने निशाना बनाया है।

ठगों ने युवक को फोन कर झारखंड सरकार के योजनाओं का लाभ दिलाने और खाता में सरकारी राशि के पैसे डालने की बात कहकर बैंक खाता का ओटीपी ले लिया जिसके बाद 01 लाख रुपए युवक के खाते से निकाल लिये। पीड़ित युवक ओमप्रकाश साहू ने लोहरदगा एसपी को लिखित आवेदन देकर गुहार लगाते हुए कहा की उसके मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात नंबर 9771564004 से कॉल आया और झारखंड सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने की बात कही गई।

साथ ही खाता में पैसे डालने के लिए केवाईसी की बात कह ओटीपी मांगा गया और खाते से इलाज के लिए रखे 01 लाख रुपए की ठगी कर ली गई। युवक ने लोहरदगा एसपी हारिस बिन जमां से आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## परकला में खुला भारत पेट्रोलियम का पेट्रोल पंप

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुरडेग।** कुरडेग सिमडेगा मुख्य पथ के परकला में गुरूवार को भारत पेट्रोलियम के वनदूर्गा फ्यूल पंप का उद्घाटन रामरेखा धाम से आये संत ने फीता काटकर किया। इस मौके पर धाम से आये संत ने कहा कि विनम्रता और संघर्ष ही जीवन में आगे बढ़ने के गुण हैं इसी के साथ जीवन में ऊँचाईयों तक पहुंचा जा सकता है । उद्घाटन से पूर्व पंप के संचालक रंथु साहू ने परिवार के साथ पूरे विधि विधान के साथ पंप का पूजा पाठ कराया। साथ ही सभी अतिथियों का स्वागत किया।इस दौरान उन्होंने कहा कि इस पेट्रोल पंप के खुलने से आस पास के ग्रामीणों को पेट्रोल डीजल के लिए परेशान नही होना पड़ेगा लोग आसानी से इस नये पेट्रोल पंप से पेट्रोल डीजल ले सकेंगे पहले एक पेट्रोल पंप होने से कभी कभी तकनीकी खराबी के कारण लोगों को पेट्रोल डीजल मिलने में परेशानी हो जाती थी कुरडेग जैसे जगह पर अब दो पेट्रोल पंप होने से पेट्रोल डीजल की कमी नही होगी । आम जनता को सही एवं शुद्ध डीजल व पेट्रोल उपलब्ध कराना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। नये पेट्रोलपंप से पेट्रोल लेनेवाले भूनेश्वर साहू पहले ग्राहक बने। इस मौके पर थाना प्रभारी नवीन कुमार, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल,मनोज साय, अनुज श्रीवास्तव, जगदीश जयसवाल, मानिकचन्द जयसवाल, सीताराम गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## एमजीएम के इमरजेंसी में बेड कम, स्ट्रेचर पर मरीज



**जमशेदपुर।** एमजीएम अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में मरीजों की भीड़ के कारण बेड कम पड़ गए। इससे मरीजों को जांच के बाद डॉक्टर स्ट्रेचर पर रखने लगे हैं ताकि इलाज किया जा सके। बताया जाता है कि इमरजेंसी वार्ड में 50 से ज्यादा बेड है लेकिन रोज इमरजेंसी में 70 से ज्यादा मरीज ऐसे पहुंचते हैं। जिन्हें भर्ती करना आवश्यक है। हालांकि एमजीएम के इमरजेंसी वार्ड में बेड बढ़ाने की कवायद कई बार शुरू हुई लेकिन उचित जगह नहीं मिलने से मरीज को परेशानी कायम है।

## गिरिडीह में पत्थर से कूचकर किशोर की हत्या, जांच में जुटी पुलिस



**गिरिडीह।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पांडेयडीह मैगजीनिया के पास गुरुवार को एक किशोर का शव बरामद किया गया है। मृत किशोर का सिर बुरी तरह से कुचला हुआ है। साथ ही शरीर पर चोट के कई निशान हैं। ऐसे में पत्थर से कूचकर किशोर की हत्या की आशंका जताई जा रही है। वहीं शव मिलने की सूचना पर इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही गुरुवार को मुफस्सिल थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो ने बताया कि मृत किशोर का चेहरा और सिर बुरी तरह से कुचला हुआ है। ऐसे में प्रथम दृष्टया पत्थर से कुचलकर किशोर की हत्या करने का मामला प्रतीत होता है। किशोर की हत्या कर शव को उसरी नदी के ठीक ऊपर ट्रैक्टर के चलने से बने गड्ढ़े के अंदर छिपाया गया था। थाना प्रभारी ने बताया कि घटनास्थल के पास काफी देर तक छानबीन के दौरान एक स्थान पर किसी का जूता नजर आया। साथ ही वहां काफी सारा पत्थर रखा हुआ था। जब पत्थर को हटाया गया तो अंदर शव मिला। मृतक ने काला रंग का फूल पैंट और गुलाबी रंग का शर्ट के साथ टीशर्ट पहन रखा था। मृतक की उम्र लगभग 14 वर्ष के आसपास है। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो ने कहा कि संभवतः दो दिन पूर्व ही किशोर की हत्या कर दी गई है। चूंकि इलाका जंगली है और यहां पर अमूमन लोग आते नहीं है इस कारण लोगों को पता नहीं चल सका। गुरुवार को घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। उन्होंने कहा कि पुलिस शव की शिनाख्त करने में जुटी है। साथ ही अलग-अलग टीम पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है। घटना के संबंध में वरीय अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

# एनएमएल ने नोवासेंसा को दिया वेस्ट पीसीबी से जुड़ा टेक्नोलॉजी डेमांस्ट्रेशन

### म्यूनिसिपल इकाई भी नोवासेंसा से संपर्क कर कचरा निष्पादन कर पाएंगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** दिल्ली की कंपनी मेसर्स नोवासेंसा प्राइवेट लिमिटेड ने ई-वेस्ट रिसाइक्लिंग प्लांट स्थापित करने के लिए राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला, जमशेदपुर से टेक्नोलोजी लेने को करार किया था। इस करार (एमओयू) में वेस्ट प्रिंटेड सर्किट बोर्ड (पीसीबी) से कॉपर, अल्यूमिनियम और गोल्ड का पुनर्चक्रण करने के लिए तकनीकी का हस्तांतरण हुआ था। इस दिशा में गुरुवार को एमओयू के अनुरूप राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (एनएमएल) में तकनीक को प्रयोगशाला स्तर पर करके दिखाया गया। तकनीकी पर्यावरण अनुकूल हैं एवं इसके सही निष्पादन से पर्यावरण स्वच्छ होगा, बेरोजगार युवकों को नौकरी मिलेगी एवं असंगठित इकाई संगठित होकर कचरा उठाव एवं निष्पादन इस प्लांट द्वारा कर सकेंगे। म्यूनिसिपल इकाई भी इस कंपनी से संपर्क कर कचरा निष्पादन कर पाएंगी। नोवासेंसा प्राइवेट लिमिटेड खराब हो चुके प्रिंटेड सर्किट बोर्ड (पीसीबी) का प्रॉसेसिंग करके कीमती एवं बहुमूल्य धातुओं कॉपर, अल्यूमिनियम और गोल्ड इत्यादि का निष्कर्षण करेगा। जो पूर्ण रूप से ई-कचरा के लिए बहुमूल्य तोहफा हैं, कारण रिसाइक्लिंग जीरो वेस्ट कांसेप्ट पर कार्य करेगा। इस मौके पर एनएमएल, जमशेदपुर के निदेशक डॉ संदीप घोष चौधरी, परियोजना प्रमुख डॉ मनीष कुमार झा, प्रभाग प्रमुख डॉ संजय कुमार, डॉ झुमकी हैत, डॉ एसके साहु, डॉ रंजीत कुमार सिंह, डॉ कृष्णा कुमार, डॉ अंकुर शर्मा, शिवेंदर सिन्हा एवं टीम शोधार्थी डॉ रेखा पांडा, रुकसाना परवीन, करीना रानी ने तकनीकी हस्तांतरण में अपना योगदान दिया। इनके अलावा व्यापार प्रमुख डॉ एसके पाल और डॉ बीणा कुमारी तकनीकी हस्तांतरण डॉक्यूमेंटेशन करवाने में अपना सहयोग किया। डॉ अंजनी कुमार साहु ने एमओयू संबंधित कार्यों एवं ई-वेस्ट रिसाइक्लिंग के क्षेत्र में भारत में भावी संभावनाओं की ओर मीडिया को इंगित किया।



### पीसीबी से गोल्ड, कॉपर निकालने का नया तरीका

एनएमएल पहले भी राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर पर ई-कचड़ा निष्पादन के लिए तकनीकी हस्तांतरण कर चुका है। सर्वप्रथम प्रिंटेड सर्किट बोर्ड को प्री-ट्रीटमेंट और फिजिकल बेनीफिसिएसन पद्धति द्वारा इपोक्सी रेसिन (प्लास्टिक) एवं धातु मिश्रण को अलग कर लिया जाता है। फिर हैड्रोमेटलर्जी पद्धति का प्रयोग कर गोल्ड, कॉपर और अल्यूमिनियम को निकाल लिया जाता है। सारे मेटल से मार्केट की जरूरत के हिसाब से मेटल साल्ट या मेटल उत्पादन किया जाता है। स्केल अप प्रॉसेस का डेमोंस्ट्रेसन एवं ट्रेनिंग नोवासेंसा के लोगों को एनएमएल द्वारा दिया गया। नोवासेंसा जल्द ही इस टेक्नॉलाजी को व्यवसायिक स्तर पर लगाने जा रहा है।


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



**अज्ञात पुरूष का शव उम्र करीब–40 वर्ष, रंग–सॉवला, बाल अध पक्का, दाड़ी–मुँछ अध पक्का,**

उपरोक्त अज्ञात पुरूष का शव ओरमॉझी थाना अन्तर्गत दिनांक–03.10.2024 को बरामद किया गया। जिसके संबंध ओरमॉझी थाना काण्ड सं0–150/2024, दिनांक–03.10.2024 दर्ज किया गया है। इनकी पहचान हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि आपको इस अज्ञात पुरूष के शव के बारे में जानकारी हो तो वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय रॉंची में या संबंधित थाना या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, कोतवाली, रॉंची। –9431770077
थाना प्रभारी हिन्दपीढ़ी, रॉंची। –9431706164

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची

PR 340233 Police(24-25)#D

आध्यात्मिक पथ तलवार की धार के समान है। वह सरल तो कदापि नहीं है। महानता और ईश्वर-साक्षात्कार को पाने का मूल्य है, एकान्त। जब मैं एकान्त में होता हूँ, मैं ईश्वर के साथ होता हूँ। तुम्हें उसी प्रकार बनना है। - श्री श्री परमहंस योगानंद, 'शिष्यों को दिये एक प्रवचन में'



संपादकीय

# पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा दे झारखंड और केंद्र

कुछ दिनों पूर्व सुप्रीम कोर्ट ने पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल करने की मांग वाली एक याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा था। जो प्रासंगिक एवं भारत के पारंपरिक चिकित्सा को प्रोत्साहन देने का सराहनीय प्रयास है। झारखंड सहित भारत के बड़े हिस्से में पारंपरिक जड़ी बूटियों से इलाज का लंबा इतिहास है जो उपेक्षा और शोध के बिना हाशिये पर चला गया है इस पहल से एक बड़ी आबादी को सस्ती एवं अचूक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। भारत में जब से मीडिया खास तौर पर इंटरनेट का व्यापक प्रसार हुआ तब से जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, जैसे-जैसे चिकित्सा-विज्ञान का विकास हो रहा है, नयी-नयी बीमारियां एवं उनका महंगा इलाज बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। इसलिये सईद इफेक्ट्स से मुक्त पारंपरिक चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद पर भरोसा और दुनिया में इसकी मांग, दोनों में वृद्धि हुई है। सरकार को पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को पूरी दुनिया में ज्यादा स्वीकार्य बनाने के लिए काम करते हुए एक अभिनव स्वास्थ्य क्रांति का सूत्रपात करना चाहिए। प्रधानमंत्री भारत की समृद्ध एवं प्रभावशाली परंपराओं यानी योग, आयुर्वेद आदि को बल दे रहे हैं। आयुष मंत्रालय को सक्रिय बनाने के अलावा आधुनिक चिकित्सा को सस्ता एवं जनसुलभ बनाने के लिए भी योजनाएं ला रहे हैं। इन्हीं संदर्भों में सुप्रीम कोर्ट में पिछले दिनों दायर इस याचिका में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को शामिल करने की मांग समयोचित एवं सूझबूझभरा प्रयास है। ऐसा करने से जहां एक बड़ी आबादी को सस्ती स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगी, वहीं पारंपरिक चिकित्सा को भी बढ़ावा मिलेगा। भारत की पारंपरिक चिकित्सा पद्धति जैसे कि आयुर्वेद और योग दूसरी पद्धतियों के मुकाबले सस्ती एवं सुगम हैं। इसके लिए बहुत बड़े आधारभूत संरचना की भी अवश्यकता नहीं पड़ती। मौजूदा स्वास्थ्य ढांचे के जरिये ही इन्हें भी लागू किया जा सकता है। इससे न सरकार पर ज्यादा बोझ आएगा और न जनता पर, बल्कि स्वास्थ्य बीमा का विस्तार होने से देश की कुल चिकित्सा लागत में कमी ही आएगी। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना या आयुष्मान भारत दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है। लगभग 55 करोड़ लोग इसके दायरे में आते हैं। लेकिन एक बड़ी आबादी अब भी इसके लाभ से वंचित है। पारंपरिक चिकित्सा और भी लोगों को जोड़ सकती है। इसको तेजी से विकसित कर व्यक्ति-व्यक्ति एवं घर-घर पहुंचाया जा सकता है। पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को पूरी दुनिया में ज्यादा स्वीकार्य बनाने के लिए सरकार ने काम शुरू कर दिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ मिलकर यह भी देखा जा रहा है कि किस तरह से भारत का पारंपरिक ज्ञान दुनिया को सेहतमंद रखने में योगदान दे सकता है। इस दिशा में रिसर्च और इनोवेशन पर ध्यान दिया जा रहा है। याचिका में उठाई गई मांग को पूरा करके सरकार अपने काम को ही आगे बढ़ाएगी एवं दुनिया के लिये एक स्वास्थ्य उजाला करेगी।दुनिया में आयुर्वेद एवं योग दोनों की मांग बढ़ रही है।

> **भारत की पारंपरिक चिकित्सा पद्धति जैसे कि आयुर्वेद और योग दूसरी पद्धतियों के मुकाबले सस्ती एवं सुगम हैं। इसके लिए बहुत बड़े आधारभूत संरचना की भी अवश्यकता नहीं पड़ती। मौजूदा स्वास्थ्य ढांचे के जरिये ही इन्हें भी लागू किया जा सकता है।**

# कानूनी दायरे में कैसे लाए जाएं चुनावी वायदे


उमेश चतुर्वेदी

चुनाव घोषणा पत्रों में किए वायदों को पूरा न कर पाने को लेकर सत्ता में आने वाला हर राजनीतिक दल मतदाताओं और विपक्षी दलों के निशाने पर रहा है। मतदाताओं की बढ़ती जागरूकता के चलते इन आलोचनाओं से बचने के लिए राजनीतिक दलों ने अब चुनाव घोषणा पत्र जारी करना बंद कर दिया है। 2012 के उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनावों में उतरी कांग्रेस ने राज्य के लिए विजन डाक्युमेंट जारी किया। इसके बाद सभी दलों ने चुनाव घोषणा पत्र के शीर्षक को तकरीबन त्याग दिया। अब भारतीय जनता पार्टी हर चुनाव के पहले संकल्प पत्र जारी करती है तो कांग्रेस अब गारंटियां देने लगी हैं। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में पार्टी ने पांच गारंटी देने का वादा किया। जो उसके लिए बहुत हिट रहा। अब पार्टियां गारंटी देती हैं, दृष्टि पत्र प्रस्तुत करती हैं और संकल्प पत्र प्रस्तुत करती हैं। गारंटी और संकल्प जैसे शब्द एक तरह से गवाह हैं कि राजनीतिक दलों के वायदों को लेकर मतदाताओं का एक बड़ा अब आलोचनात्मक रूख ही नहीं रखता है, बल्कि उन पर भरोसा भी नहीं करता। घोषणा पत्र भले ही अब गारंटी या दृष्टि या संकल्प पत्र में तबदील हो गए हों, लेकिन अब भी उनकी साख नहीं बन पाई है। इसकी वजह यह है कि कई बार राजनीतिक दल वोटरों को लुभाने के चक्कर में ऐसे भी वायदे कर डालते हैं, जिन्हें पूरा कर पाना उनके लिए संभव नहीं होता। राजनीतिक दल भी जानते हैं कि संकल्प, दृष्टि या गारंटी पत्र में दिए वायदों को शत-प्रतिशत पूरा करना संभव नहीं है और अगर वे करते भी हैं तो सरकारी अर्थव्यवस्था का चरमरा सकती है। फिर वे वायदे करते हैं या कह सकते हैं कि सत्ता के लक्ष्य को लेकर चलने वाली मौजूदा राजनीति की यह मजबूरी भी है। चुनाव घोषणा पत्रों और आज के दृष्टि और संकल्प पत्रों में किए वायदों और उन्हें लागू किए जाने को लेकर ठोस शोध जरूरी है। लेकिन मोटे तौर पर इनमें दर्ज ज्यादातर वायदे पूरे हो ही नहीं पाते। इसलिए मतदाताओं के एक वर्ग अलग ढंग से सोचने लगा है। मतदाताओं के एक वर्ग का मानना है कि चाहे जिस भी फ्रेम में चुनाव घोषणा पत्र जारी हों, उन्हें उपभोक्ता कानून के दायरे में लाना चाहिए। जिस तरह किसी प्रोडक्ट का निमार्ता अपने प्रोडक्ट को लेकर गारंटी या वारंटी देता है, और जब वे पूरे नहीं होते तो उसके प्रोडक्ट खरीदने वाले उत्पादक के खिलाफ उचित फोरम में जाकर शिकायत दर्ज करा सकते हैं, उसी तरह चुनावी घोषणा पत्रों को लेकर भी कानून होने चाहिए। इस वर्ग का मानना है कि एक फोरम ऐसा भी होना चाहिए, जिसे कानूनी ताकत हासिल हो और जो चुनावी वायदाखिलाफी की सुनवाई कर सके। चुनाव घोषणा पत्रों की स्थिति संविधान के नीति निर्देशक तत्वों की तरह ही है। नीति निर्देशक तत्व राज्य से लोक हित के तमाम कदम उठाने को लेकर उम्मीद तो करता है, लेकिन राज्य के लिए ऐसा करना अनिवार्य नहीं बनाता। नीति निर्देशक तत्वों के तहत राज्य या सरकार कदम नहीं उठाती तो किसी को भी किसी भी अदालत में इसकी शिकायत की ना तो अनुमति है और ना ही कोई अदालत ऐसी सुनवाई कर भी सकती है। चुनाव घोषणा पत्रों की भी कुछ ऐसी ही स्थिति है। हालांकि ऐसा नहीं है कि चुनाव घोषणा पत्रों को लेकर अदालतों के सामने सवाल नहीं उठे। चुनाव घोषणा पत्र को लेकर दाखिल एक याचिका पर सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने 5 जुलाई 2013 को अपना फैसला सुनाया था। एस. सुब्रमण्यम बालाजी बनाम तमिलनाडु सरकार और अन्य के मामले में देश की सबसे बड़ी अदालत ने चुनाव आयोग को सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की सलाह से चुनावी घोषणापत्र के संबंध में दिशा-निर्देश तैयार करने का निर्देश दिया था।

दुर्भाग्यवश चुनाव आयोग की गाइड लाइन भी बहुत प्रभावी नहीं हो पा रही है। हवा-हवाई वायदे भी खूब किए जा रहे हैं। इनमें रोजगार और नौकरियों को लेकर की जाने वाले वायदे पहले नंबर पर हैं। कल्याणकारी योजनाएं भी इसी कैटेगरी में आती हैं। लेकिन बहुत कम राजनीतिक दल ऐसे हैं, जो कल्याणकारी योजनाओं से संबंधि वायदे करते वक्त उन्हें पूरा करने के लिए जुटाई जाने वाली रकम और उनके स्रोत और तरीकों की जानकारी नहीं देते। मतदाताओं की बढ़ती जागरूकता का दबाव ही है कि कल्याणकारी योजनाओं को लेकर वायदे खूब हो रहे और हर राजनीतिक दल अपने ढंग से लागू भी कर रहा है। भले ही राज्य के खजाने की हालत खस्ता ही क्यों ना हो जाए। लेकिन यह भी सच है कि उस पर ख?च होने वाले फंड के स्रोत को लेकर जानकारी नहीं दी जा रही। साफ है कि चुनाव आयोग की गाइड लाइन इस संदर्भ में नाकाम लग रही है। मौजूदा आर्थिकी में लाभ पर जोर है, रोजगार का सवाल लगातार पीछे छूटता जा रहा है। इसे उलटबांसी ही कहेंगे कि राजनीतिक दल इसी आर्थिकी को आगे बढ़ाने के साथ ही हवाई वायदों की फेहरिस्त भी जारी करते रहते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



### इस फैसले में कोर्ट ने कहा था

- चुनाव आयोग, राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के बीच समान अवसर सुनिश्चित करने और यह देखने के लिए कि चुनाव प्रक्रिया की पवित्रता पर आंच ना आए, घोषणापत्र को लेकर निर्देश जारी करे। जैसे आयोग आदर्श आचार संहिता के निर्देश जारी करता है।
- आयोग के पास संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए ऐसे आदेश दे सकता है।
- अदालत को पता है कि सामान्यतया राजनीतिक दल मतदान के पहले चुनाव घोषणा पत्र जारी करते हैं, ऐसी स्थिति में चुनाव आयोग के पास किसी भी कार्य को रेगुलेट करने का अधिकार नहीं होता है। फिर भी, घोषणा पत्र को लेकर अपवाद बनाया जा सकता है, क्योंकि चुनावी घोषणापत्र का उद्देश्य सीधे चुनाव प्रक्रिया से जुड़ा होता है।
- इसके बाद चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों से विचार-विमर्श के बाद साल 2015 में चुनाव घोषणा पत्र को लेकर गाइड-लाइन जारी की थी। इसके अनुसार, चुनाव घोषणापत्र में संवैधानिक आदर्शों और सिद्धांतों से इतर कुछ भी नहीं होगा और यह आदर्श आचार संहिता के अन्य प्रावधानों की भावना के अनुरूप होगा।
- संविधान में निहित राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों के तहत राज्यों को नागरिकों के लिए विभिन्न कल्याणकारी उपाय करने के आदेश हैं, इसलिए चुनावी घोषणा पत्रों में ऐसे कल्याणकारी उपायों के वायदे पर कोई आपत्ति नहीं हो सकती। हालांकि, राजनीतिक दलों को ऐसे वादे करने से बचना चाहिए, जिनसे चुनाव प्रक्रिया की शुचिता पर असर पड़ सकता है या मतदाताओं पर उनके मताधिकार का प्रयोग करने में अनुचित प्रभाव पड़ने की आशंका हो।

देश की बात

# जीवनदायिनी दवाओं का असर 'इसलिए' हो रहा बेअसर


डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

यह बेहद चिंतनीय है कि आज जीवनदायिनी दवाएं तेजी से बेअसर होती जा रही है। इसका एक बड़ा कारण जहां एंटीबायोटिक दवाओं का अत्यधिक सेवन है तो दूसरा कारण दवाएं लेने के तौर-तरीके से अनभिज्ञ होना या फिर जानबूझकर लापरवाही बरतने के साथ ही खानपान से जुड़ी गलतियां भी हैं। डॉक्टरों की भाषा में बात करें तो एएमआर यानी कि एंटी माइक्रोबाइल रेजिस्टेंस का चिंतनीय खतरा हो गया है। देश-विदेश के चिकित्सक एएमआर को वैश्विक महामारी का नाम देने लगे हैं। देखा जाए तो आज सबसे अधिक मौत का कारण दवाओं का बेहसर होना है। कोरोना के बाद तो एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग बहुत अधिक बढ़ा है। दरअसल कोरोना के बाद जहां एक ओर आम व्यक्ति स्वास्थ्य के प्रति अत्यधिक सजग हुआ है तो एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग भी बढ़ा है। सर्दी, जुकाम, खांसी आदि वायरल बीमारियों में यदि भारत की बात की जाए तो 95 प्रतिशत तक एंटीबायोटिक दवाओं को इलाज में शामिल किया जा रहा है। यह 95 प्रतिशत का आंकड़ा अतिशयोक्ति पूर्ण भले ही हो सकता है पर इसमें कोई दोराय नहीं कि चिकित्सकों द्वारा एंटीबायोटिक दवाएं धड़ल्ले से लिखी जा रही हैं। यह तो तब है जब मेडिकल से जुड़े विभिन्न मंचों व शोध निष्कर्षों में यह खुलासा हो चुका है कि एंटीबायोटिक दवाओं का अत्यधिक उपयोग स्वास्थ्य को नुकसान ही पहुंचाने लगा है तो दूसरी और बैक्टीरिया में प्रतिरोधी क्षमता विकसित होने से दवाओं का असर कम होने लगा है। भारत सरकार बार-बार यह एडवाइजरी जारी करती जा रही है कि एंटीबायोटिक दवाएं अत्यधिक आवश्यकता में ही लिखी जाएं और एंटीबायोटिक दवाएं लिखते समय मरीज को कारण और उपयोग के तरीके से अवश्य बताया जाए। इसी से हालात की गंभीरता को समझा जा सकता है। जहां तक यूरोपीय देशों की बात है वहां सर्दी, जुकाम, खांसी आदि वायरल बीमारियों में एंटीबायोटिक का उपयोग ना के बराबर होता है। दवाओं के तेजी से बेअसर होने को लेकर देश-दुनिया के स्वास्थ्य विशेषज्ञ अत्यधिक चिंता में हैं। मेडिकल से जुड़े जर्नल द लैसेंट में इस संबंध में एक के बाद एक चेतावनी भरे लेख सामने आ रहे हैं। यहां तक कि एएमआर को मेडिकल इमरजेंसी के रूप में देखा जाने लगा है। दरअसल कोरोना के बाद लोग थोड़ा सा स्वास्थ्य खराब होते ही डॉक्टर की शरण में जाने को वरीयता देने लगे हैं। यह अच्छी बात भी है पर जिस तरह से कोरोना के दौरान और उसके बाद एंटीबायोटिक का उपयोग अधिक बढ़ा है वह चिंतनीय हो गया है। हालात यहां तक हो गए हैं कि प्रति व्यक्ति 30 प्रतिशत अधिक मात्रा में एंटीबायोटिक का उपयोग होने लगा है। दवाओं का बेअसर होने का सीधा असर किडनी, लीवर, ब्रेन, हार्ट आदि पर पड़ता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात

# युवा महिलाओं के लिए अमृत काल बेमिसाल


प्रियंका सौरभ

पिछले एक दशक में युवा भारतीय महिलाओं की आकांक्षाओं में बड़ा बदलाव देखा गया है, जो उनकी बढ़ती स्वायत्तता, शिक्षा और कार्यबल में भागीदारी को दशार्ता है। यह विकास भारत के सामाजिक परिदृश्य को महत्वपूर्ण रूप से पुनर्परिभाषित कर रहा है। उच्च शिक्षा और कौशल विकास में लड़कियों की अब लड़कों के बराबर शैक्षिक उपलब्धि है, जिसमें 50 फीसद से अधिक युवा महिलाएं कक्षा 12 पूरी कर रही हैं और 26 फीसद कॉलेज की डिग्री प्राप्त कर रही हैं। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (2017-18) उच्च शिक्षा में महिलाओं के बढ़ते नामांकन पर प्रकाश डालता है, जिसमें महिला सकल नामांकन अनुपात 27.3 फीसद तक पहुंच गया है। युवतियां विभिन्न कैरियर पथों और डिजिटल कौशल प्लेटफार्म तक पहुंच से प्रभावित होकर पेशेवर महत्वाकांक्षाओं को तेजी से प्राथमिकता दे रही हैं। स्किल इंडिया मिशन और स्टेम फॉर गर्ल्स इंडिया जैसे कार्यक्रमों ने तकनीकी क्षेत्रों में युवा महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा दिया है। विवाह की औसत आयु 2005 में 18.3 वर्ष से बढ़कर 2021 में 22 वर्ष हो गई है, जिसमें अधिक युवा महिलाएं अनुकूलता के आधार पर साथी चुनती हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार 52 फीसदी महिलाओं ने साथी चयन में अपनी बात रखी, जो 2012 में 42 फीसद थी। कई युवा महिलाएं आर्थिक स्वतंत्रता के लिए प्रयास कर रही हैं, विशेष रूप से उद्यमिता के माध्यम से, क्योंकि सरकार महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप के लिए समर्थन दे रही है। उदाहरण के लिए नीति आयोग द्वारा महिला उद्यमिता मंच ने 10,000 से अधिक महिला उद्यमियों के नेटवर्क को बढ़ावा दिया है। युवा महिलाएं स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय शासन में बढ़ती भागीदारी के साथ राजनीतिक रूप से अधिक सक्रिय हैं। ग्रामीण महिलाओं के बीच स्वयं सहायता समूह सदस्यता 2012 में 10 फीसद से बढ़कर 2022 में 18 फीसद हो गई। ये आकांक्षाएं पारंपरिक सामाजिक संरचनाओं और मानदंडों को चुनौती दे रही हैं। जैसे-जैसे अधिक महिलाएं करियर बना रही हैं, घरों में पारंपरिक लैंगिक अपेक्षाएं बदल रही हैं। मनरेगा पुरुषों और महिलाओं के लिए समान वेतन प्रदान करता है, जो ग्रामीण घरेलू गतिशीलता को प्रभावित करता है। ऊंची शिक्षा और आय के साथ, युवा महिलाओं का अब परिवार के वित्तीय और सामाजिक निर्णयों में अधिक प्रभाव है। स्वयं सहायता समूहों ने ग्रामीण महिलाओं को सामूहिक रूप से घरेलू वित्त का प्रबंधन करने के लिए सशक्त बनाया है। बाद में विवाह करने और साथी चुनने में सक्रिय भागीदारी की ओर बदलाव ने अरेंज मैरिज की पारंपरिक संरचना को चुनौती दी है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



बोधि वृक्ष

**जब आप बोलें तो अपने विषय में अधिक न बोलें। उसी विषय में बात करने का प्रयास करें जिसमें दूसरे की रुचि हो। और दूसरों को सुनें। आकर्षक बनने का यही तरीका है।**

# सामंजस्यपूर्ण व्यक्तित्व का विकास करना


श्री श्री परमहंस योगानंद

यदि आप उदार मन से लोगों का अध्ययन करते हैं, तो आप उन्हें अधिक अच्छे ढंग से समझेंगे और उनके साथ मिलजुल कर रहने में सफल होंगे। आप तुरन्त बता सकेंगे कि आप किस प्रकार के व्यक्ति से व्यवहार कर रहे हैं और यह जान लेंगे कि उससे कैसा व्यवहार करना है। एक दार्शनिक से घोड़ों की दौड़ के बारे में, या एक वैज्ञानिक से गृह-व्यवस्था के बारे में बात मत करें। पता कर लें कि व्यक्ति की रुचि किसमें है और तब उससे उस विषय के बारे में बात करें, जरूरी नहीं कि जिसमें आपको रुचि है।

जब आप बोलें तो अपने विषय में अधिक न बोलें। उसी विषय में बात करने का प्रयास करें जिसमें दूसरे की रुचि हो। और दूसरों को सुनें। आकर्षक बनने का यही तरीका है। आप देखेंगे कि लोग आपकी संगति को कितना चाहते हैं।

हीनभाव वास्तविक अथवा कल्पित दुर्बलताओं के गुप्त बोध से उत्पन्न होता है। ऐसी दुर्बलताओं को छिपाने के प्रयास में, व्यक्ति झूठे अभिमान का कवच पहन सकता है, तथा अत्यधिक अहंकार का प्रदर्शन करता है। तब जो लोग इस मनोवृत्ति के वास्तविक कारण को नहीं समझते, वे कह सकते हैं कि वह व्यक्ति श्रेष्ठता- भाव रखता है। उसके आन्तरिक असामंजस्य की ये दोनों ही अभिव्यक्तियाँ उसके आत्म-विकास के लिए विनाशकारी हैं।

(क्रमशः)

## फेसबुक वॉल से




## X से




## आज का दोहा

**पहले बदली वल्दियत, फिर चुपके से बाप।**
**आस पास ऐसे कई, घूम रहे अभिशाप।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक

आपकी बात

# प्रदूषण : जिम्मेदारी सरकारों की भी हैं


राकेश दुबे

दिल्ली की दुर्दशा पर एक सरकारी बयान पढ़ने में आया, सरकार फरमाती है हवा और पानी तो ऐसे हैं, जिन्हें रोका या बांधा नहीं जा सकता। सरकार के पास बयानबाजी के अलावा विकल्प भी क्या है? जिस समय सर्वोच्च अदालत के 'कोर्ट रूम' में प्रदूषण पर सुनवाई चल रही थी, उस समय वहां का वायु गुणवत्ता सूचकांक 994 था। वह 'बेहद गंभीर' श्रेणी का प्रदूषण था। दिल्ली के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता 978 भी दर्ज की गई। ऐसे प्रदूषण में जीना भी 'राष्ट्रीय शर्मिन्दगी' है। सर्वोच्च अदालत का वह विशेष और संवेदनशील कक्ष होता है, जहां की हवा 'गैस चैंबर' के हालात को भी लांघ गई थी। यह शर्मनाक स्थिति नहीं है, तो और क्या है? राजधानी दिल्ली की 'प्रदूषित हवा' का औसत सूचकांक 500 को पार कर चुका है। अब एक दिन ऐसा भी आएगा, जब सडकों पर 'मास्कधारी आबादी' ही दिखाई देगी, लिहाजा अब सर्वोच्च अदालत की फटकार ही पर्याप्त नहीं है। अब सर्वोच्च अदालत सरकारों से सवाल न करे, बल्कि राज्यों के मुख्यमंत्रियों और मुख्य सचिवों को 'प्रतीकात्मक जेल' की सजा सुनाए। प्रदूषण सिर्फ दिल्ली-एनसीआर तक ही सीमित नहीं है। यहां तो 'गैस चैंबर' से भी बदतर हालात हैं। अस्पतालों में मरीजों की संख्या 30-35 प्रतिशत बढ़ गई है। सांसें टूट रही हैं। दिल का दौरा पड़ा है। अस्थमा, दमा का अटैक पड़ा है। लोग बुरी तरह खांस रहे हैं। मस्तिष्क पर भी प्रभाव पड़ा है, लिहाजा ऐसे मरीज भी अस्पताल तक दौड़ रहे हैं। आम दृश्यता धुंध में कहीं खो गई है, लिहाजा 100 से अधिक विमान देरी से उड़े, 15 को अन्य राज्यों की ओर मोड़ा गया और कुछ उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। यह कोई आपातकाल या संक्रमण काल नहीं है, रोजमर्रा की जिंदगी पर प्रदूषण का प्रभाव है।

प्रदूषण से 22 लाख लोग सालाना मर जाते हैं। करीब 90 करोड़ भारतीय 'गंभीरतम प्रदूषण' में सांस लेने को विवश हैं। वे भी हरेक सांस के साथ अकाल मृत्यु की तरफ बढ़ रहे हैं। पर्यावरण में इतना धुआं औसत आदमी एक दिन में 49.2 सिगरेट पीने के समान निगलने को विवश है। हरियाणा में यह औसत 33.25 सिगरेट के धुएं के बराबर है। उप्र और बिहार में प्रतिदिन लोग औसतन 10 सिगरेट पीने को मजबूर हैं। आदमी के दिल, फेफड़े और गुर्दे कब तक साथ देंगे? आम आदमी की उम्र औसतन 8 साल घट रही है। हम लोग छोटे, बौने, निहित स्वार्थ के मुद्दों पर साल भर में औसतन एक लाख से अधिक आंदोलन करने के आदी हैं। जाति, धर्म, आरक्षण, आर्थिक मुद्दों पर भी राष्ट्रव्यापी आंदोलन छेड़े गए हैं, लेकिन प्रदूषण जैसे जानलेवा हालात पर कोई आंदोलन नहीं! हालिया चुनावों में भी प्रदूषण पर कोई चर्चा, बहस सामने नहीं आई है। हमारे सामने चीन का उदाहरण है।



वह एक तानाशाही किस्म का देश है, लेकिन वहां लोगों ने 'गैस चैंबर' सरीखे प्रदूषण पर ऐसा आंदोलन छेड़ा कि सरकार हिल गई। आज वहां प्रदूषण लगभग नियंत्रण में है। भारत में वैसा क्यों नहीं किया जा सकता? सर्वोच्च अदालत भी फटकारना बंद करे और संवैधानिक दायित्व तय करे, क्योंकि स्वच्छ हवा में सांस लेना भी हमारा संवैधानिक अधिकार है। पराली जलाना, घरेलू धुआं, औद्योगिक प्रदूषण, वाहनों से निकलने वाले जहरीले कण, पाबंदी के बावजूद आतिशबाजी आदि के मद्देनजर ग्रैप-4 की पाबंदियां भी स्थायी और पर्याप्त असरकारक नहीं हैं। बड़े वाहन बंद, निर्माण-कार्य बंद, फैक्ट्रियों में उत्पादन बंद, दफ्तर बंद, स्कूल बंद, आखिर निठल्ले बैठकर प्रदूषण से कैसे लड़ा जा सकता है? प्रदूषण पर असर डालने वाले कारकों पर सोचना होगा, लिहाजा सरकारें विशेषज्ञों की सलाह लें। जिम्मेदारी सरकारों की भी है, बल्कि ज्यादा है।

दिल्ली में ही राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और पूरी कैबिनेट, संसद स्थित हैं। सर्वोच्च अदालत और प्रधान न्यायाधीश भी दिल्ली में ही मौजूद हैं। सभी देशों के दूतावास भी दिल्ली में हैं। राजधानी होने के कारण दिल्ली की अपनी प्रतिष्ठा और गरिमा है। भारत की छवि कलंकित हो रही है । प्रदूषण से जानलेवा खतरा हिंदू, मुसलमान, सिख, ईसाई, दलित, पिछड़ों सभी को है, लिहाजा इस मुद्दे पर क्षुद्र राजनीति भी नहीं करनी चाहिए। यदि सरकारें प्रदूषण काबू करने में ही नाकाम, असहाय हैं, तो उन्हें बर्खास्त कर देना चाहिए। प्रदूषण के मोर्चे पर अब लीक से हट कर कुछ सार्थक करने की जरूरत है। सरकारों के पास संसाधन और अधिकार दोनों हैं। वे किसी की भी व्यावहारिक सलाह लेकर उसे लागू कर सकते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

**मिलावटी खाद्य पदार्थ व दूध के सेवन से हर वर्ष 60 करोड़ हो रहे बीमार**

# मिलावटी दूध से कैंसर का बढ़ रहा खतरा

आरपी सिंह

**दूध का सेवन करने वालों में कैंसर के मामलों में 30 % की वृद्धि हो सकती है**

**मिलावट से गुर्दे खराब होने में 40%, हृदय रोगों में 25% वृद्धि का अनुमान**




**भारत में 6 वर्ष पहले किए गए एक सर्वे में 68% दूध के नमूने मानक गुणवत्ता के अनुरूप नहीं मिले, अब तो और भी ज्यादा वृद्धि होने का अनुमान है।**

**नई दिल्ली।** भारत में सभी को हर दिन दूध, पनीर, दही, घी खाने-पीने की सलाह दी जाती है, विशेषकर बच्चों-बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं व बीमार को। लेकिन दूध में तरह-तरह के मिलावट से स्वास्थ्य पर भयंकर असर पड़ता है। इसके चलते घातक बीमारियां हो रही हैं। बाजार में जो दूध से तैयार उत्पाद मिल रहे हैं उनमें से तमाम में पानी, सिंथेटिक रसायन, यूरिया व अन्य हानिकारक तत्त्वों की मिलावट पाई जा रही है। वैसे तो, दूध की मात्रा बढ़ाने के लिए बेचने वाले उसमें पानी मिला देते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए उतना हानिकारक नहीं माना जाता। लेकिन, परेशानी तब बड़ी हो जाती है, जब दूध ही यूरिया, डिटर्जेंट, सिंथेटिक दूध, स्टार्च व कुछ रसायन मिलाकर बनाया जाने लगे। ऐसे रसायन दूध के प्राकृतिक पोषण को दूषित करके स्वास्थ्य के लिए बहुत ही खतरनाक साबित हो रहे हैं। जैसे कि यूरिया एक रासायनिक यौगिक है, जिसको कृषि में उर्वरक के रूप में उपयोग किया जाता है। लेकिन, जब इसे दूध में मिलाया जाता है, तो यह न केवल दूध की गुणवत्ता को प्रभावित करता है, बल्कि गुर्दे, लीवर,किडनी व अन्य अंगों को खराब कर देता है। दूध के प्रोटीन परीक्षणों में नाइट्रोजन की मात्रा मापी जाती है। यूरिया में नाइट्रोजन की उच्च मात्रा होने के कारण, यूरिया मिले दूध के परीक्षणों में प्रोटीन की मात्रा कृत्रिम रूप से अधिक दिखाई देती है। यह मिलावट न केवल उपभोक्ताओं को भ्रमित करती है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी बेहद खतरनाक हो जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार, प्रति वर्ष लगभग 60 करोड़ लोग खाद्य मिलावट के कारण बीमार पड़ते हैं, जिनमें से कई मामलों में मिलावटी दूध का सेवन शामिल है। इसी तरह, भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआइ ) की एक रपट में यह बताया गया कि 2018 में किए गए एक अध्ययन में 68 प्रतिशत दूध के नमूने मानक गुणवत्ता के अनुरूप नहीं थे। प्राधिकरण ने चेतावनी दी कि मिलावट वाले दूध का सेवन करने वाले लोगों में कैंसर के मामलों में 30 फीसद वृद्धि हो सकती है। यह स्थिति विशेष रूप से तब गंभीर हो जाती है, जब मिलावट में रासायनिक तत्व, जैसे फार्मेल्डेहाइड और यूरिया शामिल होते हैं, जो कैंसर की वजह बनते हैं और जीन में परिवर्तन का कारण बन सकते हैं। फार्मेल्डेहाइड शरीर की कोशिकाओं में जीन में परिवर्तन कर कैंसर का जोखिम बढ़ा देता है, जबकि यूरिया की मिलावट दूध की गुणवत्ता को कृत्रिम रूप से बढ़ा देती है। इन रसायनों का सेवन न केवल कैंसर का खतरा पैदा करता है, बल्कि गुर्दे और लीवर की विफलता जैसी गंभीर बीमारियों का कारण भी बन सकता है। अनुसंधान से यह भी स्पष्ट है कि मिलावट के कारण गुर्दे की विफलता के मामलों में चालीस फीसद और हृदय रोगों के मामलों में पच्चीस फीसद तक की वृद्धि हो सकती है। डब्लूएचओ की 'कैंसर रिस्क असेसमेंट' रपट में यह भी स्पष्ट किया गया है कि रासायनिक मिलावट से प्रभावित व्यक्तियों में स्तन और प्रोस्टेट कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं।

### एचपीएलसी से हो सकती है दूध में मिलावट की पहचान

'जर्नल आफ डेयरी साइंस' में प्रकाशित शोध के अनुसार, एचपीएलसी तकनीक का उपयोग करके दूध में मिलावट की पहचान करने की सटीकता 97% तक थी। गैस क्रोमेटोग्राफी (जीसी) भी एक प्रभावशाली तकनीक है, जिसका उपयोग दूध में वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों और अन्य रसायनों की पहचान के लिए किया जाता है। यह विधि दूध में मिलावटी तत्वों की पहचान के लिए अत्यधिक सटीक मानी जाती है। इन तकनीकों के उपयोग से न केवल दूध की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी, बल्कि इससे मिलावट के मामलों में भी कमी आएगी। इसलिए, इन परीक्षण विधियों को अपनाने और प्रभावी रूप से लागू करने के लिए ठोस कदम उठाना आवश्यक है, ताकि दूध की शुद्धता बनी रहे और लोगों के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

**बंगाल की खाड़ी में बन रहा चक्रवात**

## 24 तक तक 'फेंजल' के तट पर पहुंचने की संभावना

एजेंसी। कोलकाता (हि.स.)


'फेंजल' नामकरण सऊदी अरब ने किया है

बंगाल की खाड़ी में एक चक्रवातीय स्थिति बन चुकी है, जिससे मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में 'फेंजल' नामक चक्रवात के बनने की संभावना जताई है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार को यह जानकारी दी।मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण अंडमान और निकोबार के पास बंगाल की खाड़ी में एक चक्रवातीय दबाव क्षेत्र बन चुका है। इसके प्रभाव से आसपास के क्षेत्रों में एक निम्न दबाव क्षेत्र बनने की संभावना है, जो धीरे-धीरे तेज होकर 'गहरे दबाव' और फिर चक्रवात का रूप ले सकता है। मौसम विशेषज्ञों ने गुरुवार को कहा है कि चक्रवातीय दबाव अगले 24 घंटे में और मजबूत हो सकता है। समुद्री परिस्थितियों और हवाओं की गति के चलते यह चक्रवातीय दबाव शनिवार (23 नवंबर) या रविवार (24 नवंबर) को मुख्य भारतीय भूभाग के तटीय क्षेत्रों तक पहुंच सकता है। इसके चलते तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों में इसका असर पड़ सकता है। श्रीलंका के उत्तरी तटीय इलाकों में भी इसके प्रभाव की आशंका जताई गई है। अगर यह चक्रवात पूर्ण रूप लेता है, तो इसे 'फेंजल' नाम दिया जाएगा। यह नामकरण सऊदी अरब द्वारा किया गया है। इससे पहले अक्टूबर के तीसरे सप्ताह में इसी क्षेत्र में बने 'दाना' चक्रवात ने भारी प्रभाव डाला था, जिसका नाम कतर द्वारा दिया गया था। हालांकि, आईएमडी ने अब तक इस संभावित चक्रवात की सटीक दिशा, तीव्रता या उससे होने वाले नुकसान के बारे में कोई ठोस जानकारी नहीं दी है। मौसम विभाग ने तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। प्रशासन ने भी ऐहतियाती कदम उठाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। समुद्र में मछुआरों को नहीं जाने की सलाह दी गई है।

**उपराष्ट्रपति ने एनडीसी पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों को किया संबोधित**

# रचनात्मक वैश्विक शक्ति बनना चाहता है भारत : जगदीप धनखड़

**जी-20 की अध्यक्षता के दौरान विविधता में एकता पर बल दिया**

**विश्व को एक परिवार के तौर पर मानते हुए सबका सुख चाहता है**

एजेंसी। नई दिल्ली (हि.स.)



**उपराष्ट्रपति ने कहा कि हम लैंगिक समानता के प्रति प्रतिबद्ध हैं और यह अर्थव्यवस्था और सामाजिक मूल्यों के साथ-साथ सद्भाव के लिए भी महत्वपूर्ण है। हम महिलाओं को सशक्त बनाने को एक कदम आगे बढ़कर महिलाओं के नेतृत्व में सशक्तीकरण पर ध्यान केंद्रित किए हुए हैं। उन्होंने हाल ही में संसद से पारित महिला आरक्षण विधेयक का भी इस दौरान जिक्र किया।**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को कहा कि भारत का लक्ष्य शांति निर्माण, शांति स्थापना और जलवायु कार्रवाई पहल के माध्यम से एक रचनात्मक वैश्विक शक्ति बनना है।

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने गुरुवार को नई दिल्ली में भारत के मूल मूल्य, रुचियां और उद्देश्य विषय पर 64वें राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज (एनडीसी) पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों को संबोधित किया। विश्व में सकारात्मक भूमिका निभाने के भारत के योगदान का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भी भारत ने सतत विकास दर पर केंद्रित वैश्विक प्रगति को मानव केंद्रित किए जाने पर जोर किया और विविधता में एकता पर बल दिया।

उपराष्ट्रपति ने इस बात को भी रेखांकित किया कि भारत सबके सुख की कामना करता है और विश्व को एक परिवार के तौर पर मानता है। जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत ने 'वैश्विक दक्षिण' की आवाज को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण का पोषण करते हुए समावेशी विकास, शांति और सार्वभौमिक कल्याण भारतीय दर्शन के केंद्र में है। भारत अपनी भाषा, धर्म और नस्लीय विभिन्नता का उत्सव मनाता है। यहां समानता और स्वतंत्रता सुनिश्चित होती है। भारत की विदेश नीति भी इसी तरह अन्य देशों की क्षेत्रीय अखंडता संप्रभुता का सम्मान करते हुए संघर्ष व प्रतिस्पर्धा पर बातचीत को प्रधानता देने पर जोर देती है।

### बिहार के पश्चिम चंपारण जिले में दरभंगा-दिल्ली स्पेशल ट्रेन बेपटरी

**पटना।** बिहार में पश्चिम चंपारण जिले के नरकटियागंज के हरिनगर रेलवे स्टेशन के पास बुधवार की मध्य रात्रि दिल्ली से दरभंगा आने वाली स्पेशल ट्रेन 04068 बेपटरी हो गई। उसके बाद वहां अफरातफरी मच गई। गनीमत रही कि किसी भी तरह के जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। बताया गया है कि यार्ड परिसर में इंजन के पीछे की एक बोगी डिरेल हुई। अचानक झटका लगने से घबराए यात्री अपनी-अपनी सीट से उठ गए। कुछ समय तक अफरातफरी का माहौल रहा। ट्रेन चार घंटे तक हरिनगर रेलवे स्टेशन पर खड़ी रही।

## यमुना एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा, पांच लोगों की मौत

एजेंसी। लखनऊ (आईएएनएस)



**सीएम योगी ने दुख जताते हुए अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश**

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अलीगढ़ में यमुना एक्सप्रेसवे पर हुए दर्दनाक सड़क हादसा का संज्ञान लिया। अधिकारियों को जरूरी निर्देश दे दिए गए हैं। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई जबकि 15 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। सीएम योगी ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बता दें कि अलीगढ़ में यमुना एक्सप्रेस-वे पर बुधवार देर रात बड़ा हादसा हो गया था। एक बस ने ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में बस सवार पांच लोगों की मौत हो गई और 15 से अधिक लोग घायल हो गए। हादसे के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## महाकुंभ 2025 के लिए विशेष निमंत्रण भेजे जा रहे हैं : महंत यमुना पुरी

एजेंसी। प्रयागराज (आईएएनएस)



महाकुंभ-2025 के लिए निमंत्रण पत्र वितरण शुरू हो गया है। इस महाकुंभ स्नान के लिए अखाड़ों के इष्ट देव, देवता गढ़, पंच परमेश्वर, महानिर्वाणी अखाड़ा के संत, महंत, महामंडलेश्वर और मां गंगा के भक्तों को कुंभ मेला प्रवेश शोभायात्रा और कुंभ पर्व अमृत स्नान के लिए निमंत्रण पत्र भेजे जा रहे हैं।

इस विशेष निमंत्रण पत्र का वितरण को लेकर आईएएनएस ने महानिर्वाण अखाड़ा के महंत यमुना पुरी से खास बातचीत की। महानिर्वाण अखाड़ा के महंत यमुना पुरी ने बताया कि निमंत्रण कार्ड तो प्राचीन काल से चले आ रहे हैं, सतयुग में भी निमंत्रण कार्ड का प्रचलन था। कभी भोजपत्र पर, तो कभी कपड़ों पर लिखकर व्यवस्थित तरीके से इन्हें भेजा जाता था। पहले कागजों पर हस्तलिखित निमंत्रण भेजे जाते थे, लेकिन अब प्रिंटिंग की दुनिया ने इसे आसान बना दिया है। टाइप करने में सुविधा होती है, इसलिए अब यह टाइप किए जाते हैं। किसी भी शुभ अवसर पर निमंत्रण भेजना हमारी संस्कृति का हिस्सा है।

बता दें कि कुंभ में लाखों की तादाद में श्रद्धालु गंगा, यमुना, सरस्वती और अन्य पवित्र नदियों में स्नान करने के लिए पहुंचते हैं। यह आयोजन धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक समागम है, जो सनातन धर्म के अनुयायियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होता है। महाकुंभ-2025 को सफल बनाने के लिए प्रदेश की योगी सरकार भी युद्धस्तर पर काम कर रही है।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## जेम्स एंड ज्वेलरी इंडस्ट्री में महिलाओं के पास अपार संभावनाएं : स्मृति ईरानी

एजेंसी। नई दिल्ली (आईएएनएस)




पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि जेम्स एंड ज्वेलरी इंडस्ट्री में महिलाओं के पास अपार संभावनाएं हैं और वे क्षेत्र में नवाचार और विकास के साथ आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने यह बात नई दिल्ली में जेम्स एंड ज्वेलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (जीजेईपीसी) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कही। इस कार्यक्रम में जेम्स एंड ज्वेलरी सेक्टर में नवाचार और विकास को आगे बढ़ाने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर खुलकर बात की गई। ईरानी ने उद्योग में महिला उद्यमियों के लिए अधिक समावेशी और सहायक वातावरण बनाने के लिए अपना दृष्टिकोण रखा। ईरानी ने कहा, जेम्स एंड ज्वेलरी उद्योग में महिलाओं में अपार क्षमता है और जीजेईपीसी महिलाओं की प्रतिभा को उनकी क्षमताओं के आधार पर पहचानने और उनका पोषण करने के लिए अच्छी स्थिति में है। उन्होंने कहा, निर्यात बाजारों को लक्षित करने वाले उभरते डिजाइनरों से लेकर टियर शहरों में खुदरा उद्यमियों तक, उद्योग को प्रतिभाओं को पोषित करने के लिए लक्षित रणनीतियों को लागू करना चाहिए। उभरते बाजारों के संपर्क, वित्तीय संसाधनों तक पहुंच और बिजनेस स्कूलों के साथ साझेदारी जैसी पहल महिलाओं को इस क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सशक्त बना सकती हैं। उनकी क्षमता को उजागर करके, हम न केवल व्यक्तियों को बल्कि पूरे उद्योग को ऊपर उठाते हैं। ईरानी ने परिषद को शोध और डाटा संग्रह पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि लक्षित हस्तक्षेपों को सक्षम किया जा सके, जो रत्न और आभूषण उद्योग में महिलाओं को लाभान्वित करते हैं। उन्होंने इस क्षेत्र में अधिक महिलाओं को आकर्षित करने के लिए डिजाइन और बिजनेस स्कूलों जैसे शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया है।

### पटियाला कोर्ट ने दिल्ली के बीकानेर हाउस को अटैच करने का दिया आदेश

**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस कोर्ट ने दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस को अटैच करने का आदेश दिया है। गुरुवार को पटियाला हाउस कोर्ट के कॉमर्शियल कोर्ट के स्पेशल जज विद्या प्रकाश ने यह आदेश जारी किया है। पटियाला हाउस कोर्ट के कॉमर्शियल कोर्ट के स्पेशल जज ने एनवायरो इंफ्रा इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड और राजस्थान के नोखा नगरपालिका के बीच के विवाद में हुए समझौते का पालन नहीं करने पर यह आदेश जारी किया है। कोर्ट ने आदेश में कहा है कि नोखा नगरपालिका 21 जनवरी 2020 को एनवायरो इंफ्रा इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में 50,31,512 रुपये की आर्बिट्रल अवार्ड पारित किया गया था। इस अवार्ड के खिलाफ नोखा नगरपालिका की अपील खारिज कर दी गई थी।

### झारखंड और महाराष्ट्र में हम जीत रहे : पप्पू यादव



पटना (आईएएनएस)। पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने गुरुवार को महाराष्ट्र और झारखंड एग्जिट पोल पर प्रतिक्रिया दी है। उनका कहना है कि इंडी गठबंधन दोनों राज्यों में जीत रहा है। पप्पू यादव ने आईएएनएस से बातचीत के दौरान कहा कि एग्जिट पोल को लेकर हम पहले से कह चुके हैं कि झारखंड और महाराष्ट्र दोनों जगह हमारी जीत होगी। झारखंड की जनता इसका जवाब देगी।

## सीमाओं पर जवानों के साथ तैनात हो सकेंगे मल्टी-यूटिलिटी लेग्ड इक्विपमेंट

## रोबोटिक डॉग ने बैटल एक्स डिवीजन के साथ किया अभ्यास

एजेंसी। जैसलमेर (हि.स.)


बॉर्डर से सटे इलाकों में उपयोग के लिए 100 रोबोटिक डॉग सेना में शामिल

देश की सीमाओं पर जवानों के साथ अब रोबोटिक मल्टी-यूटिलिटी लेग्ड इक्विपमेंट यानी रोबोटिक डॉग भी तैनात होंगे। जैसलमेर के पोखरण फायरिंग रेंज में रोबोटिक डॉग ने भारतीय सेना की बैटल एक्स डिवीजन के साथ 14 से 21 नवंबर तक अभ्यास किया। सेना ने इस डॉग के साथ दुश्मन को खोजने और उसे खत्म करने का अभ्यास किया है। हाल ही में भारतीय सेना ने बॉर्डर से लगे इलाकों में (विशेषकर ऊंचाई वाले क्षेत्रों में) उपयोग के लिए 100 रोबोटिक डॉग को शामिल किया है।

सैन्य सूत्रों ने बताया कि सेना का अभ्यास गुरुवार को समाप्त हुआ। भारतीय सेना की बैटल एक्स डिवीजन की एक इकाई के 50 से भी ज्यादा सैनिकों ने इसमें हिस्सा लिया। इस अभ्यास में करीब 10 रोबोटिक डॉग्स को शामिल किया गया था। इस दौरान रोबोटिक डॉग ने दुश्मन को खोजने, हथियार ले जाने, कैमरे से दुश्मन का ठिकाना बताने सहित विषम परिस्थितियों में सैनिकों की मदद करने का ट्रायल दिया। ये रोबोटिक डॉग किसी भी ऊंचे पहाड़ से लेकर पानी की गहराई तक जाकर काम करने में सक्षम हैं। इन्हें 10 किलोमीटर दूर बैठकर भी ऑपरेट किया जा सकता है। एक घंटे चार्ज करने के बाद ये लगातार 10 घंटे तक काम कर सकते हैं। इसके अलावा ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सहायता और परिवहन में सुधार के लिए लॉजिस्टिक्स ड्रोन का परीक्षण किया जा रहा है।

रोबोटिक डॉग्स थर्मल कैमरों और रडार से लैस हैं। इसकी सबसे बड़ी खासियत इसकी डिजाइन है। यह बर्फ, रेगिस्तान, ऊबड़-खाबड़ जमीन, ऊंची सीढ़ियों यहां तक कि पहाड़ी इलाकों में हर बाधा को पार करने में सक्षम बनाता है। रोबोटिक डॉग जवानों को किसी भी नुकसान से बचाते हुए दुश्मन के ठिकानों पर गोलीबारी करने में भी सक्षम है। म्यूल डॉग एक मीटर से 10 किलोमीटर की रेंज तक ऑपरेट किया जा सकता है। वाई-फाई या लांग टर्म इवोल्यूशन यानी एलटीई पर भी इस्तेमाल किया जा सकता है। छोटी दूरी के लिए वाई-फाई का उपयोग किया जा सकता है, जबकि 4जी या एलटीई का उपयोग 10 किलोमीटर तक की दूरी के लिए किया जा सकता है। इसमें कैमरा लगा होता है जो 360 डिग्री तक घूम सकेगा। रोबोटिक डॉग्स सेंसर्स के माध्यम से काम करते हैं। इनमें एक रिमोट कंट्रोल यूनिट होती है, जिससे इनको मॉनीटर किया जाता है। ये रोबोटिक डॉग्स जरूरी सामान की सेना तक आपूर्ति करेंगे। इन रोबोटिक डॉग्स में हाई रिजॉल्यूशन वाले कैमरे और सेंसर लगे होते हैं, जो छिपे हुए दुश्मन को भी खोज निकालेंगे। रियल टाइम डाटा देंगे। इनके जरिए सेना दुश्मन की हरकतों पर नजर रखेगी।

## कटिहार कोढा गैंग के दो शातिर अंतर जिला झपतामार गिरफ्तार



एजेंसी। सहरसा (हि.स.)

पुलिस अधीक्षक हिमांशु की तेज तर्रार जिला पुलिस ने बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की है, जिसमें उसने कटिहार जिले के कोडा थाना क्षेत्र के चर्चित कोडा गैंग के दो शातिर झपटमार को रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। दोनों शातिर अपराधी बिहार के लगभग एक दर्जन जिलों में सोने की चैन और मोबाइल की झपटमारी की घटना को अंजाम दे चुका है। साथ ही कई जिलों की जेल की भी हवा खा चुका है, जिनकी गिरफ्तारी सहरसा पुलिस की एक बड़ी उपलब्धि मानी जाएगी। गुरुवार को सदर थाना में प्रेस वार्ता आयोजित कर साइबर डीएसपी अजीत कुमार ने बताया कि बीते 6 सितंबर को सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत नया बाजार, वार्ड नंबर 13 निवासी अविनाश कुमार झा की पत्नी सोनी कुमारी से एक बाइक सवार दो अज्ञात अपराधियों द्वारा चलती सड़क पर गले से सोने की चेन झपट ली थी। उनकी शिकायत पर सदर थाना कांड संख्या - 992/24 दर्ज कर जांच की जा रही थी। उन्होंने आगे बताया कि घटना संवेदनशील थी।ऐसे में एसपी के निर्देश पर छापामारी अभियान चलाई जा रही थी। इसी क्रम में गुरुवार को एसपी के निर्देश पर गठित एसआईटी टीम ने तकनीकी अनुसंधान, मानवीय सूचना और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज से घटना में अप्राथमिक के दो अभियुक्त चिन्हित किया था। जो सनी कुमार यादव और आकाश कुमार उर्फ रंगीला थे। वे लोग कटिहार जिले के कोढा थाना क्षेत्र के निवासी थे। सूचना के बाद एसआईटी टीम द्वारा कोढा थाना क्षेत्र जाकर छापामारी की गई थी। जिसमें दोनों अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई थी।उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधी कटिहार जिले के कोढा थाना क्षेत्र के नयाटोला, बेराजगंज निवासी शनि कुमार यादव और उक्त गांव के ही आकाश कुमार उर्फ रंगीला थे।गिरफ्तार अपराधकर्मी से लूटी गई एक सोने की चेन, सोने की एक अंगूठी और घटना में उपयोग किए गए पांच मोबाइल जब्त किए गए थे।उन्होंने आगे बताया कि छापामारी टीम में सदर थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार, सदर थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक मनीष कुमार, पूनम कुमारी,अविनाश कुमार,गुंजन कुमार के अलावे जिला आसूचना इकाई के कर्मी और सदर थाना पुलिस बल मौजूद थे।

ओडीएम सफायर को 78 रन से हराया

## आरडीसीए अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट में डीपीएस ने जीत दर्ज की


नवयम 51 रन


श्रेयांश 4/38


नैतिक 4/24

**रांची।** रांची जिला क्रिकेट एसोसिएशन (आरडीसीए) अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन धुर्वा स्थित ग्राउंड शाखा में खेला गया। टूर्नामेंट डीपीएस बनाम ओडीएम सफायर के बीच हुआ। डीपीएस की टीम ने 31.1 ओवर में 10 विकेट खोकर 203 रन बनाया। इस दौरान नव्यम बिरथरे - 51, सारांश जैन - 27 और आरव मुंजाल ने - 27 रन बनाया। वहीं गेंदबाजी करते हुए श्रेयश श्री ने 4 ओवर में 38 रन और नैतिक कुमार ने 4 ओवर में 24 रन दिया। वहीं, ओडीएम सफायर ने 27.3 ओवर में 10 विकेट पर 125 रन बनाया। इस दौरान सूरज सिंह - 29 व अर्पित नारायण ओझा ने 30 रन बनाये। गेंदबाजी करते हुए सात्विक अनीश ने 2 ओवर में 24 रन, कृषभ प्रभात ने 2 ओवर में 29 व सारांश जैन ने 2 ओवर में 7 रन दिया। डीपीएस ने 78 रन से जीत दर्ज की।

रांची जिला क्रिकेट एसोसिएशन अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट

## गुरु नानक स्कूल ने 52 रन से जीत हासिल की


मनवीर-63


अमन 5/19

**रांची।** रांची जिला क्रिकेट एसोसिएशन (आरडीसीए)अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन धुर्वा स्थित नेहरू स्टेडियम में खेला गया। टूर्नामेंट गुरु नानक स्कूल बनाम बागवार अकादमी के बीच हुआ। गुरु नानक स्कूल ने 26.1 ओवर में 10 विकेट खोकर 170 रन बनाया। मनवीर ने 63 व काशिफ ने 35 रन बनाया। गौरव ने चार ओवर में 14 रन दिया। जबकि सिवा और शिवम ने 2-2 विकेट लिए। बागवार अकादमी ने 19.3 ओवर में 10 विकेट खोकर 118 रन बनाया। गौरव ने 29 रन बनाये। वहीं अमन ने पांच ओवर में 19 दिया। रोहित, अंकुश और आशीष ने 1-1 विकेट लिए। गुरु नानक स्कूल ने 52 रन से जीत दर्ज की।

## एथलेटिक्स और साइक्लिंग की टीम रांची लौटी, डीजीपी से मिली



**रांची।** अखिल भारतीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता के एथलेटिक्स और साइक्लिंग स्पर्धा में भाग लेकर झारखण्ड पुलिस की टीम रांची लौटी। इस दौरान पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने टीम कप्तान और प्रशिक्षकों से की मुलाकात। डीजीपी ने खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन की सराहना की।

## मानसिक और शारीरिक तरोताजगी अच्छे प्रदर्शन करने की कुंजी है : पोंटिंग

**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी रिकी पोंटिंग ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जैसी उच्च-दांव वाली श्रृंखला की तैयारी की चुनौतियों पर विचार किया, अत्यधिक मैच अभ्यास पर मानसिक स्पष्टता पर जोर दिया और कहा कि श्रृंखला में प्रदर्शन करना "यह सुनिश्चित करने के बारे में अधिक होगा कि आप मानसिक और शारीरिक रूप से अच्छे और तरोताजा हैं। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू शो में कहा,"तैयारी हमेशा सही तरीके से करना मुश्किल होता है क्योंकि मैंने ट्रैविस हेड जैसे लोगों को अतीत में देखा है।

# कप्तानी जिम्मेदारी है, यह कोई टाइटल नहीं : जसप्रीत बुमराह

## हम ऑस्ट्रेलिया की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों और आगामी श्रृंखला के लिए तैयार

एजेंसी

**पर्थ।** भारत के कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह ने भरोसा जताया है कि भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों और आगामी श्रृंखला के लिए पूरी तरह तैयार है। भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला 3-0 से गंवाकर ऑस्ट्रेलिया पहुंची है। 30 वर्षीय तेज गेंदबाज ने सुनिश्चित किया कि भारत ने 24 वर्षों में पहली घरेलू टेस्ट सीरीज़ वाइटवॉश से सीख ली है और याद दिलाया कि दोनों सीरीज़ में खेलने की परिस्थितियाँ अलग-अलग हैं। बुमराह ने शुक्रवार को शुरुआती टेस्ट से पहले संवाददाताओं से कहा, "जब आप जीतते हैं, तो आप शून्य से शुरू करते हैं, लेकिन जब आप हारते हैं, तो भी आप शून्य से शुरू करते हैं। हम भारत से कोई बोझ नहीं उठा रहे हैं। हां, हमने न्यूजीलैंड सीरीज़ से कुछ सीखा है, लेकिन वे अलग परिस्थितियाँ थीं और हमारे परिणाम यहाँ अलग रहे हैं। बुमराह पर्थ में टॉस के लिए उतरेंगे, क्योंकि कप्तान रोहित शर्मा ने निजी कारणों से सीरीज के पहले मैच से बाहर रहने का फैसला किया है।

मैदान पर शारीरिक रूप से मौजूद न होने के बावजूद, कप्तानी पर फैसला लेते समय रोहित को शामिल किया गया। रोहित की अनुपस्थिति और अंगूठे में चोट लगने के बाद शुभमन गिल के बारे में फैसला अभी नहीं लिया गया है, ऐसे में मेहमान टीम की प्लेइंग इलेवन कई लोगों के लिए चर्चा का विषय बनी हुई है। शुरुआती टेस्ट से एक दिन पहले बुमराह ने खुलासा किया कि प्लेइंग इलेवन को अंतिम रूप दे दिया गया है, लेकिन उन्होंने इस बारे में कुछ भी नहीं बताया। बुमराह ने कहा, "मैंने रोहित से बात की। जब मैं यहां आया, तो कोच और प्रबंधन ने मुझे स्पष्ट कर दिया कि मैं कप्तानी करूंगा। हमने इसे अंतिम रूप दे दिया है, आपको कल (प्लेइंग इलेवन) पता चल जाएगा। हमें खेलने वाले प्रत्येक खिलाड़ी पर पूरा भरोसा है। पर्थ टेस्ट की पिच पर उछाल और गति की उम्मीद है, इसलिए बल्लेबाजों को रन बनाने के लिए अपनी क्षमता बढ़ानी होगी। भारत के पास वाका पर शॉर्ट-लेंथ गेंदों के खतरे से निपटने के लिए अपनी तैयारियों को मजबूत करने के लिए पर्याप्त समय था। इंट्रा-स्क्वाड मैच सिमुलेशन के दौरान, भारतीय बल्लेबाजों को इस तरह के खतरे के लिए तैयार करने के लिए विशेष रूप से अभ्यास तैयार किए गए थे। बुमराह ने कहा, "हमें वाका में वह समय मिला। इनमें से बहुत से खिलाड़ी पहली बार आ रहे हैं। कूकाबुरा गेंद अलग है। यहाँ उम्मीद से कहीं ज़्यादा उछाल है। इन सभी चीज़ों के लिए हमारे पास समय था। यह दौरा कई खिलाड़ियों के लिए एक निर्णायक क्षण होगा।



### कोई भी व्यक्ति अनुभव के साथ पैदा नहीं होता

उन्होंने कहा, "मैं उन्हें यही संदेश देना चाहूँगा कि मैं आत्मविश्वास में विश्वास करता हूँ। सभी ने बहुत क्रिकेट खेला है। अगर किसी दिन आपको लगता है कि आप काफी अच्छे हैं, तो आप प्रभाव डाल सकते हैं, चाहे आपने कितने भी टेस्ट खेले हों। यह इस बात पर निर्भर करता है कि आपके अंदर क्या चल रहा है। उन्होंने कहा, "जब मैं पहली बार यहां आया था, तो मुझे खुद पर पूरा भरोसा था। मैं प्रभाव डालना चाहता था। मैंने खुद को देखा। यही संदेश मैं देता हूं। कोई भी व्यक्ति अनुभव के साथ पैदा नहीं होता। आप इसे खेलकर अर्जित करते हैं। अगर आपको खुद पर विश्वास है, तो यही सबसे ज्यादा मायने रखता है।

## भारतीय महिला हॉकी टीम की प्रत्येक खिलाड़ी को 10-10 लाख रुपये देगी बिहार सरकार

एजेंसी



**पटना।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने बुधवार को बिहार के राजगीर हॉकी स्टेडियम में फाइनल में चीन पर 1-0 की जीत के साथ महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 का खिताब जीत लिया। इस जीत के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विजेता टीम की हर खिलाड़ी और कोच को 10-10 लाख रुपये देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "राजगीर के राज्य खेल अकादमी एवं बिहार खेल विश्वविद्यालय-सह-राज्य खेल परिसर में आयोजित एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी में भारत की जीत पर बधाई एवं शुभकामनाएं। बिहार में पहली बार आयोजित एशियाई महिला हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी में भारत ने फाइनल मुकाबले में चीन पर 1-0 से जीत दर्ज कर इतिहास रच दिया है, जो पूरे देश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि यह जीत भारतीय टीम की कड़ी मेहनत, ऊर्जा और धैर्य के साथ ही दृढ़ संकल्प को दर्शाती है। उन्होंने भारतीय महिला हॉकी टीम को भविष्य के लिए भी शुभकामनाएं दीं। सीएम नीतीश कुमार ने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में खिलाड़ियों को पुरस्कृत करने की घोषणा की। उन्होंने लिखा, "राज्य सरकार विजेता टीम के सभी सदस्यों एवं टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह को 10-10 लाख रुपये नकद राशि से पुरस्कृत करेगी। टीम के बाकी सपोर्ट स्टाफ को भी पांच-पांच लाख रुपये की नकद राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी विजेता टीम को बधाई और शुभकामना देते हुए खिलाड़ियों और कोच को पुरस्कृत करने की घोषणा पर मुख्यमंत्री का आभार जताया है। उन्होंने कहा, "इससे खेल के प्रति महिला खिलाड़ियों का मनोबल काफी बढ़ेगा। मैं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इस निर्णय के लिए कोटिश आभार-धन्यवाद प्रकट करता हूं।

## अंतर स्कूल अंडर 16 टूर्नामेंट 27 से

**रांची।** रांची जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर स्कूल अंडर 16 टूर्नामेंट 27 नवंबर से शुरू होने जा रहा है। टूर्नामेंट में कुल 28 स्कूलों ने भाग लिया है। उसी के तहत स्कूलों के गेम शिक्षकों की मीटिंग जिला संघ के कार्यालय (जे. एस.सी.ए स्टेडियम) में आयोजित की गई एवं लॉटरी के आधार पर स्कूलों को 4 ग्रुपों में बांट दिया गया। प्रत्येक स्कूलों की टीमों को 6 मैच लीग में खेलने का मौका मिलेगा। प्रत्येक ग्रुप से 2 टीम नॉकआउट में जाएगी।

## अजय झा बने मलखंब फेडरेशन ऑफ इंडिया के कोषाध्यक्ष

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन के महासचिव अजय झा को सत्र 2024-2028 के लिए मलखंब फेडरेशन ऑफ इंडिया के कोषाध्यक्ष बनाया गया है। श्री झा इससे पूर्व मलखंब फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव रह चुके हैं। श्री झा झारखंड राज्य के पहले व्यक्ति हैं जिनको ये दोनों पद पर विराजमान हुए हैं। वर्तमान में श्री झा तैंतीस वर्षों से बंगीय सांस्कृतिक परिषद उच्च विद्यालय, सेक्टर-2,धुर्वा,राँची (अल्पसंख्यक विद्यालय) में शारीरिक शिक्षा शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। श्री झा झारखंड राज्य के सभी कोटि के विद्यालय में वरीय शारीरिक शिक्षा शिक्षक के रूप में 33 वर्षों से नियमित शिक्षण कार्य के अलावा मलखंब, कबड्डी, खो-खो, योग, क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, स्कावश, आत्या-पात्या, एथलेटिक्स एवं अन्य खेलों में हजारो खिलाड़ियों को निःशुल्क प्रशिक्षण देकर राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय, खेलों इंडिया, नेशनल गेम्स में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करवायें हैं।

श्री झा को कोषाध्यक्ष बनने पर झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश सिंह जग्गू , बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय सचिव सजल बनर्जी, अखिलेश्वर उपाध्याय, चन्द्र कान्त लाल, आशुतोष द्विवेदी, जिला खेल पदाधिकारी, राँची शिवेंद्र कुमार, आशीष बनर्जी, विवेक कुमार, सुभाष गांगुली, संजय कुमार, कौशल कुमार, श्रीकांत कुमार, सहजाद कुरैशी ने बधाई एवं शुभकामनाए दी है। 17 नवम्बर को विलासपुर, छत्तीसगढ में मलखंब फेडरेशन ऑफ इंडिया की वार्षिक बैठक में सर्वसम्मति चुनाव के उपरांत चार वर्षों (2024-2028) के लिए मलखंब फेडरेशन ऑफ इंडिया की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जो इस प्रकार हैः- अध्यक्ष - सोनू गहलौत (उज्जैन, मध्यप्रदेश) , उपाध्यक्ष - विनय तेंदुलकर पूर्व राज्यसभा सांसद (गोवा) , संगीता चौकसी (गुजरात), प्रशांत मिश्रा (उत्तरप्रदेश),जय चंद्रन (केरल) ,प्रवीण मिश्रा (बिहार), महासचिव - डॉ राज कुमार शर्मा (छत्तीसगढ) , कोषाध्यक्ष - अजय झा (झारखंड) , संयुक्त सचिव - शशि बाला (दिल्ली) , राजेन्द्र कुमार (हिमाचल प्रदेश) , रमेश ओली (उत्तराखंड) , राजेन्द्र शर्मा(चंडीगढ़), संजय कुमार (दिल्ली) बनाए गए। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पांच एथलेटिक द्रोणाचार्य पुरस्कार और अर्जुन पुरस्कार प्राप्त योगेश मालवीय, गणेश देवरूखकर ,हिमानी परब, सागर ओवलेकर, सरिता पोयाम सम्मिलित किए गए हैं।

## पूर्वी क्षेत्र अंतर विवि पुरुष हॉकी प्रतियोगिता शुरू

नवीन मेल संवाददाता

- रांची विश्वविद्यालय ने उत्कल को हराया



**रांची ।** रांची विश्वविद्यालय पुरुष हॉकी टीम ने पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय पुरुषों की प्रतियोगिता के अपने पहले मैच में उत्कल विश्वविद्यालय को चार एक से पराजित कर अपना विजय अभियान की शुरूआत की। रांची विश्वविद्यालय में खेल के 15 मिनट में गोल कर टीम का खाता खोला व गोल कप्तान जोसेफ टोपनो ने किया। उसके बाद 29 मिनट में उत्कल विश्वविद्यालय के कप्तान संदीप ने गोलकर टीम को बराबरी पर ला खड़ा किया। इसके 1 मिनट बाद एक बार फिर कप्तान जोसेफ टोपनो ने गोल कर फिर से टीम के लिए कर टीम को दो एक की बढ़त दिला दिया। खेल के 56 वें मिनट में संदीप ने एक और गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी की और टीम को तीन एक से बढ़त हासिल कर दी। इसके 1 मिनट बाद मुकेश टोपनो ने एक गोल कर टीम को चार एक से आगे कर दिया जो अंत तक कायम रही। प्रतियोगिता संबलपुर विश्वविद्यालय के तत्वाधान में आयोजित की जा रही है।

## डीएवी नेशनल खेलकूद प्रतियोगिता दो से



नवीन मेल संवाददाता

- खिलाड़ियों को किया जा रहा है प्रशिक्षित

**रांची।** डीएवी गांधीनगर में डीएवी नेशनल खेल कूद प्रतियोगिता जो दिल्ली में 2 से 4 दिसम्बर तक आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए डीएवी झारखंड जोन का कंडिशनिंग तथा कमबीनेशनिग कैम्प 20 से 24 नवम्बर तक लगाया जा रहा है। विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार झा ने बताया कि इस तरह के एक्टीविटी से बच्चों का कन्सन्ट्रेशन लेवल बढ़ता है और शरीर में आराम महसुस होता है। इन प्रशिक्षणार्थियों को डीएवी के विभिन्न विद्यालयों के खेल प्रशिक्षक खिलाड़ियों को प्रशिक्षित कर रहे हैं। ताकि दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय डीएवी प्रतियोगिता में झारखंड का नाम रौशन हों सकें।

## चाइना मास्टर्स : सिंधु, अनुपमा दूसरे दौर के मैच हारकर बाहर

**शेन्ज़ेन (चीन)।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और अनुपमा उपाध्याय गुरुवार को यहां अपने-अपने दूसरे दौर के मैच हारकर चल रहे चाइना मास्टर्स से जल्दी बाहर हो गईं। सिंधु मुकाबले में सिंगापुर की यो जिया मिन से 16-21, 21-17, 21-23 से हार गईं।

## कोहली पर ऑस्ट्रेलिया में खेलने का दबाव भारत की तुलना में कम होगा : मार्क वॉ

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मार्क वॉ ने कहा कि विराट कोहली पर ऑस्ट्रेलिया में खेलने का दबाव भारत की तुलना में कम होगा, क्योंकि दाएं हाथ के इस बल्लेबाज को ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियां पसंद हैं और उनका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रिकॉर्ड शानदार है। कोहली खराब फॉर्म के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया पहुंचे। उन्होंने अपनी दस हालिया टेस्ट पारियों में 20.62 की औसत से रन बनाए, जो ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट में उनके 54.08 के औसत और उनके कुल करियर औसत 47.83 से काफी कम है। लेकिन ऑस्ट्रेलिया में अपने कुछ ऐतिहासिक शतक लगाने और 2018/19 में भारत को यहां 2-1 से सीरीज जिताने के बाद, 22 नवंबर से पर्थ स्टेडियम में शुरू होने वाली आगामी पांच मैचों की सीरीज में उनसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद है।



## राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए टीम नागालैंड रवाना



**रांची।** एसजीएफआई सेपकटकरा राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए झारखंड टीम अंडर-19 गर्ल्स कोहिमा नागालैंड के लिए रवाना हुई। रवाना होने से पहले टीम कोच कौशल्या कुमारी, मैनेजर अभिषेक यादव के साथ सभी खिलाड़ी निधि रानी कुमारी, सुहानी कुमारी, रूपा कुमारी, सोनी मरांडी और अनामिका उरांव एक साथ दिखे।



## भारतीय एमएसएमई सेक्टर ने 15 महीने में सृजित किए 10 करोड़ रोजगार के अवसर



**नई दिल्ली।** सरकारी पोर्टल उद्यम के मुताबिक, भारतीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) द्वारा देश में बीते 15 महीनों में 10 करोड़ के करीब रोजगार के अवसर सृजित किए गए हैं। आंकड़ों के मुताबिक, पंजीकृत एमएसएमई की संख्या पिछले साल अगस्त में 2.33 करोड़ थी, जो अब बढ़कर 5.49 करोड़ हो गई है, जबकि इस अवधि के दौरान इन उद्यमों में नौकरियों की संख्या 13.15 करोड़ से बढ़कर 23.14 करोड़ हो गई है। कुल रोजागार में उद्यम सर्टिफिकेशन के माध्यम से सरकार के पास पंजीकृत 2.38 करोड़ आनौपचारिक सूक्ष्म यूनिट्स द्वारा 2.84 करोड़ रोजगार के अवसर पैदा किए गए हैं। वहीं, महिलाओं के लिए 5.23 करोड़ रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। कुल पंजीकृत उद्यमों में से 5.41 करोड़ सूक्ष्म उद्यम, 7.27 लाख लघु उद्यम और 68,682 मध्यम उद्यम शामिल है।

# सिग्नेचर ग्लोबल 10,000 करोड़ रुपये के बिक्री बुकिंग टारगेट को कर सकती है पार

## मजबूत डिमांड का मिलेगा फायदा

एजेंसी

**मुंबई ।** रियल एस्टेट कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल लिमिटेड के चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि गुरुग्राम प्रॉपर्टी मार्केट में मजबूत आवासीय मांग के मद्देनजर कंपनी 10,000 करोड़ रुपये के बिक्री बुकिंग टार्गेट को पार कर सकती है। अग्रवाल ने इंटरव्यू में बताया कि कंपनी ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में 5,900 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग हासिल की है। उन्होंने कहा, ''हमने चालू वित्त वर्ष के लिए 10,000 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग अनुमान लगाया है। हम इतना बड़ा लक्ष्य रखने वाले कुछ ही लिस्टेड रियल एस्टेट डेवलपर्स में से हैं।



### गुरुग्राम मार्केट में अच्छी उपस्थिति

कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में 7,270 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग दर्ज की थी। सिग्नेचर ग्लोबल की गुरुग्राम बाजार में अच्छी उपस्थिति है। अग्रवाल ने कहा कि कंपनी गुरुग्राम बाजार में जमीन खरीदने के प्रस्तावों पर गौर करने के साथ ही नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे प्रॉपर्टी मार्केट्स में प्रवेश करने की भी संभावना तलाश रही है। कंपनी ने जुलाई-सितंबर तिमाही में 4.15 करोड़ रुपये का समेकित शुद्ध लाभ दर्ज किया था। जबकि पिछले वर्ष समान अवधि में उसे 19.92 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। इस अवधि में कुल आय भी सालाना आधार पर 121.16 करोड़ रुपये से बढ़कर 777.42 करोड़ रुपये हो गई।

**टारगेट से ज्यादा परफॉर्म करने की उम्मीद :** पहले छह महीनों में मजबूत परफॉर्मेंस को देखते हुए उन्होंने कहा, ''हमें अपने एनुअल टार्गेट से अधिक प्राप्त करने की पूरी उम्मीद है।'' उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही (अक्टूबर 2024 से मार्च 2025) के लिए कई बड़ी परियोजनाएं प्रक्रियाधीन हैं। नई और मौजूदा परियोजनाओं के दम पर लक्ष्य को आसानी से हासिल करने में मदद मिलेगी। वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-सितंबर अवधि में सिग्नेचर ग्लोबल की बिक्री बुकिंग तीन गुना होकर 5,900 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 1,860 करोड़ रुपये थी।

अदाणी समूह ने कहा- सभी आरोप निराधार

## अमेरिका में गौतम व सागर अदाणी पर लगा रिश्वत देने का आरोप

- कंपनी ने कहा, हर संभव कानूनी सहारा लिया जाएगा
- ग्रुप की कंपनियां के मार्केट कैप में भारी गिरावट

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रुप के अध्यक्ष गौतम अदाणी, उनके भतीजे सागर अदाणी और एक अन्य के खिलाफ अमेरिकी अदालत में रिश्वतखोरी का आरोप लगने के बाद घरेलू शेयर बाजार में ग्रुप की लिस्टेड कंपनियों के शेयर में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। इस गिरावट के कारण ग्रुप की कंपनियां के मार्केट कैप में एक झटके में 2.25 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आ गई। खुद गौतम अदाणी के नेटवर्थ में भी 12.1 अरब डॉलर की कमी आ गई। इधर, चौतरफा हमलों से घिरे अदाणी समूह ने इस मामले पर आधिकारिक बयान जारी किया है। अदाणी समूह का कहना है कि अदाणी ग्रीन के निदेशकों के विरुद्ध लगाए गए सभी आरोप निराधार हैं। समूह के प्रवक्ता ने यूएस डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस और यूएस सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन द्वारा अदाणी ग्रीन के निदेशकों के खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों को आधारहीन बताते हुए खारिज कर दिया है। अदाणी समूह के प्रवक्ता का कहना है, अदानी ग्रीन के निदेशकों के खिलाफ अमेरिकी न्याय विभाग और अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग द्वारा लगाए गए आरोप निराधार हैं।

# एसटीएफ ने धुरकी कनहर तटीय बालू घाटों का किया औचक निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी।** अवैध बालू खनन व परिवहन पर रोक लगाने के लिए स्पेशल टास्क फोर्स की टीम ने गुरुवार को प्रखंड के कनहर तटीय प्रतिबंधित बालू घाटों का निरीक्षण किया। स्पेशल टास्क फोर्स का नेतृत्व कर रहे बंशीधरनगर अनुमंडल के एसडीएम प्रभाकर ने सुबह अंबाखोरया पंचायत अंतर्गत परास पानीकला गांव स्थित कनहर तटीय बालू घाट पर निरीक्षण करने पहुंचे थे। एसडीएम के साथ डीएमओ राजेंद्र उरांव, एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, वन क्षेत्र अधिकारी प्रमोद कुमार के साथ थे। अधिकारियों का वाहन का काफिला बालू घाट की तरफ जाते देख कर अवैध रूप से बालू का कारोबार व खनन परिवहन और डंप करने वाले लोगों मे हड़कंप मच गया। टास्क फोर्स टीम में शामिल एसडीएम और एसडीपीओ ने अवैध तरिके से बालू का उठाव और खनन करने की तस्वीर देखकर चिंता जाहिर की। उन्होने स्वीकार की कि यहां से बड़े पैमाने पर बालू का अवैध खनन दिन और रात दोनों समय किया जाता है। सामो घाट पर ट्रैक्टर के अलावा जेसीबी मशीन से बड़े-छोटे हाइवा और टीपर वाहनों से परिवहन करने का अवशेष मिला है। सामो घाट के अगल-बगल सुरक्षित वन क्षेत्रों में बालू का अवैध डंप भी किया गया है। सुरक्षित वनों का दोहन करते हुए अलग-अलग कई अवैध रास्ते भी बनाए गए हैं।

## गैर कानूनी धंधे में शामिल लोगों पर कार्रवाई होगी : एसडीएम

एसडीएम ने कहा कि उन्हें इसकी सूचना पहले से मिल रही थी कि कनहर तटीय सामो बालू घाट से अवैध खनन परिवहन और सुरक्षित वन क्षेत्रो में अवैध बालू डंप किया जा रहा है। एसडीएम ने कहा कि जो गैर कानूनी धंधे में शामिल हैं उन पर विभागीय कार्रवाई की जायेगी। जिला खनन अधिकारी राजेंद्र उरांव ने कहा कि सामो घाट से बालू का खनन और परिवहन किया जा रहा है। एसडीपीओ सत्येंद्रनरायण सिंह ने कहा कि बालू का अवैध परिवहन कर जंगल में पेड़ों की कटाई कर रास्ता बनाया गया है। संलिप्त सभी लोगों पर कार्रवाई होगी। इस दौरान अंचल अधिकारी जुल्फिकार अंसारी, थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार, खनन निरीक्षक बीपी महतो, फॉरेस्टर प्रमोद कुमार, एएसआई शैलेंद्र कुमार सहित पुलिस कर्मी वन कर्मी शामिल थे।

## सड़क का निर्माण कार्य अधूरे रहने से ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के देवरी खुर्द पंचायत के बनकट मोड़ से देवरी खुर्द मिडिल स्कूल तक राज्य समपोषित योजना अंतगर्त बनने वाली पीसीसी सड़क योजना के अधूरे रहने से ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। चार माह पूर्व उक्त सड़क का शिलान्यास किया गया था। बनकट गांव निवासी व ग्रामीण घूरा प्रसाद पाल ने बताया कि उक्त सड़क के निर्माण में काफी अनियमितता बरती जा रही है। इस संबंध में उन्होंने पलामू डीसी व ग्रामीण विकास के कार्यपालक अभियंता से शिकायत करने की बात कही हैं।

## थाना प्रभारी ने सड़क सुरक्षा को लेकर की अपील

**चिनियां।** थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं को लेकर चिनियां थाना प्रभारी अमित कुमार ने सोमवार को क्षेत्र की जनता से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण सड़कों पर अतिक्रमण, तेज रफ्तार से वाहन चलाना और यातायात नियमों की अनदेखी शामिल है।

## अभियंता ने ऊर्जा मित्रों के साथ की बैठक, दिया निर्देश



● **बिजली बिल वसूली पर जोर**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जोरी पावर हाउस में गुरुवार को बिजली विभाग के अभियंता हरिमोहन चौधरी की अध्यक्षता में ऊर्जा मित्रों की बैठक हुई। अभियंता ने ऊर्जा मित्रों को कहा कि मुख्यालय से लेकर गांवों तक समय से और सही से बिजली बिल उपलब्ध कराएं। इसके बाद उपभोक्ताओं से बिजली बिल जमा करवाएं। साथ ही उन्होंने बिजली उपभोक्ताओं से आग्रह किय कि मीटर अवश्य लगवाएं। ऊर्जा मित्रों को विद्युत संबंधित कार्य को समय से करने का निर्देश दिया। इसके अलावा क्षेत्र में नियमित विद्युत आपूर्ति हेतु ऊर्जा मित्रों को कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक में जेई प्रेम दास, सुपरवाइजर पिंटू कुमार, ऊर्जा मित्र मो. जाहिद, महफूज अंसारी, रविंद्र कुमार, राकेश कुमार यादव, पंकज पासवान, प्रगुण कुमार, पवन मिस्त्री, राजू मिस्त्री सहित हंटरगंज, कुंदा, प्रतापपुर तीनों प्रखण्ड के ऊर्जा मित्र और विद्युत कर्मी उपस्थित थे।

## विद्यालय संचालक ने गुमशुदा बच्चे को परिजनों को सौंपा

**मेदिनीनगर।** ब्राइट स्टार विद्यालय बैरिया के संचालक मनीष कुमार तिवारी ने मानवता का परिचय देते हुए एक भटकते हुए बच्चे को उसके परिजनों को सौंपा। जानकारी के अनुसार, विद्यालय के वैन चालक को यह बच्चा कजरी में मिला था। बच्चा अपना नाम पीयूष सिंह और पिता का नाम उदय सिंह बता रहा था। वैन चालक और संचालक ने मिलकर बच्चे के परिजनों का पता लगाने की कोशिश की, लेकिन जब कुछ पता नहीं चला, तो वे उसे सदर थाना ले गए। जांच के बाद पता चला कि वह बच्चा भंडरिया का रहने वाला है और एक निजी विद्यालय के हॉस्टल में रहकर मेदिनीनगर में पढ़ाई कर रहा है।

## अब तक शुरू नहीं हो पाया वेंडर जोन का निर्माण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में फुटपाथ विक्रेताओं के लिए बड़ा तालाब के पास प्रस्तावित वेंडर जोन का निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो पाया है। इस वेंडर जोन में 100 लोगों के बैठने, सामान रखने और शौचालय जैसी सुविधाएं मुहैया कराई जानी थीं। इसका उद्देश्य फुटपाथ विक्रेताओं को व्यवस्थित और स्थायी स्थान उपलब्ध कराना था।

**2.81 करोड़ की परियोजना अधर में :** वेंडर जोन का निर्माण 2.81 करोड़ रुपये की लागत से नवजीवन कंस्ट्रक्शन कंपनी को करना है। इस परियोजना का कार्य आदेश सितंबर में जारी किया गया था। लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। कंस्ट्रक्शन कंपनी ने भूमि पर अतिक्रमण को इसकी मुख्य वजह बताया है।

नगर निगम ने अतिक्रमण हटाने के प्रयास शुरू किए हैं। निगम के असिस्टेंट इंजीनियर सुधीर प्रसाद ने बताया कि प्रस्तावित निर्माण स्थल पर कई लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। जब तक यह अतिक्रमण नहीं हटता, निर्माण कार्य शुरू करना संभव नहीं है।

**फुटपाथ विक्रेताओं की समस्याएं जारी :** मेदिनीनगर में निगम बनने के बाद भी फुटपाथ विक्रेताओं के लिए कोई स्थायी जगह नहीं है, जहां वे अपनी वस्तुएं बेच सकें। मजबूरी में विक्रेता बाजार और सड़कों पर अतिक्रमण कर सब्जी, फल और अन्य सामान बेचते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है।

## कृषि तकनीकी सूचना केंद्र से चना बीज की चोरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** कृषि तकनीकी सूचना केंद्र कार्यालय हुसैनाबाद में किसानों के बीच वितरण करने के लिए रखे गए चना बीज की चोरी हो गई है। इस संबंध में केंद्र के सहायक तकनीकी प्रबंधक जय गोविंद यादव ने हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। सहायक तकनीकी प्रबंधक जय गोविंद यादव ने हुसैनाबाद थाना को दिए आवेदन में कहा है कि वह 20 नवंबर की शाम करीब 5 बजे अपने कर्मियों के साथ कार्यालय बंद कर अपने घर चले गए थे। 21 नवंबर की सुबह जब कर्मियों के साथ कार्यालय आकर ताला खोलने पर देखा की खिड़की टूटी हुई है। साथ ही कार्यालय का एक दरवाजा भी टूटा है। कार्यालय में रखे गए चना बीज का



अवलोकन करने पर पता चला कि कार्यकालय में रखे गए चना बीज गायब है। कुल 11 क्विंटल 40 किलो चना बीज नहीं मिला। जिसकी कीमत एक लाख आठ हजार आठ सौ सत्तर रुपए होती है। उन्होंने थाना प्रभारी से मामले की जांच कर अज्ञात चोरों का पता लगाने का आग्रह किया है।थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने कहा कि आवेदन के आधार पर इस मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है।

## एक साल से बिजली गायब, ग्रामीणों ने उपायुक्त से लगाई गुहार

**नवीन मेल संवाददाता**

**गारू (लातेहार)।** लातेहार जिले के गारू प्रखंड स्थित रुद गांव के लोग पिछले एक साल से बिजली की समस्या से जूझ रहे हैं। 11 हजार वोल्ट की लाइन में फॉल्ट के कारण पूरे गांव में बिजली आपूर्ति ठप है। इससे ग्रामीणों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता से गुहार लगाई कि गांव में जल्द से जल्द बिजली सेवा बहाल कराई जाए। गांव के ग्राम प्रधान कमल कांत उरांव, पूर्व जीप सदस्य सुखदेव उरांव का कहना है कि सीमाखास से रुद गांव तक बिजली का पोल व तार तो लगाए गए हैं, लेकिन तार में फॉल्ट के कारण रुद गांव अंधेरे में डूबा हुआ है। ग्रामीणों ने राजू उरांव, किसुन उरांव ने बताया कि बिजली की कमी के कारण बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। शाम के समय अंधेरे में बच्चों को पढ़ाई करना मुश्किल हो गया है। इसके अलावा मोबाइल चार्जिंग, पानी की उपलब्धता और अन्य दैनिक जरूरतें पूरी नहीं हो पा रही हैं। उन्होंने कहा कि कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन सिर्फ आश्वासन मिला। अब तक बिजली की समस्या का समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही रुद गांव में बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई, तो वह आंदोलन करने को मजबूर होंगे। गारू प्रखंड के सुरकुमी, हेनार, कुजरूम समेत अन्य इलाकों में भी बिजली नहीं है। मारोमार में भी बिजली की स्थिति खराब है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से अपील की है कि इस बिजली की समस्या को गंभीरता से लिया जाए और जल्द ही बिजली की समस्या से समाधान किया जाए।

### एक नजर

## पुलिस ने अवैध शराब भट्ठी ध्वस्त किया

**हरिहरगंज।** पिपरा थाना पुलिस ने गुरुवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत टंडवा जगदीशपुर गांव में चल रहे अवैध शराब भट्ठी को ध्वस्त किया है। साथ ही प्लास्टिक ड्रम में रखा करीब एक क्विंटल जावा महुआ को उसी स्थान पर नष्ट कर दिया। एसआई नकुल शर्मा ने बताया अवैध शराब के विरूद्ध पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। अवैध शराब की धंधा करने वाले लोग इस गैर कानूनी धंधा को छोड़कर अच्छा जीवने का प्रयास करें। छापामारी अभियान में एसआई नकुल शर्मा व पुलिस जवान शामिल थे।

## मार्ग शीर्ष मास में होता है श्री सीताराम विवाह महोत्सव

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** मार्गशीर्ष मास (अगहन) में श्री विष्णु भगवान के कई स्वरुपों की पूजन करने का विधान हैं। विद्वान ज्योतिषाचार्य पंडित कुंडल तिवारी इस मास की महत्ता और विशेषता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रथम दिवस से सतयुग की प्रारंभता की मान्यता से स्नान, ध्यान, पूजा पाठ उत्तम माना जाता है। ब्रह्ममुहूर्त में स्नान पूरे मास करने का विशेष महत्व है। इसी मास में की कृष्ण पक्ष की एकादशी देवी के रुप में प्रगट हुई थी। जो उत्पन्ना एकादशी नाम से प्रसिद्ध हैं। इस मास की शुक्ल पक्ष एकादशी को मोक्षदायनी एकादशी पड़ती है। शुक्ल पक्ष पंचमी को श्री सीताराम विवाह महोत्सव भी होता है। साथ ही दत्तात्रेय जी की जयंती भी मनाई जाती है। इस मास में श्रीमदभागवद



गीता का उदगम हुआ था। जिससे इस मास में गीता का पाठ करना काफी फलदायी माना गया है। इसी मास में चन्द्रमा के अमृतपान करने से अमृतमयी किरणें धरती पर बिखेरती है। भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह का दिन सप्त ऋषियों की सलाह से हिमवान जी ने निश्चित किया था। श्री विष्णु भगवान की कई स्वरुपों में पूजा पाठ, ध्यान करनें का काफी फल प्राप्त होता हैं।

## डीडीयू रेल मंडल के पेंशनरों के लिए लाइफ सर्टिफिकेट वितरण कैंप कल तक

### फेस आइडेंटिफिकेशन के लिए नई तकनीक से बनेगा डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट

▶ **गया डेहरी-ऑन सोन व सासाराम में लगा है कैंप**

नवीन मेल संवाददाता

मोहम्मदगंज। पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल (डीडीयू मंडल) से सेवानिवृत रेल कर्मचारियों के डिजीटल लाईफ सर्टिफिकेट (डीएलसी) को लेकर गया, सासाराम और डेहरी-ऑन-सोन स्टेशन पर 21 से 23 नवंबर तक कैंप का आयोजन किया जा रहा है। डीडीयू मंडल की ओर से इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई है। इसे संबंधित वाट्सएप ग्रुप में साझा किया गया है।

इसमें बताया गया है कि इस रेल मंडल की ओर से डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान 3.0 का आयोजन किया जा रहा है। इस विधि से पेंशनभोगियों को एंड्रॉइड स्मार्ट फोन पर आधार से जुड़े पहचान के माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की सुविधा मिलती है। इससे पहले पेंशनभोगियों को इसके लिए पेंशन वितरण संबंधित कार्यालयों के पास जाना पड़ता था। बता दें कि सोननगर-गढवा रोड रेलखंड के मोहम्मदगंज सहित 13 स्टेशन डीडीयू मंडल से संबद्ध हैं। इस क्षेत्र में भी सैकड़ों की तादाद में सेवानिवृत्त रेलवे पेंशनधारी हैं।

## आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच गर्म वस्त्र का वितरण



**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत हुसैनाबाद के कुम्हार टोली आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को गर्म वस्त्र बाल विकास परियोजना कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराया गया। बच्चों के बीच पूर्व वार्ड पार्षद सुहैल आलम व आंगनबाड़ी सेविका दमयंती देवी ने संयुक्त रूप से किया। वितरण के मौके पर सुहैल आलम ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र में आने वाले अधिकतर बच्चे गरीब परिवार से आते हैं। सरकार ने इन्हें गर्म वस्त्र उपलब्ध करा कर सराहनीय कार्य किया है। गर्म वस्त्र मिलने से बच्चे सुबह सुबह ठंड के मौसम में भी आंगनबाड़ी केंद्र आसानी से आ सकेंगे। इस मौके पर आंगनबाड़ी सहायिका गुड़िया देवी के अलावा अन्य लोग मौजूद थे।

## मतगणना को लेकर कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित जिले के सिमरिया और चतरा विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने के बाद जिला प्रशासन मतगणना के तैयारी में लग गया है। वोटों की मतगणना चतरा कॉलेज चतरा में होना है। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारी की जा रही है। मतगणना के कार्य के सफल संचालन हेतु गुरुवार को जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण हॉल चतरा में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर ईवीएम, वीवीपैट मशीन को विहित प्रक्रिया के तहत तथा संबंधित कंट्रोल यूनिट, बैलेट पेपर, साविधिक, असाविधिक पैकेट को निर्धारित बक्सा में सीलिंग किये जाने के लिए विधानसभावार प्रतिनियुक्ति पदाधिकारियों व पर्यवेक्षकों, कर्मियों को मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

उक्त प्रशिक्षण 10 बजे पूर्वाह्न से 1 बजे अपराह्न तक सभी संबंधित को दिया गया। इस प्रशिक्षण भवन में 2 बजे से मतगणना के लिए मतगणना स्थल पर मतगणना संबंधी कार्य और अन्य मतगणना संबंधी विभिन्न कार्य किये जाने के लिए प्रतिनियुक्त मतगणना पदाधिकार, पर्यवेक्षक व कर्मियों को मतगणना से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया।

## ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर ने फायरिंग अभ्यास का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एनसीसी की 44वीं बटालियन द्वारा आयोजित कैंप के छठे दिन कैडेट्स को विभिन्न प्रकार की ड्रिल और अभ्यास सिखाए गए। इसके अलावा, उन्हें फायरिंग का प्रशिक्षण भी दिया गया। यह एनसीसी कैंप मेदिनीनगर के एक निजी इंटर कॉलेज में आयोजित किया गया है, जिसमें पलामू, गढ़वा और लातेहार के विभिन्न विद्यालयों से 185 कैडेट्स भाग ले रहे हैं। इनमें 33 लड़कियां भी शामिल हैं। गुरुवार को रांची से पहुंचे ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर आरके सिंह ने कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने फायरिंग अभ्यास का निरीक्षण करने के बाद कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि 'एक नागरिक के लिए हमेशा राष्ट्र प्रथम होना चाहिए।' एनसीसी युवाओं को कर्तव्य, अनुशासन और नैतिक मूल्यों की भावना से प्रेरित कर उनके सर्वांगीण विकास के लिए अवसर प्रदान करता है। यह युवाओं में साहस, नेतृत्व, भाईचारे, धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण, और खेल भावना जैसे गुणों का विकास करता है।

**एनसीसी के उद्देश्य और प्रशिक्षण :** एनसीसी बटालियन के सीओ कवरदीप सहानी ने बताया कि एनसीसी न केवल कैडेट्स को टीम वर्क और सामुदायिक सहभागिता सिखाती है, बल्कि उनके व्यक्तित्व को निखारने और सैन्य प्रशिक्षण प्रदान करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

**25 नवंबर को होगा समापन :** यह कैंप 25 नवंबर को समाप्त होगा। इस दौरान कैडेट्स को अनुशासन और साहसिक गतिविधियों के साथ-साथ देशभक्ति और सामाजिक सेवा की भावना का पाठ पढ़ाया जा रहा है।

## कार से 30 पेटी शराब बरामद मालिक और चालक पर प्राथमिकी दर्ज

**नवीन मेल संवाददात**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना के दंगवार ओपी प्रभारी सोनू कुमार गुप्ता ने अवैध शराब से भरे कार से 30 पेटी टनाका शराब व कार बरामद किया है। ओपी प्रभारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि ग्राम देवरी कला से एक सफेद रंग की कार में अवैध देशी शराब लेकर दंगवार के रास्ते होते बिहार जाने के लिए निकली है। सूचना का सत्यापन व आवश्यक कार्रवाई करने के लिए वरीय पदाधिकारी को सूचित कर सशस्त्र बल के साथ ओपी से जपला की ओर प्रस्थान किया। जैसे ही ग्राम नदियाइन के पास पहुंचा




तो, देखा कि उक्त गाड़ी सड़क के किनारे खड़ी है। वाहन की जांच व सत्यापन के क्रम में पाया कि वाहन का गेट पीछे का डिक्की लॉक नहीं है। इसके बाद दो स्वतंत्र साक्षी के समक्ष उक्त वाहन में लदे कार्टून की गिनती करने पर अवैध शराब की 30 कार्टून बरामद किया गया। एक कार्टून को खोलकर देखने पर 25 पारदर्शी प्लास्टिक के बोतल में टनाका देशी शराब 300 एमएल लिखा पाया गया। एक कार्टून में 300 एमएल का 25 पीस अर्थात 30 कार्टून में देशी टनाका शराब को वाहन सहित जब्त कर दंगवार ओपी में सुरक्षार्थ रखा गया है। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना में कार के मालिक, चालक व अन्य अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है। छापेमारी दल में खुद दंगवार ओपी प्रभारी सोनू कुमार गुप्ता व सशस्त्र बल हुसैनाबाद थाना शामिल थी।

## हम पार्टी ने कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया

**मेदिनीनगर।** गुरुवार को रेड़मा स्थित ठाकुरबाड़ी में हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा पलामू प्रमंडल की एकदिवसीय कार्यकर्ता समीक्षा बैठक सह मिलन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें बंगाल प्रदेश अध्यक्ष सतदुरू राय मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष आशुतोष कुमार तिवारी ने कहा कि हम पार्टी के विचार को जन-जन तक पहुंचाना है और कमेटी विस्तार पर जोर दिया। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई, जिसमें एनडीए से चुनाव जीतने वाले प्रत्याशियों को शुभकामनाएं दिया।

## पेज एक के शेष

### डेमोक्रेसी फर्स्ट,मैनिटी...

जिन्हें मेरे साथ हुई मुलाकातें याद हैं। उस समय की मेरी यात्रा कई यादों से भरी हुई है। प्रधानमंत्री ने कैरेबियाई देश की संसद को संबोधित करते हुए समृद्ध लोकतांत्रिक परंपरा पर बल दिया। उन्होंने कहा, आज विश्व के सामने आगे बढ़ने का सबसे मजबूत मंत्र है डेमोक्रेसी फर्स्ट, मैनिटी फर्स्ट। डेमोक्रेसी फर्स्ट की भावना हमें सिखाती है कि सबको साथ लेकर चलो, सबको साथ लेकर सबके विकास में सहभागी बनो। मैनिटी फर्स्ट की भावना हमारे निर्णयों की दिशा तय करती है। जब मैनिटी फर्स्ट को निर्णयों का आधार बनाते हैं तो नतीजे भी मानवता के हित करने वाले ही होते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत विश्वबंधु के रूप में विश्व के प्रति अपना कर्तव्य निभा रहा है। दुनिया के किसी भी देश में कोई भी संकट हो, हमारा ईमानदार प्रयास होता है कि हम अपनी जिम्मेदारी मानकर वहां पहुंचे। उन्होंने कहा, दुनिया के लिए यह समय टकराव का नहीं, टकराव पैदा करने वाली परिस्थितियों को पहचान कर उनको दूर करने का है। हम कभी भी विस्तारवाद की भावना से आगे नहीं बढ़े। हम संसाधन पर कब्जे की और उसे हड़पने की भावना से हमेशा दूर रहे हैं। आज भारत हर तरह से वैश्विक विकास और शांति के पक्ष में खड़ा है। इसी भावना के साथ आज भारत ह्यग्लोबल साउथह्ण की भी आवाज बना है। दोनों देशों की ऐतिहासिक समानता की जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई के दौरान गुयाना और भारत में कई लोगों ने अपना जीवन समर्पित किया। गुयाना में लोकतंत्र को मजबूत करना हर कदम पर दुनिया के विकास में योगदान दे रहा है। लोकतंत्र को मजबूत करने के साथ-साथ हमें वैश्विक स्थितियों पर भी लगातार नजर रखनी चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि जब भारत और गुयाना को आजादी मिली, तो दुनिया को अलग-अलग चुनौतियों का सामना करना पड़ा। आज 21वीं सदी की चुनौतियां बिल्कुल अलग हैं। उन्होंने कहा, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद स्थापित प्रणालियां और संगठन चरमरा रहे हैं। आज हम आतंकवाद, मादक पदार्थों की तस्करी और साइबर अपराध सहित कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर भविष्य को आकार देने के लिए हमें इन मुद्दों का डटकर सामना करना होगा। इसे केवल ह्यडेमोक्रेसी फर्स्ट,मैनिटी फर्स्ट को प्राथमिकता देकर ही हासिल किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे लोकतांत्रिक मूल्य विकास के पथ पर चलते हुए हर उत्थान और पतन में हमारा सहारा बनते हैं। एक समावेशी समाज के निर्माण में लोकतंत्र से बड़ा कोई साधन नहीं है। लोकतंत्र उनके अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है और उज्ज्वल भविष्य की गारंटी देता है। हमने दिखाया है कि लोकतंत्र हमारे डीएनए और आचरण में है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज





CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

### भारतीय प्रधानमंत्री को दो राष्ट्रों ने अपने सर्वोच्च सम्मान से किया सम्मानित

# मोदी गुयाना के 'द ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस' से अलंकृत

एजेंसी

**जॉर्जटाउन (गुयाना) (हि.स.)।** भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यहां दो राष्ट्रों ने अपने सर्वोच्च सम्मान से अलंकृत किया। प्रधानमंत्री मोदी को गुयाना ने अपने सर्वोच्च सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस ऑफ गुयाना' और डोमिनिका ने 'डोमिनिका अवॉर्ड ऑफ ऑनर' प्रदान किया। प्रधानमंत्री मोदी यहां कैरिकॉम शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने इनको भारत के लोगों को समर्पित करते हुए एक्स हैंडल पोस्ट पर खुशी और दोनों देशों का आभार जताते हुए यादगार पलों के फोटो भी साझा किए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लिखा, 'मुझे गुयाना का सर्वोच्च सम्मान, 'द ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस' प्रदान करने के लिए राष्ट्रपति डॉ. इरफान अली को तहे दिल से धन्यवाद। ये भारत की 140 करोड़ जनता की पहचान है।' उन्होंने दूसरी पोस्ट में लिखा, 'मुझे 'डोमिनिका अवॉर्ड ऑफ ऑनर' प्रदान करने के लिए डोमिनिका के राष्ट्रपति सिल्वेनी बर्टन का आभार। यह सम्मान मेरी भारत की बहनों और भाइयों को समर्पित है। यह हमारे देशों के बीच अटूट बंधन का भी परिचायक है। नई दिल्ली में आधिकारिक रूप से जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुयाना के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होने वाले चौथे विदेशी नेता हैं।

यह पुरस्कार गुयाना के स्टेट हाउस में आयोजित समारोह में गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफान अली ने प्रधानमंत्री मोदी को उनकी दूरदर्शी प्रतिभा के लिए प्रदान किया। यह सम्मान प्रधानमंत्री मोदी को वैश्विक मंच पर विकासशील देशों के अधिकारों की वकालत करने, वैश्विक समुदाय की असाधारण सेवा और भारत-गुयाना संबंधों को मजबूत करने की उनकी प्रतिबद्धता के लिए प्रदान किया गया। पुरस्कार स्वीकार करते समय प्रधानमंत्री मोदी ने इस सम्मान को भारत के लोगों और दोनों देशों के लोगों के बीच गहरे ऐतिहासिक संबंधों को समर्पित किया।

'डोमिनिका अवॉर्ड ऑफ ऑनर' से डोमिनिका ने नवाजा



### त्रिनिदाद व टोबैगो के यूपीआई अपनाने पर जताई खुशी

इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी की त्रिनिदाद एवं टोबैगो के प्रधानमंत्री डॉ कीथ रोवले से मुलाकात हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, 'त्रिनिदाद एवं टोबैगो के प्रधानमंत्री डॉ कीथ रोवले के साथ बहुत उपयोगी बैठक हुई। हमने इस बारे में बात की कि हमारे देशों के बीच व्यापार संबंधों में विविधता कैसे लाई जाए। यह बेहद खुशी की बात है कि त्रिनिदाद और टोबैगो ने यूपीआई को अपनाया है। कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित एमओयू पर हस्ताक्षर भी एक स्वागत योग्य कदम है।

*__एक्स पर लिखा,__ त्रिनिदाद एवं टोबैगो के प्रधानमंत्री डॉ कीथ रोवले के साथ बहुत उपयोगी बैठक हुई*

### सूरीनाम से दोस्ती मजबूत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यहां सूरीनाम के राष्ट्रपति चान संतोखी से भी भेंट हुई है। प्रधानमंत्री ने एक्स हैंडल पर इस मुलाकात के बारे में लिखा, 'जॉर्जटाउन में सूरीनाम के राष्ट्रपति चान संतोखी से मुलाकात की। हमने व्यापार, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, टेलीमेडिसिन और अन्य क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। भारत सूरीनाम में विकास संबंधी विभिन्न पहलों का समर्थन करता रहेगा।

### रूजवेल्ट ने छुआ मोदी का दिल

डोमिनिका ने अपने देश का सर्वोच्च पुरस्कार देकर और प्रधानमंत्री मोदी के लिए दिल जीतने वाली बात कहकर सबका ध्यान आकर्षित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स हैंडल पर लिखा, प्रधानमंत्री रूजवेल्ट स्केरिट आपके दयालु शब्दों ने मुझे छू लिया है। गहरी विनम्रता और कृतज्ञता के साथ मैं 'डोमिनिका अवॉर्ड ऑफ ऑनर' स्वीकार करता हूं। हम आने वाले समय में डोमिनिका के साथ मिलकर काम करते रहेंगे।

### *एक्स हैंडल पर प्रधानमंत्री की आवाज से सजी वीडियो क्लिप*

*जॉर्जटाउन (गुयाना) (हि.स.)। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी गुयाना यात्रा के कार्यक्रमों की कुछ खास झलकियां अपनी आवाज में एक वीडियो क्लिप में साझा की हैं। एक्स हैंडल पर प्रस्तुत इस वीडियो क्लिप में प्रधानमंत्री ने अपने मन के उद्गार व्यक्त करते हुए लिखा, 'यहां गुयाना में कार्यक्रमों के मुख्य अंश दिए गए हैं। मुझे विश्वास है कि आने वाले समय में कैरेबियाई देशों के साथ भारत के संबंध और भी मजबूत होंगे।' प्रधानमंत्री मोदी की आवाज से सजी इस वीडियो क्लिप में सांस्कृतिक कार्यक्रमों और उनके सबसे महत्वपूर्ण अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' की झलक भी है।*

वक्फ पर जेपीसी अध्यक्ष बोले

### रिपोर्ट तैयार, विपक्ष को नहीं है स्वीकार




**नई दिल्ली (हि.स.)।** वक्फ संशोधन विधेयक-2024 पर गठित संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल का कहना है कि समिति की रिपोर्ट लगभग तैयार है और इसे समय से सदन को भेजा जाएगा। हालांकि, विपक्ष को इसपर आपत्ति है और समिति का कार्यकाल बढ़ाना चाहता है। संयुक्त संसदीय समिति की गुरुवार को पार्लियामेंट हाउस एनक्सी में बैठक हुई। आज की बैठक में अल्पसंख्यक मंत्रालय से रिपोर्ट पर बिंदुवार टिप्पणियां ली गईं। पत्रकारों से बातचीत में अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा, हमने विधेयक पर विस्तार से चर्चा की है और विभिन्न हित धारकों से विस्तृत टिप्पणियां ली हैं। हमारी मौसादा रिपोर्ट तैयार है और सर्वसम्मति के साथ हम इसे सदन को भेजेंगे। विपक्ष के अलग रुख पर पत्रकारों से बातचीत में अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने बताया कि विपक्ष के लोग चाहें, तो लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात कर सकते हैं। समिति के कार्यकाल को लेकर निर्णय लेने का फैसला सदन और लोकसभा अध्यक्ष के पास है।

# भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि के लिए अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का पक्षधर : राजनाथ सिंह

### 11वें आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक को राजनाथ ने किया संबोधित

एजेंसी

**नई दिल्ली (हि.स.)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को लाओ पीडीआर के वियनतियाने में 11वें आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस फोरम को संबोधित किया। बैठक में राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि के लिए नौवहन और उड़ान की स्वतंत्रता, बिना बाधा के वैध वाणिज्य और अंतरराष्ट्रीय कानून के पालन का पक्षधर है। आचार संहिता पर चर्चाओं पर अपने विचार साझा करते हुए उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसी संहिता देखना चाहेगा, जो उन देशों के वैध अधिकारों और हितों को नुकसान न पहुंचाए, जो इन विचार-विमर्शों में पक्ष नहीं हैं। उन्होंने कहा कि संहिता अंतरराष्ट्रीय कानून, विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून 1982 के साथ पूरी तरह से सुसंगत होनी चाहिए। 11वें एडीडीएम-प्लस फोरम में 10 आसियान देश, आठ से अधिक देश और तिमोर लेस्ते शामिल थे। बैठक की अध्यक्षता लाओस के उपप्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री जनरल चांसमोन चान्यालथ ने की। अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के लिए चल रहे संघर्षों और चुनौतियों पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह 'भाग्य' है कि 11वीं एडीएमएम-प्लस लाओ पीडीआर में आयोजित की जा रही है, जिसने अहिंसा और शांति के बौद्ध सिद्धांतों को आत्मसात किया है। उनका मानना था कि अब समय आ गया है कि शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के बौद्ध सिद्धांतों को सभी द्वारा और अधिक निकटता से अपनाया जाए, क्योंकि दुनिया तेजी से ब्लॉकों और शिविरों में विभाजित हो रही है। इससे स्थापित विश्व व्यवस्था पर तनाव बढ़ रहा है।




राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत हमेशा जटिल अंतरराष्ट्रीय मुद्दों के समाधान के लिए संवाद का पक्षधर रहा है और इसका अभ्यास भी किया है। खुले संवाद और शांतिपूर्ण बातचीत के प्रति यह प्रतिबद्धता सीमा विवादों से लेकर व्यापार समझौतों तक, अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों की एक विस्तृत शृंखला के प्रति भारत के दृष्टिकोण में स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि खुला संवाद विश्वास, समझ और सहयोग को बढ़ावा देता है तथा स्थायी साझेदारी की नींव रखता है। संवाद की शक्ति हमेशा प्रभावी साबित हुई है, जिसके ठोस परिणाम मिले हैं, जो वैश्विक मंच पर स्थिरता और सद्भाव में योगदान करते हैं। भारत का मानना है कि वैश्विक समस्याओं का वास्तविक, दीर्घकालिक समाधान तभी प्राप्त किया जा सकता है, जब राष्ट्र रचनात्मक रूप से जुड़ें, एक-दूसरे के दृष्टिकोण का सम्मान करें और सहयोग की भावना से साझा लक्ष्यों की दिशा में काम करें। 21वीं सदी को 'एशियाई सदी' बताते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि विशेष रूप से आसियान क्षेत्र हमेशा से आर्थिक रूप से गतिशील रहा है और व्यापार, वाणिज्य और सांस्कृतिक गतिविधियों से भरा रहा है।

### रक्षा मंत्री अमेरिकी समकक्ष से मिले, जेट इंजन पर बढ़ सकती है बात

**नई दिल्ली (हि.स.)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को लाओ पीडीआर के वियनतियाने में 11वीं आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक (एडीएमएम)-प्लस के दौरान अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड जे ऑस्टिन से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने परिचालन समन्वय, सूचना-साझाकरण और औद्योगिक नवाचार में वृद्धि के आधार पर भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी से हासिल की गई प्रगति की सराहना की। दोनों पक्षों ने जेट इंजन, युद्ध सामग्री और ग्राउंड मोबिलिटी सिस्टम के लिए प्राथमिकता वाले सह-उत्पादन व्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए चल रहे सहयोग सहित अमेरिका-भारत रक्षा औद्योगिक सहयोग रोडमैप के तहत की गई उल्लेखनीय प्रगति को मान्यता दी। बैठक में राजनाथ सिंह ने अगस्त 2024 में अमेरिका की अपनी हाल की सफल यात्रा को याद किया, जिसमें दो महत्वपूर्ण दस्तावेजों, आपूर्ति सुरक्षा समझौता (एसओएसए) और संपर्क अधिकारियों की तैनाती के बारे में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए थे। दोनों पक्षों ने स्वतंत्र और मुक्त हिंद-प्रशांत को बनाए रखने के लिए सैन्य साझेदारी और अंतर-संचालन को सुदृढ़ करने के लिए चल रहे प्रयासों का स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में 21 सितंबर, 2024 को आयोजित सफल क्वाड शिखर सम्मेलन की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए राजनाथ सिंह ने दोनों पक्षों को सहमत परिणामों पर एक साथ काम करने की आवश्यकता पर बल दिया।

### लगातार 10वें साल लंदन चुना गया दुनिया का सर्वश्रेष्ठ शहर

**लंदन (आईएएनएस)।** लंदन को लगातार 10वें साल दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शहरों की वार्षिक रैंकिंग में बेस्ट सिटी चुना गया। ब्रिटिश राजधानी ने न्यूयॉर्क, पेरिस और टोक्यो को पीछे छोड़ते हुए टॉप स्पॉट बरकरार रखा। रियल एस्टेट, पर्यटन और आर्थिक विकास में ग्लोबल एडवाइजर, रेजोनेंस द्वारा संकलित रैंकिंग, 1 मिलियन से अधिक आबादी वाले शहरों का मूल्यांकन करती है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, लंदन का दबदबा रैंकिंग में हमेशा रहा है। भले ही मूल्यांकन मानदंड हर साल बदलते रहते हैं। रैंकिंग लंदन की ग्लोबल अपील को दर्शाती है।

### बाइडेन ने यूक्रेन के 4.7 बिलियन डॉलर ऋण को किया माफ

**वाशिंगटन (आईएएनएस)।** बाइडेन प्रशासन ने यूक्रेन को दिए लगभग 4.7 अरब डॉलर के अमेरिकी कर्ज को माफ करने का फैसला किया है। यूक्रेन को लंबी दूरी की मिसाइलों के इस्तेमाल की अनुमति देने के बाद कीव के लिए अमेरिका राष्ट्रपति का यह एक और बड़ा कदम है।



राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अधिकारियों को 20 जनवरी को पद छोड़ने से पहले यूक्रेन को यथासंभव सहायता पहुंचाने का आदेश दिया है। यह आदेश इस चिंता के बीच दिया गया कि डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति का पदभार संभालने के बाद अमेरिकी समर्थन को सीमित कर सकते हैं।

### गाजा में युद्धविराम की मांग वाले यूएन प्रस्ताव पर अमेरिका का वीटो

**रामल्लाह (आईएएनएस)।** फिलिस्तीनी राष्ट्रपति ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के उस प्रस्ताव पर वीटो लगाने के लिए अमेरिका की निंदा की है, जिसमें युद्ध विराम और गाजा पट्टी में इजरायली आक्रमण को समाप्त करने का आह्वान किया गया था। अमेरिका ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के उस मसौदा प्रस्ताव पर वीटो लगा दिया, जिसमें गाजा में तत्काल युद्ध विराम की मांग की गई थी। आधिकारिक फिलिस्तीनी समाचार एजेंसी वाफा द्वारा प्रकाशित एक वक्तव्य के अनुसार राष्ट्रपति कार्यालय ने बुधवार को कहा कि अमेरिका ने चौथी बार अपने वीटो का इस्तेमाल किया।

## एजुकेशन/करियर

# नीट में कम नंबर के बावजूद बना सकते हैं मेडिकल में करियर



*नीट के लिए उपस्थित होते हैं जो मेडिकल ग्रेजुएट कार्यक्रम में प्रवेश का मुख्य रास्ता है। नीट यूजी 2024 परीक्षा में कम अंक मिलने से उन उम्मीदवारों को कठिनाई हो सकती है जो डॉक्टर बनना चाहते हैं। हालांकि बेहतर तैयारी के बावजूद, कई छात्रों को प्रतिस्पर्धा के कठिन स्तर के कारण नीट में कम अंक मिलते हैं। नीट में कम अंक आने पर उम्मीद खो देना करियर की समस्या का हल नहीं है क्योंकि सिर्फ एक नीट परीक्षा परिणाम छात्रों के भविष्य का फैसला नहीं कर सकता। हालांकि, उम्मीदवारों को नीट में कम अंक हासिल करने के बाद अन्य उपलब्ध विकल्पों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। यहां जानिए ऐसे कुछ ही करियर ऑप्शन के बारे में।*

- **नीट में मिले कम अंक तो ना हों निराश, फिर दे सकते हैं एग्जाम :** अगर आप नीट यूजी एग्जाम में कामयाब नहीं हो पाए हैं, तो निराश होने की जरूरत नहीं है। आपके पास और भी बहुत सारे रास्ते हैं। आप नीट यूजी एग्जाम को फिर से दे सकते हैं। अच्छी तैयारी और एग्जाम पैटर्न को दोबारा समझकर बहुत से छात्र अपने अंकों में सुधार करते हैं।
- **एमबीबीएस या बीडीएस के अलावा भी हैं विकल्प :** अगर आप एमबीबीएस या बीडीएस में दाखिला नहीं ले पा रहे हैं, तो चिंता न करें। बीएससी नर्सिंग, बी फार्मा जैसे दूसरे मेडिकल कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं।
- **मेडिकल से जुड़े टेक्नोलॉजी कोर्स :** हेल्थकेयर के क्षेत्र में कई तरह के करियर ऑप्शन मौजूद हैं। आप मेडिकल इमेजिंग टेक्नोलॉजी, ऑप्टोमेट्री, मेडिकल रिकॉर्ड साइंस, ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजी जैसे कोर्स भी कर सकते हैं।
- **मेडिकल रिसर्च में करियर :** अगर आपको रिसर्च या पढ़ाई-लिखाई का शौक है, तो आप बायोमेडिकल साइंसेज या उससे जुड़े क्षेत्रों में बैचलर डिग्री ले सकते हैं। इससे आपको रिसर्च, फार्मास्यूटिकल्स, या शिक्षा के क्षेत्र में करियर बनाने में मदद मिल सकती है।
- **12वीं के बाद हेल्थकेयर डिप्लोमा :** बारहवीं के बाद आप हेल्थकेयर से जुड़े कई डिप्लोमा कोर्स भी कर सकते हैं, जैसे कि मेडिकल लैबोरेटरी टेक्नोलॉजी, रेडियोग्राफी, नर्सिंग असिस्टेंट।



### दूसरी फील्ड का रास्ता अपनाएं

## नीट के अलावा भी हैं कई प्रवेश परीक्षाएं

अगर आपकी रुचि किसी और क्षेत्र में है, तो आप उस क्षेत्र के प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, अगर आपको इंजीनियरिंग में दिलचस्पी है, तो आप जी मेन, बीआईटीएसएटी, या राज्य स्तरीय इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कर सकते हैं। मेडिकल के अलावा भी आपके पास करियर के कई रास्ते खुले हैं। आप अपनी रूचि के अनुसार इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, कंप्यूटर साइंस या किसी अन्य क्षेत्र में जा सकते हैं।

**स्किल डेवलपमेंट कोर्स :** आप अपनी रुचि और योग्यता के अनुसार कौशल विकास कार्यक्रम या बिजनेस पाठ्यक्रमों में भी दाखिला ले सकते हैं। ये कोर्स आपको प्रैक्टिकल स्किल सिखाएंगे और आपको नौकरी के लिए तैयार करेंगे।

